आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० =
7764978689/+919625958256

दैनिक
# शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 167 • नई दिल्ली, रविवार 24 सितम्बर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737



3 लैंगिक संवेदीकरण तथा घरेलू हिंसा विषयों पर एक दिवसीय...

## महिला आरक्षण बिल आज से ही लागू हो: राहुल

एजेंसी। जयपुर

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज राजस्थान कांग्रेस के नए भवन के शिलान्यास के अवसर पर बुलायें कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केन्द्र सरकार पर महिला आरक्षण बिल पर घेरा। राहुल गांधी ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार महिलाओं को आरक्षण देने के लिए बिल पार्लियामेंट में लाई थी और अब जो मोदी सरकार बिल लाई है उस बिल को लागू करने में 10 साल का आगे का समय क्यों दिया गया कांग्रेस चाहती है कि बिल आज से ही लागू कर दिया जाये और ओबीसी वर्ग को भी इसके फायदे के लिए जनगणना कराई जायें। राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया और भारत दोनों नाम संविधान में हैं। भाजपा और कांग्रेस में विचार धारा की लड़ाई है। इंडिया और भारत में कोई झगड़ा नहीं है। ओबीसी महिलाओं के लिए बिल में आरक्षण क्यों नहीं है। महिला आरक्षण का कांग्रेस ने खुलकर समर्थन किया है। ये चाहते हैं कि महिला आरक्षण बिल 10 साल में लागू हो। हम चाहते है बिल आज से ही लागू हो जाए। आज के हिंदुस्तान को 90 लोग चलाते हैं। हिंदुस्तान किस ओर जाएगा ये 90 लोग तय कर रहे हैं। मेरी आवाज दबाने की भरसक कोशिश हुई। उन्होंने कहा जाति जनगणना होनी चाहिए। उन्होने कहा कि देश को यह जानने का हक है कि ओबीसी की आबादी कितनी है जबकि अभी कोई नहीं जानता जाति जनगणना से पता लग जायेगा की किस वर्ग को आरक्षण का कितना लाभ मिलना चाहिए मोदीजी जनगणना कराने से डरते है प्रधानमंत्री जी केवल अडाणी और एक दो अन्य उद्योगपतियों के लिए 24 घंटे काम करते है भाजपा का कार्यकर्ता, सांसद विधायक ऐसा नहीं है जो अपने पद के अनुरूप कुछ कह सके काम केवल प्रधानमंत्री कार्यालय में बैठक मोदी के चहेते अफसर ही कर रहे है। उन्होने अपने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को कहा कि भाजपा से कोई भी कार्यकर्ता डरे नहीं क्योंकि वो सब बब्बर शेर है और भाजपाई कार्यकर्ता सच्चाई सुन नहीं सकते उन्होने गहलोत सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकारे जिन प्रदेशो में है वहां संविधान लोकहित और विकास को गति मिल रही है और कांग्रेस जो वादा करती है उसे पूरा करके दिखाती है गहलोत सरकार के बारे में उन्होने कहा कि पांच साल के कार्यकाल में 21 लाख किसानों का 14 हजार करोड़ कर्ज माफ किया चिंरजीवी योजना, शिक्षा, चिकित्सा, 500 रूपये में गैस सिलेंडर 100 यूनिट फ्री बिली देने के साथ चिंरजीवी योजना की प्रशंसा में तो उन्होने पिछले दिन ही कुलियों से की मुलाकात में एक कुली ने राजस्थान सरकार की चिकित्सा नीति की प्रशंसा की कहानी भी सुना दी। भाजपा के चार उम्मीदवारों का सामना कांग्रेस का एक उम्मीदवार कर रहा है....., महिला विरोधी है मोदी सरकार की सोच खरगे-कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस दौरान कहा कि अकेले बीजेपी से नहीं लड रहे है लोकतंत्र की लड़ाई हम लडने के लिए आप सब कार्यकर्ताओं की दम पर जनता की लड़ाई लड रहे है मगर भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार की कुटनीति के आगे कांग्रेस के एक उम्मीदवार को भाजपा के चार उम्मीदवारों से लडना पड रहा है वे चार उम्मीदवार कौन है का खुलासा खरगे नहीं किया कहा कि एक उनका अपना है, एक ईडी का है, एक सीबीआई का है और एक इनकम टैक्स का है। उन्होंने कहा कि इन सबके खिलाफ हमें जीतना है। इनका जब मन होगा तब सीबीआई या ईडी को छोड़ देंगे। हमारे यहां छापे पड़ते हैं जब भी हमारी बैठकें या सत्र होते हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आज राजस्थान आर्थिक विकास दर में उत्तर भारत में नंबर वन पर आ गया हैं। यह बहुत गर्व की बात है। राजस्थान में गुड गवर्नेंस हुई है...हमारा संकल्प होना चाहिए कि किसी भी कीमत पर इस बार फिर से हमारी सरकार बननी चाहिए तभी देश के लोकतंत्र को गति मिलेगी।



## संक्षिप्त समाचार

### महिला आरक्षण विधेयक संसद में पारित होना सभी दल का सामूहिक प्रयास, इसपर गर्व होना चाहिए : सीजेआई

**नई दिल्ली**। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़ ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के दौरान संसद में गूंजे सभी दलों के प्रयासों पर गर्व होना चाहिए। बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वकील सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित की सीजेआई ने कहा कि ऐसी भावना संविधान के निर्माण के दौरान दिखी थी, जहां दलगत और परस्पर विरोधी विचारधाराओं से ऊपर उठकर सदस्य संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए एक स्वर में एक साथ आए। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि जहां न्यायपालिका कानून के शासन को बरकरार रखती है, वहीं बार एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वकील व्यावसायिक दक्षता और सीमा पार लेनदेन में मदद करते हैं और राष्ट्रीय कल्याण और आर्थिक विकास में योगदान देते हैं। उन्होंने जोर दिया कि अब वकीलों के लिए वैश्विक परिदृश्य में दुनिया भर में पहुंचने का समय आ गया है। सीजेआई ने बताया कि मोदी सरकार ने ई-कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण के लिए 7,000 करोड़ से अधिक का बजट आवंटित किया है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संरचना कार्यपालिका और न्यायपालिका को अलग-अलग छोर पर खड़ा कर सकती है लेकिन दोनों का उद्देश्य एक ही है, राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि। इसके पहले केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने कोरोना महामारी के दौरान दुनिया में सबसे अधिक संख्या में वर्चुअल सुनवाई करने के लिए सुप्रीम कोर्ट की सराहना की थी।





### अवैध कब्जा खाली करने के लिए भारत ने यूएन में फिर लगाई पाक को लताड़

**न्यूयॉर्क**। भारत ने एक बार फिर अवैध कब्जा खाली करने के लिए पाकिस्तान को जमकर लताड़ा है। हालांकि पाकिस्तान ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर का राग अलापा। देश के कार्यवाहक प्रधान मंत्री अनवारुल हक काकड़ द्वारा दिए गए भाषण पर भारत ने जवाब देते हुए पड़ोसी मुल्क को इन तीन मुद्दों को सुधारने की सलाह दी। यूएनजीए की दूसरी समिति के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रथम सचिव, पेटल गहलोत ने कहा कि पाकिस्तान को भारत के कब्जे वाले क्षेत्रों को खाली करना चाहिए और सीमा पार आतंकवाद को रोकना चाहिए। साथ ही पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के खिलाफ मानवाधिकारों का उल्लंघन होने से रोके। भारतीय राजनयिक ने पाकिस्तान को लताड़ते हुए दोहराया कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ लद्दाख भी भारत के अभिन्न अंग हैं। पाकिस्तान को भारत के घरेलू मामलों के बारे में बयान देने का कोई अधिकार नहीं है। पेटल गहलोत ने कहा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित मामले पूरी तरह से भारत के आंतरिक हैं।



### कनाडा में हिंदुओं के अमूल्य योगदान की विपक्षी नेता पोइलिवरे ने की सराहना

**ओटावा**। कनाडा के विपक्षी नेता पोइलिवरे ने हिंदुओं के अमूल्य योगदान की सराहना की है। गौरतलब है कि पियरे पोइलिवरे कनाडा की विपक्षी कंजरवेटिव पार्टी के नेता हैं। एक सर्वे में उन्होंने लोकप्रियता के मामले में पीएम जस्टिन ट्रूडो को पीछे छोड़ दिया है। पोइलिवरे को सर्वे में 40 प्रतिशत लोगों ने प्रधानमंत्री पद के लिए पसंद किया है, जबकि ट्रूडो का केवल 31 प्रतिशत लोगों ने ही समर्थन किया। पोइलिवरे ने भी हिंदुओं पर टिप्पणी की निंदा करते हुए उनके योगदान की सराहना की। गौरतलब है कि खालिस्तानी चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के रिश्तों में तनाव पैदा हो गया है। इसी बीच, कनाडा में हिंदुओं को धमकी देने और उनसे देश छोड़ने के लिए कहने वाला एक वीडियो वायरल हुआ, जिससे माहौल एक बार फिर गरमा गया है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष के साथ ही विपक्षी नेताओं के विरोध का भी सामना करना पड़ रहा है। पोइलिवरे ने कहा कि हिंदुओं ने कनाडा के हर हिस्से में अमूल्य योगदान दिया है। यहां हिंदू समुदाय का हमेशा स्वागत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कनाडा में कोई भी व्यक्ति बिना किसी डर के रह सकता है। दरअसल, भारत में प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख और खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत पन्नू ने एक वीडियो जारी कर भारतीय मूल के हिंदुओं को धमकी दी थी। इसके साथ ही, उनसे देश छोड़ने के लिए भी कहा था।



## शिवशक्ति के स्थान काशी में पूर्वांचल के युवाओं को मिलेगी बड़ी सौगात : पीएम

एजेंसी। वाराणसी

प्रधानमंत्री ने वाराणसी में रखी क्रिकेट 23स्टेडियम की आधारशिला, योगी, सचिन व गावस्कर हुए शामिल



पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने लोकसभा क्षेत्र वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखते हुए कहा कि शिवशक्ति के स्थान काशी में बनने वाले स्टेडियाम से पूर्वांचल के युवाओं को बड़ी सौगात मिलेगी। इससे आधुनिक, विश्व स्तरीय खेल बुनियादी ढांचे को विकसित करने के उनके दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक कदम होगा। इससे पूर्व पीएम मोदी ने शनिवार को कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर लोगों का अभिवादन किया। स्टेडियम के शिलान्यास पर आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ सचिन तेंदुलकर भी मौजूद थे। वहीं सुनील गावस्कर, कपिल देव, रवि शास्त्री, बीसीसीआई सचिव जय शाह और बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला की भी उपस्थिति रही। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मैं एक ऐसे दिन काशी आया हूं, जब चंद्रमा के शिवशक्ति पॉइंट पर भारत के पहुंचने का एक महीना पूरा हो रहा है। एक शिवशक्ति का स्थान चंद्रमा पर है और दूसरा शिवशक्ति का स्थान यहां काशी में है। उन्होंने कहा कि काशी में आज एक इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी गई है। ये स्टेडियम न सिर्फ वाराणसी बल्कि पूर्वांचल के युवाओं के लिए वरदान जैसा होगा। पीएम मोदी ने कहा कि इस स्टेडियम के पूरा होने पर 30,000 से ज्यादा लोग यहां बैठकर मैच देख पाएंगे। जबसे इस स्टेडियम की तस्वीरें बाहर आई है, उन्हें देखकर हर काशीवासी गदगद हो गया है। पीएम मोदी ने कहा कि आज क्रिकेट के जरिए दुनिया भारत से जुड़ रही है। नए नए देश क्रिकेट खेलने के लिए आगे आ रहे हैं। जाहिर है कि आने वाले दिनों में क्रिकेट मैचों की संख्या बढ़ने वाली है। उन्होंने कहा कि जब मैचों की संख्या बढ़ेगी तो नए स्टेडियमों की जरूरत भी पड़ेगी। तब बनारस का ये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम इस डिमांड को पूरा करेगा। ये पूरे पूर्वांचल का चमकता हुआ सितारा बनने वाला है। उन्होंने कहा कि आज जिस स्टेडियम की आधारशिला रखी गई है, ये बस ईंट और कंक्रीट से बना एक मैदान नहीं बल्कि भविष्य के भारत का एक प्रतीक बनेगा। आज से एशियन गेम्स की शुरुआत हो रही है और मैं गेम्स में हिस्सा लेने गए सभी भारतीय खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। मोदी ने दावा किया कि 9 वर्ष पहले की तुलना में इस वर्ष केंद्रीय खेल बजट तीन गुना बढ़ाया गया है। खेलो इंडिया प्रोग्राम के बजट में तो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

गांजरी, राजातालाब में बनने वाला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम लगभग 450 करोड़ रुपये की लागत से 30 एकड़ से अधिक क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार ने भूमि अधिग्रहण पर 121 करोड़ रुपये खर्च किए हैं और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) इस परियोजना पर लगभग 331 करोड़ रुपये खर्च करेगा। स्टेडियम की विषयगत वास्तुकला भगवान शिव से प्रेरणा लेती है, जिसमें अर्धचंद्राकार छत कवर, त्रिशूल के आकार की फ्लडलाइट और घाट सीढ़ियों पर आधारित बैठने की व्यवस्था के साथ स्टेडियम की क्षमता 30,000 दर्शकों के बैठाने की होगी जो लगभग 30 महीने में तैयार होगा।

## वन नेशन वन इलेक्शन कमेटी की पहली बैठक

### कोविंद, शाह और गुलाम नबी मौजूद रहे



एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के जोधपुर ऑफिसर्स हॉस्टल में बैठक हुई। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में कमेटी के 8 मेंबर इसमें शामिल हुए। एक देश, एक चुनाव के लिए केंद्र सरकार की बनाई हाई लेवल कमेटी की शनिवार को पहली बैठक हुई। इसमें फैसला लिया गया कि एक साथ चुनाव के मुद्दे पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के विचार लिए जाएंगे। इस मुद्दे पर सुझाव देने के लिए लॉ कमीशन को भी बुलाया जाएगा। दिल्ली के जोधपुर ऑफिसर्स हॉस्टल में हुई इस बैठक में अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समेत बाकी सदस्य शामिल हुए। पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में 2 सितंबर को बनी इस कमेटी में गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व सांसद गुलाम नबी आजाद समेत 8 मेंबर हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कमेटी के स्पेशल मेंबर बनाए गए हैं।

**क्या है वन नेशन वन इलेक्शन** - भारत में फिलहाल राज्यों के विधानसभा और देश के लोकसभा चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन का मतलब है कि पूरे देश में एक साथ ही लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव हों। यानी मतदाता लोकसभा और राज्य के विधानसभाओं के सदस्यों को चुनने के लिए एक ही दिन, एक ही समय पर या चरणबद्ध तरीके से अपना वोट डालेंगे। आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही होते थे, लेकिन 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं समय से पहले ही भंग कर दी गईं।

## जिला प्रशासन ने किया जनसंवाद का आयोजन



दैनिक शुभ भास्कर । मोतिहारी

अशोक वर्मा जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, मोतिहारी की संयुक्त अध्यक्षता में ढाका प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज झिटकहिया एवं चिरैया प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज बारा जयराम में "जनसंवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिलेभर के सभी पंचायतों में जिला ,अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जन संवाद का मुख्य उद्देश्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों/ प्रखंड समन्वय समिति/ युवा वर्ग/ महिला वर्ग/ सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक रूप से पिछड़े एवं कमजोर वर्गों / दिव्यांगजनों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में आम जनों को जानकारी प्रदान करते हुए इस संबंध में सुझाव एवं प्रतिक्रिया प्राप्त कर उसका निराकरण करना है। उपस्थित आमजनों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की संबंधित पदाधिकारियों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई तथा उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया । जिसमें स्वास्थ्य, आवास योजना, सड़क ,विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, पेंशन योजना, उत्पाद विभाग, मत्स्य, कल्याण विभाग,ग्रामीण कार्य विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग पीएचईडी, बैंकिंग, महिला सुरक्षा आदि मुख्य रूप से शामिल हैं। जिलाधिकारी महोदय ने संबोधित करते हुए कहा " आमजन के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है, योजनाओं का लाभ कुछ लोगों तक ही मिल पा रहा है, तो कुछ को नहीं मिल पा रहा है। इसका मुख्य कारण आमजनों में योजनाओं की जानकारी का अभाव है । उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर आपकी बात पदाधिकारियों /कर्मियों द्वारा नहीं सुने जाने की स्थिति में प्रत्येक शुक्रवार को जनता दरबार में लिखित रूप में अपना आवेदन देकर समस्या का समाधान पा सकते हैं । व्यक्तिगत अथवा सामूहिक समस्याओं से जिला प्रशासन को आप अवगत कराएं, समस्याओं के निदान हेतु जिला प्रशासन आपकी सेवा में सदैव तत्पर है । स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जन-जन तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की सुरक्षा हेतु प्रत्येक थाना में महिला सहायता केंद्र स्थापित किया गया है, 112 नंबर डायल कर आपातकालीन सेवा प्राप्त कर सकते हैं, 12 से 15 मिनट के अंदर आप तक पुलिस सेवा पहुंचेगी । 1930 पर डायल कर साइबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराएं । सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें,हेलमेट पहने । छोटे बच्चों, छात्रों ,युवावर्ग, दिव्यांगजन, महिला, अनुसूचित जाति ,अनुसूचित जनजाति,अति पिछड़ा, अल्पसंख्यक सभी के लिए सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से योजनाएं चलाई जा रही है। इसी क्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा अलग-अलग योजनाओं की जानकारी दी गई। जीविका दीदियों , वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, नल जल, एवं आपदा के स्थिति में सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता आदि के बारे में भी जानकारी दी गई।

### अमेरिकी पूर्व रक्षा विशेषज्ञ की कनाडा को दो टूक

**नई दिल्ली** । खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत पर आरोप लगाकर कनाडा के पीएम जस्टिस ट्रूडो फंसते नजर आ रहे हैं। दरअसल जस्टिन ट्रूडो अपने आरोपों के पक्ष में कोई सबूत पेश नहीं कर पाए हैं, वहीं भारत ने जिस तरह से कनाडा के आरोपों पर कड़ा रुख अख्तियार किया है, उससे खुद कनाडा के प्रधानमंत्री भी हैरान होंगे। अब अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन के एक पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने जस्टिन ट्रूडो की तीखी आलोचना की है और आरोप लगाया है कि ट्रूडो बिना सोचे समझे भारत पर आरोप लगा रहे हैं और इसमें वह फंस गए हैं।

## फ्लोरेन्स नाईटइंगले नर्सिंग केयर एंड रिसर्च सेंटर बल्डीहा जयनगर डॉ0 प्रशांत यादव 35 वा वर्ष जन्मदिन बड़े ही धूम धाम से मनाया

**दैनिक शुभ भास्कर जयनगर /मधुबनी**। फ्लोरेन्स नाईटइंगले नर्सिंग केयर एंड रिसर्च सेंटर बल्डीहा मस्जिद के पास जयनगर। डॉ0 प्रशांत यादव की 35 वर्ष जन्मदिन बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। डॉ0 प्रशांत यादव ने बता की हम अपने जन्मदिन पर पहले भगवान की पूजा अर्चना किया करते हैं और माता पिता का आशीर्वाद लिया करते हैं। ईस खुशी के मौके पर कई आदरणीय लोग एवं समाज के बड़े बूढ़े की आशीर्वाद प्राप्त किया करते हैं। हम अपने परिवार एवं हॉस्पिटल के सभी जन समूह के साथ ईस खुशी के मौके पर खुशियाँ मिल बाट कर एक साथ खुशी मनाते हुए।




जन्मदिन के मौके पर शामिल पूर्व प्रमुख सचिन सिंह, पंचयात समिति मोति यादव, डॉ0 अजय कुमार, शशी कुमार,अभिनाश कुमार, प्रीति कुमारी,मो सदाम, परबीन,एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

सदमा | कुछ ही साल पहले सैनिक पद हवलदार से रिटायर हुए थे

## पूर्व सैनिक वर्षीयअचानक तबीयत बिगड़ जाने के कारण उनकी मौत हो गई

**चंदौली**। सकलडीहा क्षेत्र के सकलडीहा कस्बा निवासी पूर्व सैनिक 50 वर्षीय मुबारक अली अचानक उनकी तबीयत बिगड़ जाने के कारण उनकी मौत हो गई यह बात गांव वाले सुनकर हैरान हो गए की यह क्या हो गया अचानक मौत हो जाने के कारण गांव और परिवार में मातम सा दिख रहा था कुछ ही साल पहले सैनिक पद हवलदार से रिटायर हुए थे देश के लिए 24 साल सर्विस दिए थे और 18 में उनकी रिटायरिंग हुई थी रिटायर होने के बाद वह घर वापस आए घर आने के बाद इनका मन गांव में नहीं लग रहा था फिर इन्होंने बाहर जाने का मन बना लिया और इन्होंने बताया कि मैं गांव में रहकर क्या करूंगा बाहर चलकर कुछ सर्विस करूंगा और परिवार का पालन पोषण भी हो जाएगा फिर कुछ महीने गांव में रहकर बाहर नासिक चले गए कुछ साल वहां रहकर गांव वापस आए वापस आने के बाद कुछ महीने पहले परिवार को लेकर अचानक नासिक चले गए फिर वहीं पर अपनी सर्विस करने लगे इनका बात और व्यवहार गांव में काफी कुशल देखने को मिलता था यह काफी गंभीर दिखते थे अपने चार भाई के बीच में वह तीसरे नंबर पर थे इनका परिवार भी काफी कुशल और व्यावहारिक है इनके चार भाई है पहले स्थान पर अली अहमद जी सैनिक में थे यह भी देश सेवा करते थे यह मेजर सूबेदार के पद पर थे और रिटायर होने के बाद बड़े भाई भी गांव वापस आ गए दूसरे भाई गांव में ही परिवार के साथ रहते हैं इनका भी अपना गांव में एक छोटा सा दुकान है तीसरे नंबर पर सैनिक मुबारक अली थे और यह भी सैनिक पद हवलदार से रिटायरिंग हो चुके थे रिटायरिंग होने के बाद वह गांव आए गांव में कुछ ही महीने रहकर शहर चले गए चौथे नंबर पर सबसे छोटे भाई नूर मोहम्मद थे इन्होंने भी सैनिक पद पर अभी बने हैं इन्होंने बताया कि अभी हमारी रिटायरिंग अगले वर्ष है हम भी कुछ दिन पहले छुट्टी लेकर गांव वापस आए थे कि अचानक हमको यह बात सुनने को मिल गया की हमारे बड़े भाई का मौत हो गई यह बात सुनने के बाद परिवार और गांव वाले सुनकर हैरान हो गए कि अचानक यह बात कहां से सुनने को मिल गया पूर्व सैनिक हवलदार मुबारक अली का बात और व्यवहार गांव में काफी कुशल था यह कुछ दिन पहले नासिक से गांव वापस थे आए थे फोर्स से रिटायरिंग होने के बाद वह रेलवे नासिक शहर में सर्विस करते थे गांव में कुछ भी नहीं रहकर फिर नासिक शहर वापस चले गए थे वहां कुछ दिन पहले परिवार में शादी पड़ा था और परिवार वालों से फोन से हुआ था और उन्होंने बताया कि मैं गांव इस महीने में आऊंगा परिवार वाले को क्या पता कि अचानक तबीयत बिगड़ जाने के कारण उनकी मौत हो जाएगी नासिक शहर से इनका शव लाने के लिए परिवार के लोगों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ी नासिक से शव लाने के बाद गांव बहुत परिवार वालों का काफी दुख देखने को मिला यह पहले सैनिक में हवलदार के पद पर 24 साल देश के लिए दिए थे और रिटायरिंग होने के बाद शहर में रेलवे में सर्विस करते थे परिवार के लोग इसे काफी खुश दिखते थे फोर्स से रिटायरिंग होने के बाद इनको रेलवे में सर्विस मिल गया था उनके परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं फिर भी इनका हौसला बुलंद है पिता का साया छिन जाने के बाद परिवार के लोगों को काफी दिखाते झेलने को मिलती है फिर भी उनके परिवार वाले बच्चों को अपनी पिता के ना रहने से लोग प्यार और दुलार दे रहे हैं।



## ख़ास ख़बर

### पटना में आहूत सामाजिक बैठक में में भाग लिए भाजपा के युवा व कद्दावर नेता रंजीत यादव

**पटना।** शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत होटल मैत्रेय इन बोरिंग रोड, सहदेव महतो मार्ग, पटना में आयोजित की गई बैठक में यादव समाज से आने वाले भाजपा के युवा व प्रचंड नेता भाई रंजीत यादव भी वहां भाग लिया । बैठक का नेतृत्व पूर्व कैबिनेट मंत्री, बिहार सरकार आदरणीय श्री नन्द किशोर यादव जी ,बिहार भाजपा संगठन महामंत्री अभिभावक तुल्य आदरणीय "श्री भीखू भाई दलसानिया जी", माननीय केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री, आदरणीय बड़े भाई "श्री नित्यानंद राय जी",माननीय प्रदेश अध्यक्ष (भाजपा) आदरणीय बड़े भाई "श्री सम्राट चौधरी जी" एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री, बिहार सरकार "श्री राम सूरत राय जी" के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ ।बैठक में शामिल सभी अतिथियों का श्री यादव ने आभार प्रकट किया। सामाजिक बैठक के उपरांत माननीय विधान पार्षद "श्री नवल किशोर यादव जी" को पुस्तक भेंट किया।साथ में पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद श्री राम कृपाल यादव जी , मा० विधायक, नरपतगंज - "श्री जय प्रकाश यादव जी", मा० विधायक, कहलगांव "श्री पवन यादव जी" एवं अतिथिगण मौजूद रहे।

### टीपी कॉलेज के मैथमेटिक्स डिपार्टमेंट में दीक्षारंभ 26 को

**मधेपुरा।** ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के गणित विभाग में शनिवार) को होने वाला दीक्षारंभ (सत्रारंभ) समारोह की तिथि भारी बारिश के कारण बढ़ा दी गई है। अब यह कार्यक्रम 26 सितंबर (मंगलवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे से आयोजित किया जाएगा। विभागाध्यक्ष ले. गुड्डु कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में सभी नामांकित विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है। इसमें विद्यार्थियों को सीबीसीएस पाठ्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा वर्ग तालिका आदि उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन अध्यक्ष, छात्र कल्याण प्रो. (डॉ.) राजकुमार सिंह, अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) कैलाश प्रसाद यादव करेंगे। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के अर्थपाल डॉ. मिथलेश कुमार अरविन्दन तथा विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर होंगे।

### मो. इम्तियाज हत्याकांड के आरोपी राकेश व तनवीर गिरफ्तार, पुलिस कर रही आगे की कार्यवाही



**अररिया।** ग्राम शरणपुर दभड़ा में ताराबाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत 06/09/2023 को हुई घटना के बाद, एक युवक, मो0 इम्तियाज, की मौके पर बर्बर हत्या की गई थी।मृतक के पिता, मो0 सोमताज, ने कांड के बारे में दर्ज किये गए रिपोर्ट में बताया कि इम्तियाज के साथ दो युवक, राकेश मिश्रा और मो0 तनवीर, ने शराब और गांजा के नशे में बैठकर विवाद किया था। इस विवाद के बाद, राकेश मिश्रा ने इम्तियाज को दबिया से मार दी, जबकि मो0 तनवीर ने उसका गला रेत दिया। इसके बाद, उन्होंने इम्तियाज के मोबाइल और पैसे लूट लिए और फिर फरार हो गए। ताराबाड़ी पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए राकेश मिश्रा और मो0 तनवीर को गिरफ्तार किया है और उनके द्वारा किए गए अपराध की स्वीकारोक्ति बयान लिया है। मामले के तहत जवाबी कार्रवाई की जा रही है और ताराबाड़ी पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त दबिया बरामद किया है। इस मामले के अध्ययन के बाद और जानकारी के संग्रहण के बाद, पुलिस कांड के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### "मेरी माटी मेरा देश" आभियान के तहत सीमान्त के प्रत्येक घर से एस एस बी ले रहे चुटकी भर मिट्टी/चावल



**सिकटी।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय के तत्वाधान व श्री महेंद्र प्रताप कमांडेंट, 52 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के निर्देशन में दिनांक 01.09.2023 से 30.09.2023 तक "आजादी का अमृत महोत्सव" विषय के अंतर्गत "मेरी माटी मेरा देश" आभियान के तहत अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।जिसमे सीमान्त के प्रत्येक घर से चुटकी भर मिट्टी/चावल एकत्रित किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 23.09.2023 को उप निरीक्षक बजीर सेन, समवाय प्रभारी आमबाड़ी की अगुवाई में सीमा चौकी सीमाचौकी आमबाड़ी के कर्तव्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव बारामसिया इस्तमार, बलुवा और बरदबट्टा आदि गांवों में कलश यात्रा निकाली गई और प्रत्येक घर से मिट्टी/चावल कलश में एकत्रित की गई। इस कार्यक्रम को स्थानीय लोगों द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जा रहा है तथा बल की सराहना की जा रही है ।

### 1800 ग्राम गांजा के साथ रंगे हाथ एक तस्कर गिरफ्तार




**अररिया।** जिले के दो अलग अलग थाना से एक शराब तस्कर एवम गांजा स्प्लायर को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंआरी ओ0पी0 पुलिस द्वारा एक तस्कर को 1800 ग्राम गांजा के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया तो घूरना ओ0पी0 पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर 330 बोतल प्रत्येक 300 एम एल नेपाली शराब के साथ एक शराब तस्कर को किया गया गिरफ्तार और उसे न्यायिक हिरासत अररिया भेज दिया गया।

प्रधानाचार्यों के साथ कुलपति की पहली बैठक में अनुपस्थित हुए आठ संबद्ध महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों से कारण पूछा

# यह एक अत्यंत ही गंभीर मामला है, जो लापरवाही को दर्शाता हैः कुलसचिव




**मधेपुरा ।** कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय केन्द्रीय पुस्तकालय में आयोजित सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक में अनुपस्थित पाए गए 8 प्रधानाचार्यों/प्रभारी प्रधानाचार्यों से कारणपृच्छा की गई है। कुलसचिव प्रो. (डॉ.) मिहिर कुमार ठाकुर के हस्ताक्षर से पत्र जारी कर कहा गया है कि यह एक अत्यंत ही गंभीर मामला है, जो लापरवाही को दर्शाता है। अतः पत्र प्राप्ति के 03 (तीन) दिनों के अंदर अपना स्पष्टीकरण कुलसचिव कार्यालय में समर्पित करें। उन्होंने बताया कि जिन महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों से कारणपृच्छा की गई है उनमें के. बी. वीमेन्स कॉलेज, मधेपुरा, एस. ए. के. एन. डिग्री कॉलेज, मधेपुरा, बी. एस. आर. के. कॉलेज, सिंहेश्वर, मधेपुरा, देव नन्दनी डिग्री कॉलेज, बखरी- मधेपुरा, राम खेलावन झरीलाल डिग्री कॉलेज, खुरहान-मधेपुरा, ए. एल. वाई. कॉलेज, त्रिवेणीगंज- सुपौल, इवनिंग कॉलेज, सहरसा एवं एल. सी. कॉलेज, पस्तवार-महिषि-सहरसा के प्रधानाचार्य/प्रभारी प्रधानाचार्य शामिल हैं।

**इन सबों को जवाब आने के बाद होगी अग्रेत्तर कार्रवाईः** उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि कारणपृच्छा का जवाब आने के बाद उसे समेकित रूप से कुलपति के समक्ष उपस्थापित किया जाएगा। तदुपरांत आदेशानुसार अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी। बताया कि शुक्रवार को प्रधानाचार्यों के साथ कुलपति की पहली बैठक थी। उस बैठक में कुलपति ने विशेष रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में राजभवन, पटना के आदेशानुसार विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर पर लागू सीबीसीएस पाठ्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर आवश्यक निदेश दिया है। इसके अलावा सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं सीबीसीएस पाठ्यक्रम को केंद्र में रखकर कार्यशाला-सेमिनार आयोजित करने का निदेश दिया गया है।

प्रधानाचार्यों ने किया कुलपति का स्वागत

## रूटीन के अनुरूप नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित किया जाएः कुलपति



**मधेपुरा।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव का स्वागत किया है। कुलपति ने सभी प्रधानाचार्यों को निदेश दिया कि रूटीन के अनुरूप नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित किया जाए। सभी प्रधानाचार्यों ने आशा व्यक्त किया कि इनके मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय, देश के अग्रणी विश्वविद्यालयों के बीच अपना स्थान बनाने में कामयाब होगा। इस अवसर पर अवसर पर ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के प्रो. (डॉ.) कैलाश प्रसाद यादव, पार्वती विज्ञान महाविद्यालय, मधेपुरा के प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार, बीएनएमभी कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा के डॉ. अरविन्द कुमार, आरजेएम कॉलेज, सहरसा के प्रो. (डॉ.) राजीव सिन्हा, एमएलटी कॉलेज, सहरसा के प्रो. (डॉ.) पवन कुमार, एलएमएस कॉलेज, वीरपुर के प्रो. (डॉ.) डी. एन. साह, एचपीएस कॉलेज, निर्मली के प्रो. (डॉ.) उमाशंकर चौधरी, केपी कॉलेज, मुरलीगंज के डॉ. जवाहर पासवान, मधेपुरा कॉलेज, मधेपुरा के डॉ. अशोक कुमार, यूभीके कॉलेज, कड़ामा के डॉ. माधवेन्द्र झा, डॉ. सुमन कुमार झा, डा. उपेन्द्र पंडित, डॉ. अरुण कुमार चौधरी, डॉ. सत्यजीत यादव, डॉ. अमरनाथ चौधरी, डॉ संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

## भूना मंडल विवि के डायरेक्टर ने किया मधेपुरा कॉलेज का इंस्पेक्शन



**मधेपुरा।** विश्वविद्यालय द्वारा जांच एवं निरीक्षण के लिए उच्च शिक्षा विभाग बिहार सरकार द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर अनिल कुमार द्वारा महाविद्यालय पहुंचकर वर्ग कक्ष, शिक्षकों की उपस्थिति पंजी कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया गया।साथ ही वर्ग संचालन एवं रूटिंग को देखकर उन्होंने आश्चर्य प्रकट किया कि इस वर्ष की सबसे भारी वर्षा के दिन भी महाविद्यालय में छात्र-छात्राएं वर्ग में उपस्थित हैं। यह शिक्षा जगत के लिए शुभ संकेत है । लगता है कि महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्रों ने संकल्पित हो लिया है की प्रकृति अपना कार्य करेगी, हम लोग अपना कार्य यथा अध्यापन जारी रखेंगे। डायरेक्टर अनिल कुमार ने वित्तीय शाखा के वित्तीय संबंधी पंजी का भी अवलोकन किया एवं संतोष जाहिर किया। ज्ञात हो कि दिनांक 21 सितंबर 2023 को बिहार सरकार के अंकेक्षण विभाग द्वारा सभी खताओं का एवं कैश बुक का अंकेक्षण किया एवं संतोष प्रकट करते हुए उन्होंने अपनी बेहतर टिप्पणी प्रदान की है। निरीक्षण में सहयोग डॉक्टर भगवान कुमार मिश्रा नेक कोऑर्डिनेटर श्री शाहिद आनंद सचिव परीक्षा नियंत्रण गजेंद्र प्रसाद यादव राजनीति शास्त्र के प्राध्यापक मंटू कुमार सहायक रंजीत कुमार इजहार शहाबुद्दीन आदि ने भरपूर सहयोग किया ।

# महिला आरक्षण बिल के नाम पर धोखा,महिलाओं को एक झुनझुना थमाया गया : मंजर खान



**अररिया।** भारत के संसद में महिला आरक्षण बिल जो पेश किया गया वह महिलाओं को एक झुनझुना थमाया गया राष्ट्रीय जनता दल के प्रचंड नेता सह युवा सम्राट जनाब मंजर खान ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में महिलाओं को आरक्षण मिले इसका समर्थन राष्ट्रीय जनता दल हमेशा से करते आया है और महिलाओं को यह अधिकार मिले इसकी लड़ाई सदन से लेकर सड़क तक लड़ने का काम किया है लेकिन जिस तरह से महिला आरक्षण बिल गुपचुप तरीके से लाया गया जिसमें की अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी, अतिपिछड़ा एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के आरक्षण को दरकिनार किया गया यह असंवैधानिक है साथ ही साथ महिला आरक्षण बिल पेश करते वक्त प्रधानमंत्री ने एक बार फिर से महिलाओं को ठगने का काम किया अगर महिला आरक्षण बिल से भारत के महिलाओं को शक्ति प्रदान करने के उद्देश्य से पेश किया गया है तो तो इसे आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में ही लागू करना चाहिए था लेकिन इस महिला आरक्षण बिल का प्रभाव 2029 में लोकसभा क्षेत्र के नए परिसीमन के बाद लागू किया जाएगा ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री महिलाओं के साथ मजाक किया है एवं छल करने का काम किया है एक बार फिर से देशवासियों के सामने जुमला पेश किया गया इस तरह के आरक्षण से टाटा, बिरला, अडानी, अंबानी जैसे धन कुबेर के परिवार की महिला के लिए लोकसभा में सीट आरक्षित किया गया है। जब बिहार में पूर्व से ही पंचायत एवं नगर के चुनाव में पचास प्रतिशत, सरकारी नौकरीयों के साथ शिक्षण संस्था तेतीस प्रतिशत आरक्षण लागू है अगर प्रधानमंत्री महिलाओं के हक अधिकार की आवाज संसद में रखा जाए तो इस आरक्षण में समाज शोषित बंचित वर्ग के महिलाओं को आरक्षण सुनिशचित करना होगा उनकी भागीदारी को बढ़ाना होगा।

### बिहार प्रदेश अनुदानित महाविद्यालय प्रधानाचार्य महासंघ के अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार ने किया कुलपति को सम्मानित




**मधेपुरा।** शुक्रवार दिनांक 22 सितंबर 2023 को भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय लालू नगर मधेपुरा के माननीय कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर राजनाथ यादव को श्री कृष्णा विश्वविद्यालय उदाकिशुनगंज के माननीय वीसी सह मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा के संस्थापक प्रधानाचार्य सह बिहार प्रदेश अनुदानित महाविद्यालय प्रधानाचार्य महासंघ के अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें अपनी धरती पर उनका स्वागत एवम अभिनंदन किया।

### गंदे कीचड़ पानी में चलने पर मजबूर लैलोखर के वार्ड वासी, गुस्सा आया सामने



**कुर्साकांटा ।** कुर्साकांटा प्रखंड के लैलोखर पंचायत वार्ड संख्या 13 में ग्रामीण कीचड़ पानी में चलने पर मजबूर हो रहे हैं, इसको लेकर वार्ड सदस्य के खिलाफ ग्रामीणों ने गुस्सा का इज़हार किया, जानकारी देते वार्ड संख्या 13 के लईकुज़्ज़मा ने बताया कि पंचायत सरकार भवन से लगभग 100 मीटर दक्षिण ताहिर हुसैन के घर तक ग्रामीण सड़क में आए दिन जलजमाव का समस्या बना रहता है, सड़क से लगभग 3 फिट ऊपर नाला का निर्माण हुआ है जिस कारण सड़क का पानी नाले में प्रवेश नहीं हो पा रहा है,जिससे आवागमन में लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है, सुबह सुबह स्कूल जाते छोटे छोटे बच्चे इसी गंदे पानी से स्कूल जाने पर मजबूर हैं लोग पानी के बजाए नाले के ऊपर से अपना अपना रास्ता बनाया है जिससे आवागमन करते हैं, याद रहे कि पिछले पंचवर्षीय में पूर्व मुखिया सफीउद्दीन द्वारा इस सड़क का निर्माण किया गया था जिसमे बेहद अनियमितता बरती गई सड़क की हालत भी खराब है । वार्ड 13 के वार्ड सदस्य अबु तालिब द्वारा जब नाले का निर्माण किया जा रहा था तभी ग्रामीणों ने पूछा सड़क से ऊपर नाले का निर्माण होगा तो सड़क का पानी नाले में कैसे प्रवेश करेगा, तभी वार्ड सदस्य अबु तालिब ने कहा था कि फिलहाल बन रहा है बनने दीजिए आने वाले वर्ष में सड़क पर मिट्टी डाल कर पुनः सड़क का निर्माण किया जाएगा जिससे सड़क नाले का बराबर हो जाएगा , लेकिन 4 साल बीतने के बावजूद अभी सड़क की दशा दिशा नहीं बदला, जलजमाव की समस्या को झेल रहे ग्रामीण मोहम्मद आज़म, मोहम्मद मेराजुल, ताहिर हुसैन , लईकुज़्ज़मा, बलेगुल रहमान , महोम्मद शफ़ीक़ , मोहम्मद सेराज , मुश्ताक़, मोहम्मद शहादत, मोहम्मद अबसर, अफलाक, मोहम्मद मुजाहिदुल इस्लाम, मोहम्मद ज़मीर अली, ने वार्ड सदस्य अबु तालिब के खिलाफ प्रदर्शन कर नाराज़गी ज़ाहिर किया।

### श्री श्री 108 बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज की जयंती समारोह का आयोजन



**फारबिसगंज।** श्री श्री 108 बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज के मंदिर व धर्मशाला निर्माण समिति कानू हलवाई संघ फारबिसगंज के द्वारा शनिवार को शहर के केसरी मोहल्ला के समीप अवस्थित अवस्थित सिद्ध सागर भवन के परिसर में श्री श्री 108 बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज की जयंती समारोह का आयोजन किया गया.इस मौके पर बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज की प्रतिमा की पूजा-अर्चना मुख्य यजमान अनिल प्रसाद साह उर्फ अनिल मामा व उनकी धर्म पत्नी के अगुवाई में पंडित गुड्डू तिवारी के दिशा-निर्देश पर श्रद्धापूर्वक की गई.इस मौके पर बड़ी संख्या में कानू हलवाई व स्वजातीय भाई-बहनों ने उपस्थित हो कर बड़े ही श्रद्धा के साथ बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज की पूजा अर्चना की.पूजा अर्चना से पूर्व आत्मा राम जी के द्वारा ध्वजा रोहन किया गया.पूजा अर्चना के उपरांत मौजूद श्रद्धालुओ के बीच प्रसाद का वितरण किया गया व सामूहिक भंडारा का भी आयोजन किया गया.इस मौके पर विचार गोष्टी का भी आयोजन किया गया. विचार गोष्टी के दौरान जिलाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद उर्फ मंटू, अध्यक्ष मुरली प्रसाद साह,उपाध्यक्ष राम जी प्रसाद साह,कार्यवाहक सचिव गोपाल कुमार कृष्ण,सह सचिव भोला साह,कन्हैया गुप्ता,अमरेंद्र नारायण उर्फ बब्लू सहित अन्य ने मौजूद स्वजातीय बंधुओ को संबोधित किया.विचार गोष्ठी के दौरान वक्ताओं ने मौजूद स्वजातीय बंधुओ को संबोधित करते हुए कहा कि श्री श्री 108 बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज के नाम से धर्मशाला निर्माण के लिए भूमि खरीद कर लिया गया है धर्मशाला निर्माण के दिशा में समिति के द्वारा लगाता प्रयास किया जा रहा है.यही नही गोष्ठी के दौरान समाज के आर्थिक रूप से कमजोर स्वजातीय बंधुओं व शिक्षा के क्षेत्र में कमजोर बंधुओ के उत्थान को ले कर किये जाने को ले कर ना केवल विचार विमर्श किया गया बल्कि मौजूद लोगों ने इसके क्रियान्वयन को ले कर अपने अपने महत्वपूर्ण विचारों को भी रखा.विचार गोष्ठी के दौरान अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई.श्री श्री 108 बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज के जयंती समारोह व पूजा अर्चना और विचार गोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिथि के रूप में नगर परिषद के पूर्व मुख्य पार्षद अनूप कुमार जयसवाल,समिति के अध्यक्ष मुरली प्रसाद साह,उपाध्यक्ष राम जी प्रसाद साह,सह उपाध्यक्ष छोटन प्रसाद साह,अनिल कुमार गुप्ता,प्रदीप साह,शक्ति माधव,सचिव पारसनाथ गुप्ता,सचिव कार्यवाहक गोपाल कुमार कृष्ण,सह सचिव भोला साह,कन्हैया गुप्ता,अमरेंद्र नारायण उर्फ बबलू,अभिमन्यु गुप्ता,प्रशांत प्रवीण उर्फ होली, रघुनंदन साह,राजेश प्रसाद साह,राकेश साह,पन्ना लाल साह, कोषाध्यक्ष अनिल प्रसाद साह उर्फ अनिल मामा, जगदीश प्रसाद गुप्ता, कृपाल प्रसाद साह,पायल गुप्ता,खुशी कुमारी,शीला देवी,लिपिका कुमारी,पूर्णिमा देवी,बेबी देवी सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु श्रद्धालुगण मौजूद थे.

अध्ययनरत | शिक्षक गण स्मार्ट क्लासेज से दे रहें हैं ज्ञान, अभिभावकों में प्रसन्नता व्याप्त

# जेएनयू और दिल्ली विवि सा नजारा दिख रहा यूभीके कॉलेज में





**कड़ामा।** चित्रण है बिहार के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में अवस्थित यू भी के कॉलेज कड़ामा का। यह महाविद्यालय भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा के आधीन संचालित वित्त संपोषित श्रेणी का है जिसे सप्ताह पूर्व नेक द्वारा अच्छा ग्रेड भी प्राप्त है। 70 प्रतिशत छात्राएं ग्रामीण क्षेत्र रहने के कारण अध्ययनरत पाई गई है। पिछड़े एवम बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के बावजूद हजारों छात्र/छात्रा नियमित वर्ग आते हैं। कुछ छात्र छात्राओं ने बताया कि उन्हें नाव पार कर आना पड़ता है। महाविद्यालय के शैक्षिक गुणवत्ता के संबंध में छात्रा खुशबू, डेजी, अन्नू, अनीता, रुकसाना, सोमिया, नुर्जहा, डिम्पल, अनिल कुमार, इरसाद आलम, इम्तियाज अंजुम आदि ने बताया कि हमारे महाविद्यालय में जे एन यू एवम दिल्ली विश्वविद्यालय जैसी शिक्षा दीक्षा है। थ्योरी, प्रैक्टिकल, फिल्ड विजिट, ई लाइब्रेरी के साथ स्मार्ट क्लासेज के द्वारा भी शिक्षा दी जाती है। कंप्यूटर क्लासेज भी नियमित होता है। भर दिन कॉलेज का बड़ा जेनरेटर चलता है। बिजली की कमी तथा कम वोल्टेज के कारण जेनरेटर सुविधा उपलब्ध कराए जाते हैं। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य वर्ग कक्ष का निरंतर निरीक्षण कर हर छात्र छात्राओं का खयाल रखते हैं। शत प्रतिशत छात्र छात्राओं को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड एवम छात्रवृति का लाभ मिलता है। अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग के छात्र छात्राओं को आर्थिक समस्या नही रहे, इसका बहुत खयाल रखते हैं। हमारी स्थानीय सांसद दिनेश चंद्र यादव से मांग है कि एक/ दो कॉलेज बस हम छात्र छात्राओं को उपलब्ध करा दिया जाता तो हम विलंब तक पुस्तकालय का लाभ ले पाते। कमोवेश परिसर में छात्र छात्राओं की उपस्थिति एवं पढ़ाई इस महाविद्यालय के लिए चर्चा का विषय बना है।

# पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में रिकॉर्ड खिलाड़ियों के साथ 29 सितम्बर से होने जा रहा है खेल




**पूणिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 की शुरुआत दिनांक 29 सितम्बर 2023 से पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में आयोजित होने जा रही है। छः: चरणों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के प्रथम एवं द्वितीय चरण का ड्रा पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में आयोजित की गई। ड्रा के माध्यम से बालक एवं बालिका वर्ग में बैडमिंटन, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस, फुटबॉल एवं क्रिकेट प्रतियोगिता का टाईसीट बनाई गई। पूणिया जिला के जाने-माने पूर्व वरिष्ठ खिलाड़ी, खेल प्रेमी, रजिस्टर स्कूल एवं विभिन्न क्लबों के प्राचार्य, टीम मैनेजर एवं कप्तानों की उपस्थिति में ड्रॉ संपन्न हुई। ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने बताया कि उद्घाटन समारोह अपराह्न 3:00 बजे से प्रारंभ होगी। दिनांक 30 सितंबर से बैडमिंटन,बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में प्रत्येक दिन सुबह 8:00 से 10:00 तक एवं फुटबॉल एवं क्रिकेट प्रतियोगिता जिला स्कूल एकलव्य खेल मैदान में सुबह 8:00 से संध्या 4:00 बजे तक खेली जाएगी। समय की आवश्यकता को देखते हुए दिवा-रात्रि मैच भी आयोजित की जा सकती है। 29 एवं 30 सितंबर के टाईसीट बना दी गई है। मौसम पूर्वानुमान को देखते हुए शेष सभी खेलों के टाईसीट उद्घाटन समारोह में सभी रजिस्टर स्कूल एवं क्लबों की टीम को दी जाएगी। ड्रॉ के अवसर पर उपस्थित आयोजन समिति सदस्य श्री मिथिलेश राय, श्री सुनील सुमन, पुलिस इंस्पेक्टर व खेल प्रेमी श्री वैदिक पाठक, श्री मती स्वाति वैश्यंत्री, सेंट पीटर्स स्कूल हिंदी मीडियम के प्राचार्ज सिस्टर बंदिता , सेंट मोसेस के प्राचार्य सिस्टर नितीशा, फुटबॉल सचिव श्री अजीत सिंह, पूणिया जिला के जाने-माने पूर्व खिलाड़ी मो नैयर अली, अब्बू आलम, एस एस चटर्जी (नटू दा), स्वरूप कुमार दास, मो मंजर मोहशिम, एस एस सिंह (गुड्डू), एस एस प्रसाद (पिंटू) जितेन्द्र कुमार सिन्हा (गोपी) , बिमल मुकेश, राजीव कुमार, मनीष कुमार झा, राजेश प्रसाद साह, टोहीन घोष, फादर अजय , अमृत साजन, पुनित कुमार सिंह, सन्नी राज के साथ - साथ बड़ी संख्या में स्कूल एवं क्लबों कप्तान उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### भारी वारिश से अनुमंडल क्षेत्र में सड़क से नाला तक जलमग्न



**डॉ बिनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले में अनुमंडल क्षेत्र के निर्मली व मरौना प्रखंड के सभी पंचायत में पूर्व अनुमानित सूचना के मुताबिक लगातार भारी वर्षा हुई।जिससे मुख्य सड़क पर भारी जल जमाव लग गया।शहर के खाद बाजार,महावीर चौक,हटिया चौक,भगत सिंह चौक,सुभाष चौक,10 लाख चौक सहित स्टेशन अंडरपास में भी भारी जल जमाव के कारण लोगों को आवाजाही में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं पश्चिमी रिंग बांध से थाना जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य प्रगति पर होने के कारण भारी बारिश में सड़क पर डाली गई मिट्टी तेज वर्षा मे जगह-जगह कटाव लग गया।वहीं लोगों की आवाजाही से यात्री गणों को उक्त सड़क पर बार-बार फिसलता पाया गया।बतला दें कि उक्त रोड के सीधे हरिप्रसाद साह महाविद्यालय निर्मली स्थित है। उक्त सड़क होकर ही छात्र-छात्राओं का आना जाना इसी सड़क मार्ग से नित दिन होता है। छात्र-छात्राओं सहित आला अधिकारियों को इसी मार्ग से अनुमंडल कार्यालय,अनुमंडलीय अस्पताल सहित जिला मुख्यालय जाने हेतु उक्त सड़क मार्ग का उपयोग में लिया जाता है।जिसमें अभी भारी कठिनाइयों का सामना उठाना पड़ रहा है।



### कर्पूरी चर्चा में शामिल हुए जदयू के तमाम दिग्गज






**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर,पीपरा,सुपौल।** जिले में पिपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बुलंदी स्थान स्थित जदयू कार्यालय में शनिवार को कर्पूरी चर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद रामनाथ ठाकुर और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री लक्ष्मेश्वर राय सहित तमाम स्थानीय जदयू विधायक शामिल हुए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कर्पूरी जी के विचारों को लेकर चर्चा की इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि कर्पूरी जी हमेशा दलित महादलित और अति पिछड़ा वर्ग के लोगों के उत्थान को लेकर पहल करते रहे। उनके विचारों को लेकर लोगों को जागृत किया जा रहा है। कहा की उन्ही के विचारों को हमारे नेता सीएम नीतीश कुमार आगे बढ़ा रहे हैं। साथ ही मौजूद जदयू कार्यकर्ताओं और आम लोगो से अपील किया गया कि कर्पूरी जी के विचारों को आगे बढ़ाने और उसे लागू करने के लिए नीतीश कुमार जी के हाथों को मजबूत करना होगा। तभी दलित महादलित और अतिपिछड़ा समाज का उत्थान होगा। इस मौके पर पिपरा विधायक रामविलास कामत, निर्मली विधायक अनिरुद्ध यादव, महिसी विधायक गुंजेश्वर साह सहित तमाम जदयू के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लैंगिक संवेदीकरण तथा घरेलू हिंसा विषयों पर एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन










**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में समाज सुधार अभियान के अंतर्गत समाहरणालय स्थित लहटन चौधरी सभागार, सुपौल में "लैंगिक संवेदीकरण तथा घरेलू हिंसा" विषयों पर एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन श्री शैशव यादव, पुलिस अधीक्षक, सुपौल, श्री मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त, सुपौल, श्री राशिद कलीम अंसारी, अपर समाहर्ता, सुपौल, श्री शशि कुमार, सहायक निदेशक, समाजिक सुरक्षा कोषांग, सुपौल, श्रीमती शोभा सिन्हा, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आई.सी.डी.एस., सुपौल, महिला एवं बाल विकास निगम, पटना राज्य कार्यालय से प्रबंधक क्षमता वर्धन श्रीमती रश्मि रंजन एवं जिला परियोजना प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास निगम श्री संतोष कुमार राकेश, महिला एवं बाल विकास निगम के तकनीकी सहयोगी संस्था C3 से डॉक्टर अनामिका प्रियदर्शनी, श्री प्रकाश रंजन, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका सुपौल, श्री विजय कुमार साहनी द्वारा किया गया। पुलिस अधीक्षक, सुपौल द्वारा बताया गया कि महिला पुलिस स्टेशन तथा महिला हेल्प डेस्क का संचालन किया जा रहा है। इसका लाभ आम नागरिकों को उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं हैं। पुलिस में भी काफी संख्या में महिलाएं हैं जो पुरुषों की अपेक्षा ज्यादा सशक्त साबित हो रही हैं, जरुरत है उन्हें मंच और सम्मान देने के लिए। उप विकास आयुक्त, सुपौल द्वारा बताया गया कि महिलाएं पुरुष से अधिक बढ़ चढ़ कर समाज के विकास में योगदान कर रही हैं। पुरुषवादी समाज आज महिलाओं को सरकारी नीति के तहत पद और प्रतिष्ठा समाज में दोनों मिल रहा है जो परिवर्तन का द्योतक है। अपर समहर्ता, सुपौल द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण एक व्यक्ति के लिए नहीं होता है। प्रशिक्षण में भागीदार बनकर इसे जन-जन तक पहुँचने का कार्य किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से लाभ हो महिलाएं इसका उपयोग कर सके।महिला एवं बाल विकास निगम, पटना बिहार की प्रतिनिधी द्वारा बताया कि समाज में नर और नारी के बीच भेदभाव मिटाने, बच्चे और बच्चियों के बीच समानता लाने एवं महिलाओं और बच्चियों के सर्वांगपूर्ण विकास हेतु बिहार सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास निगम एक नोडल एजेंसी के रूप में कार्यरत है। उन्होंने बताया कि समाज सुधार अभियान तहत घरेलू हिंसा के विरुद्ध समाजिक जागरूकता कार्यक्रम चलाई जा रही है। निगम द्वारा कई प्रकार की योजनाएँ चलायी जा रही है जिसमें मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना, बेटी बचाव, बेटी पढ़ाव योजना, अल्पावास गृह, कामकाजी महिला छात्रावास, पालनघर, सिविल सेवा प्रोत्साहन राशि योजना, कौशल प्रशिक्षण, सखी-वन स्टॉप सेंटर, 181- महिला हेल्प लाइन नम्बर, बाल विवाह और दहेज निषेध को समाप्त करने का अभियान, लैगिक समानता हेतु जागरूकता कार्यक्रम, कार्य स्थल पर महिलाओं के विरुद्ध यौन उत्पीड़न, मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन कार्यक्रमों जैसे कई महत्वपूर्ण योजनाओं को पुरे बिहार में क्रियान्वित की जा रही है। उन्होंने एक आकड़े का हवाला देते हुए कहा कि राष्ट्रीय पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार सभी प्रकार के हिंसाओं में सर्वाधिक हिंसा 'घरेलू हिंसा' है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का आकड़ा कहता है कि 18 से 49 आयु वर्ग कि 95 % शादीशुदा महिलाएं अपने पतियों द्वारा हिंसा का शिकार होती हैं। विगत चार वर्षों में बिहार में सखी वन स्टॉप सेंटर में 18,887 मामलें दर्ज़ किये गए हैं I सुपौल जिला में घरेलू हिंसा के 1704 मामले दर्ज़ किये गए हैं, जिनमे 1664 मामलों का निपटारा भी किया गया है। बिहार में 40% बाल विवाह हो रहा है। सुपौल में यह आकड़ा 55.9 प्रतिशत है, जो भयावह है। इससे बच्चियों के शारीरिक, मानसिक तथा भावनात्मक विकास को बाधा पहुंचता है। ये भविष्य की भावी माताएँ है जिनका शरीर स्वयं अविकसित है, तो आने वाले बच्चों का स्वास्थ्य कैसा होगा? महिला एवं पुरुष के मध्य भेदभाव को दूर करने तथा महिला एवं बच्चियों के लिए सद्भावना पूर्ण समाज का निर्माण करने के लिए महिला एवं बाल विकास निगम कृतसंकल्पित है। पटना से आये C3 के विषय विशेष्ज्ञ डॉक्टर अनामिका प्रदर्शनी एवं श्री प्रकाश रंजन के द्वारा लैंगिक संवेदीकरण, घरेलू हिंसा तथा महिलाओं के सहयोग में जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं के विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया। जीविका से आये सभी जीविका दीदियों ने कार्यशाला में उत्साह पूर्वक भाग लिया। महिला का सुरक्षा, संरक्षण तथा सशक्तिकरण के लिए महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा "सखी वन स्टॉप सेंटर तथा डी.एच.ई.डब्यू." के नाम से सभी जिलों में एक मंच महिलाओं को प्राप्त है, जहाँ कोई भी महिला अपनी जागरूकता एवं किसी भी प्रकार का हिंसा के खिलाफ आवेदन दे सकती है। '181-महिला हेल्प लाइन नम्बर' के माध्यम से घर बैठे मदद ले सकती हैं I इस कार्यक्रम में डी.एच.ई.डब्ल्यू. सुपौल के जिला मिशन कोऑर्डिनेटर, सखी वन स्टॉप सेंटर सुपौल के केंद्र प्रशासक, केस वर्कर जीविका के जिला तथा प्रखंड स्तरीय कर्मी के साथ सुपौल जिले में गठित सभी चालीस संकुल स्तरीय संघों से लीडर उपस्थित हुए, जो सुपौल के सभी पंचायतों का प्रतिनिधित्व करती हैं। मंच का संचालन भगवन जी पाठक द्वारा किया गया। सहायक निदेशक, समाजिक सुरक्षा कोषांग श्री शशि कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यशाला का समापन किया गया।

## नहर में डूबे छात्र दूसरे दिन ग्रामीण को मिला







**सरोज कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले में किसनपुर प्रखंड क्षेत्र के सुखाशन पंचायत के वार्ड नंबर 01 स्थित चिल्हवा गांव स्थित बड़ी नहर में बिजली खंभा से बने पुल पार करने के क्रम में डूबे छात्र दूसरे दिन स्थानीय ग्रामीण को मिल गया। हालांकि रेस्क्यू टीम लगातार खोजबीन में जुटी रही। स्थानीय ग्रामीण के सहयोग से रेस्क्यू टीम को बच्चा मिल जाने की जानकारी दिया। बिना देरी किए रेस्क्यू टीम घटना स्थल पर पहुंच कर बच्चे को पानी से बाहर निकाला बाहर निकलते ही लोगों का हुजूम आ पड़ा। वहीं परिजन का रो रो कर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों के अनुसार नहर में बिजली का खंभा डालकर बनाए गए रास्ते को पार करते समय प्राथमिक विद्यालय चिल्हवा से दूसरे कक्षा का छात्र 6 वर्षीय रोशन कुमार डूब गया। बताया की नहर के पश्चिम भाग के छात्र नहर पर बिजली खंभा डालकर बनाए गए पुल को पार कर स्कूल पढ़ने जाते है। जहां से बीते गुरुवार के दोपहर एमडीएम खाने के लिए प्रमोद यादव का पुत्र रौशन कुमार अन्य साथियों के साथ घर से प्लेट लाने के लिए निकला था। लेकिन बिजली खंभा के बने पुल को पार करते समय संतुलन बिगरने से वह नहर में गिर गया। जहां पहला दिन ग्रामीण और रेस्क्यू टीम के द्वारा खोजबीन करने के बाद भी बच्चा नही मिला जबकि दूसरे दिन शुक्रवार शाम लगभग 6 बजकर 15 मिनट में डूबा हुआ बच्चा मिल गया। बताते चले की सुखासन पंचायत के चिल्हवा वार्ड नंबर 01 का अधिकांश भाग नहर से पश्चिम बसा हुआ है। जहां के अधिकांश बच्चे पढ़ने नहर से पूरब बने विद्यालय जाते हैं। जहां खाने का प्लेट लाने के क्रम में यह हादसा हुआ। इस बाबत थानाध्यक्ष सह पु०नी राघव शरण ने बताया की डूबा बच्चा शुक्रवार देर संध्या में मिल गया जिसे पोस्टमार्टम कराने के उपरांत शव परिजन को शव दे दिया गया जिसका दाह संस्कार भी हो गया है।

### गणपति की प्रतिमा का किया गया विसर्जन



**एक संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल।** जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन बाजार में भगवान गणपति की प्रतिमा का भक्तिभाव से विसर्जन किया गया। गणेश चतुर्थी पर दुर्गा मंदिर परिसर में स्थापित गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। शुक्रवार की सुबह में भगवान गणेश की पूजा अर्चना के बाद देर संध्या में गणपति बप्पा को विदाई दी गई। प्रतिमा विसर्जित में पहुंची महिला श्रद्धालुओं ने मंगल गीत के साथ गणेशजी को विदाई दी। इस दौरान गणपति बप्पा मोरया अगले वर्ष तू जल्दी आना, एक दो तीन चार गणपति की जय जय जयकार सरीखे जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। मुख्य मार्ग से निकली विसर्जन जुलूस के वाहन पर सवार रिद्धि सिद्धि विनायक की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बना रहा। मौके पर श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया। महिलाएं मंगलमूर्ति के समक्ष नतमस्तक होकर मंगल कामनाएं करती रही। इस मौके पर गणेश पूजा व मेला समिति के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालू मौजूद थे।

### सिमराही में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में भीषण अगलगी में 10 लाख के सामान जले



**संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल।** जिले में राघोपुर थाना क्षेत्र के सिमराही बाजार के वार्ड- 7 में एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में शुक्रवार की रात भीषण अगलगी की घटना में तकरीबन 10 लाख रुपए से अधिक के सामान जलकर राख हो गया। फिलहाल अगलगी की घटना का कारण बिजली की शॉर्ट सर्किट बताया जाता है। बताया जाता है कि सिमराही बाजार निवासी अभिनंदन दास (35) हॉस्पिटल रोड में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाते हैं। शुक्रवार की रात करीब 9 बजे वह दुकान बंद कर घर सोने चले गए। इसी क्रम में अचानक उसे करीब साढ़े 9 बजे रात दुकान में अगलगी की घटना होने की जानकारी मिली। जिसके बाद उन्होंने मौके पर पहुंचकर लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। करीब दो घंटे तक लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। वहीं सूचना पर पहुंची दमकल गाड़ी आने के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। पीड़ित अभिनंदन ने बताया कि अगलगी की घटना में 10 लाख रुपए से अधिक के सामान पूरी तरह जलकर राख हो गए हैं। अगलगी की घटना का कारण पता नहीं चल सका है। घटना को लेकर सीओ प्रीति कुमारी और थानाध्यक्ष रजनीश कुमार केशरी को जानकारी दी गई है। सीओ प्रीति कुमारी ने बताया कि घटना को लेकर जानकारी मिली है। जांच की जा रही है। अगलगी की घटना सुनकर सैकड़ों लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई है। लोग घटना को लेकर खेद जता रहे हैं।



परेशानी | दो दिनों की बारिश से करजाईन गोसपुर पथ की चारों तरफ पानी ही पानी नजारे दिखाई देने लगा

## प्रखंड में बारिश को लेकर गोसपुर पथ पर हुआ जलजमाव, राहगीरों की बढ़ी परेशानी, पैदल चलना भी हुआ मुश्किल



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल।** जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन बाजार क्षेत्र में लगातार हो रहे बारिश से करजाईन-गोसपुर पथ पर हुआ जलजमाव दो दिनों की बारिश से करजाईन गोसपुर पथ की चारों तरफ पानी ही पानी नजारे दिखाई देने लगा है। यह पथ पूर्व से ही टूट कर खाई में तब्दील हो गई है। जिसमें बारिश का पानी जमा हो गया है। जिसके चलते राहगीरों की परेशानियां काफी बढ गई है। लोग दिन के उजाले में भी इस पथ होकर चलने से कतराते रहते हैं। एक तरफ सरकार व जनप्रतिनिधि बिहार में सड़को का जाल बिछाने की बड़े - बड़े दावे करते दिखाई देते हैं। मगर सच्चाई कुछ और ही बयां कर रही है। क्षेत्र के स्थानीय मो० अब्दुल मोत्तलीव, पूर्व मुखिया प्रवीण कुमार मिश्र, समाजसेवी बिकास चन्द्र मिश्र आदि ने बताया कि करजाईन गोसपुर पथ एन एच 106 व एन एच 57 को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क है। मगर विभाग व जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की शिकायत बनी पड़ी है। यह पथ करजाईन, गोसपुर, बौराहा, बायसी,दोलतपुर, सितुहर,श्रीपुर, परमानंदपुर,बलुआ जैसे दर्जनों गांव को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क है। जिस होकर दिन भर हजारों वाहन व राहगीर सफर करते हैं। मगर जर्जर सड़क होने व जलजमाव के कारण लोग 3किलोमीटर अधिक घूम कर बायसी काली स्थान के रास्ते बाजार को जाते। हैं। इस पथ की जर्जरता को लेकर लोगों ने काफी चिंता जताई है। स्थानीय समाजसेवी दिनेश मेहता, मो०अब्बू नसर, मो० करीम हाजी सहित अन्य लोगों ने ग्रामीण कार्य विभाग व जिला प्रशासन से अविलंब इस पथ को दुरुस्त करवाने की मांग की है। वहीं एन एच 106 पर जलजमाव की समस्या भी बरकरार बनी हुई है। लोगों ने बताया कि बाजार में सड़क व नाला का निर्माण नहीं होने से जलजमाव की समस्या बनी हुई है। जिससे बाजार भर में लोगों को पैदल चलने में भी परेशानी हो रही है।

## झमाझम बारिश के बाद किसानों में जगी उम्मीद



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले के किसनपुर प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार से हो रही बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। बारिश होने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली हैं। लेकिन हवा की रफ्तार में काफी तेज है। लगातार बारिश होने से किसानों को राहत के साथ बांध के भीतर बसे लोगों की बाढ़ की समस्या सताने लगा है। वहीं शनिवार को दिनभर वर्षा हो रही है। किसानों का कहना है की धान के पौधा में बाली लगने लगा है। फसल की पानी की आवश्यकता है। अगर बारिश नहीं होती तो किसानों को काफी नुकसान हो सकता था। लगातार हुई बारिश के बाद किसानों में धान के बेहतर उत्पादन की आस जग गई है। मालूम हो की बीते दिनों लगातार हो रही प्रचंड धूप से किसानों के धान की फसल को काफी नुकसान पहुंच रहा था। जिससे किसानों के चेहरे पर साफ चिंता देखी जा रही थी।

## ख़ास ख़बर

### 10 करोड़ की लागत से डेहरी स्टेशन का होगा पुनर्विकास



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। डेहरी आन सोन स्टेशन पर यात्रियों की सफर सुगम व सुविधा जनक बनाने के लिए रेलवे ने अमृत भारत स्कीम के तहद डेहरीऑन सोन स्टेशन का 10 करोड की लागत से पुनर्विकास करेगी।इसी के मद्देनजर आज डीडीयू रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेश कुमार एवम चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर गतिशक्ति आलोक कुमार ने आज स्टेशन का घंटो निरीक्षण किया और अधिकारीयों को विकास संबंधित विभिन्न प्रकार के योजनाओ को तेज गति से पूर्ण करने का निर्देश दिया। स्टेशन पर तकरीबन 4 करोड़ रु की लागत से सर्कुलेटिंग एरिया का विस्तार होगा।जिसके अंतर्गत कार पार्किंग को पूरब दिशा की तरफ तथा साईकिल स्टैंड पश्चिम साईड शिफ्ट होगा।रिजर्वेशन केंद्र भी पश्चिम साईड शिफ्ट होगा।कई आवासों को तोडा जाएगा।वही माइक्रो कार्यालय भी तोड़कर और पूर्व की तरफ शिफ्ट होगा। वही पुराने जगह पर बने नये फूटओभर ब्रिज की चौड़ाई भी 6 मीटर और ज्यादा किया जाएगा।यानी अब फूटओभर ब्रिज की चौड़ाई 12 मीटर होगी।जिसपर भी तकरीबन 4 करोड रूपए खर्च किए जाने हैं।प्लेटफार्म नबर 4 व 5 की ऊंचाई भी बढ़ाई जा रही है।इसके लिए संवेदक द्वारा निर्माण सामाग्री स्टेशन पर इक्ठ्ठा किया जा रहा है।इस हफ्ते तकरीबन 1.5 करोड रूपए की लागत से लेबलिंग की इस योजना की शुरुआत हो जाएगी।वहीं तकरीबन 80 लाख रुपए की लागत से लिफ्ट निर्माण की शुरुआत हो गई है। डीआरएम के साथ निरीक्षण में सीपीएम गतिशक्ति, सीनियर डीईएन, सीनियर डीसीएम, आरपीएफ कमांडेंट,सीनियर डीईई सामान्य, डीएसटीई सहित स्थानीय एडीईएन सुमन कुमार, स्टेशन अधीक्षक मुना रजक, ईसीआरकेयू अध्यक्ष व जेई वीरेंद्र पासवान, रविकांत सिंह, जीतेन्द्र यादव, नरेन्द्र प्रताप सिंह, आईएन सिंह, राम विलास राम, पवन कुमार, अवनीश आर्यन, कामेश्वर प्रसाद, मृत्युंजय मिश्रा ,अरविंद कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे ।

### तिलौथू प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़ी धांधली

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत यह सूचना मिल रही है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में भारी घोटाला तिलौथू प्रखंड में हुआ है। कई ऐसे लाभार्थी को इस योजना में लाभ मिला है जिनके पास पहले से पक्का मकान मौजूद है ।वहीं कई कुंवारे लोगों को भी आवास की राशि आवंटित की गई है। नियमों को ताख पर रखकर आवास योजना का लाभ बिचौलियों के माध्यम से दिया गया है। प्रखंड क्षेत्र के सक्रिय आरटीआई कार्यकर्ताओं ने आवास योजना के लाभार्थियों की सूची मुख्यमंत्री कार्यालय समेत कई जगहों पर भेजी है और अवैध रूप से लाभ लेने वालों को चिन्हित करके लोगों से राशि की वसूली के लिए भी लिखा गया है।

### दशहरा पूजा में ध्वनि विस्तारक यंत्र नहीं देंगे


**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। जिले के डिहरी आनसोन के झारखंडी मंदिर के प्रांगण में लाइट एवं टेंट हाउस संघ की बैठक जीवन साउंड के संचालक जीवन प्रकाश के अध्यक्षता में किया गया।बैठक में निर्णय लिया गया कि दुर्गा पूजा,लक्ष्मी पूजा समेत विभिन्न त्यौहार में कही भी भाड़े पर ध्वनि विस्तारक यंत्र नही दिए जाएंगे। प्रशासन द्वारा लाइट एवं टेंट हाउस संघ के सदस्यों को भिन्न भिन्न आयोजन के समय पर डीजे साउंड बजाने के नाम पर परेशान किया जाता है। साथ ही उन पर प्राथमिकी भी की जाती है। जबकि किसी के पास डीजे साउंड नहीं है। सभी लौडिस्पीकर का उपयोग करते है।वही जिला मुख्यालय के हर मुहल्ले में डीजे साउंड का भरपूर प्रदर्शन किया जा रहा है ।वहां पर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई प्रशासन द्वारा नहीं किया जा रहा है। जबकि डेहरी नगर में प्रशासन द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा है तथा प्राथमिकी कर फसाया जा रहा है। जिससे संघ के सभी सदस्य में प्रशासन एवं सरकार के प्रति असंतोष है। बैठक में मुन्ना कसेरा, प्रेम कुमार ,सरोज कुमार मौर्य भारत चौधरी, सुरेंद्र चौधरी समेत शहर और ग्रामीण क्षेत्र के कई लाइट और टेंट हाउस संचालक मौजूद थे।

### प्रखंड के डेढगांव ग्राम में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ (रोहतास)**। प्रखंड क्षेत्र के डेढगांव ग्राम के मध्य विद्यालय के परिसर में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ कुमार अश्विनी ने किया। जन संवाद में जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में चर्चा किया गया। वहीं जनता की शिकायतों के आवेदन ले जल्द निपटारा करने कि आश्वासन दी गई। वहीं राशनकार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, आवास, स्वास्थ्य संबंधी आवेदन लिए गए। मौके पर सीओ नवल कांत, मुखिया रंजना कुमारी, पैक्स अध्यक्ष रंजीत सिंह,एमओ प्रदीप पटेल, बीसीओ अखिलेश कुमार, बीसी पंकज किरण, जेई कौशलेंद्र कुमार, अमन दिव्य विजेता, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राणा प्रताप, बीएचम राजीव कुमार, पंचायत सचिव कुंज नारायण सिंह, बीडीसी अकबर हुसैन सहित सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारी व आम जनता मौजूद थे।

# संकल्प जीविका स्वावलंबी सहकारी समिति सेमरी दावथ की द्वितीय आम सभा आयोजित






**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ (रोहतास)**। दावथ प्रखंड में सहकारिता विभाग अंतर्गत निबंधित एवं जीविका परियोजना द्वारा संपोषित संकल्प जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लि. दावथ ने अपने सैकड़ों सदस्यों के साथ शनिवार को मलियाबाग में शगुन मैरेज हॉल में अपनी द्वितीय वार्षिक आम सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी अखिलेश कुमार, समिति अध्यक्ष सविता देवी, जीविका आईबीसीबी प्रबंधक उत्पल कान्त, बीपीएम मुन्ना राम एवं प्रशिक्षण अधिकारी अखिलेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सुनीता एवं आशा किरण देवी द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों एवं अतिथियों का सम्मान किया गया। सभा की शुरुआत करते हुए समिति की अध्यक्ष सविता देवी ने सदस्यों के समक्ष वित्तीय वर्ष 22-23 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रतिवेदन में बताया गया कि दावथ प्रखंड के कुल 09 ग्राम पंचायत के सभी 60 राजस्व ग्राम के अपने कार्यक्षेत्र में समिति में कुल 729 समूहों से 8743 गरीब महिलाएं जुड़कर अपना सामाजिक और आर्थिक विकास कर रही हैं। उसमें से 5010 सदस्यों ने समिति की सदस्यता ग्रहण कर लिया है और शेष को भी शीघ्र जोड़ लिया जाएगा। प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त किया कि समिति अपने गांव की ग़रीबी सदस्यों को चूल्हे चौके से बाहर निकाल कर उनका आर्थिक सशक्तिकरण करने के साथ साथ कार्यक्षेत्र में कस्टम हायरिंग सेंट, ग्रामीण बाजार आदि का संचालन भी बेहतर ढंग से कर रही हैं। समिति सचिव उर्मिला देवी ने वित्तीय वर्ष 23-24 की कार्ययोजना सदस्यों के समक्ष अनुमोदन हेतु पेश किया। कार्ययोजना में समूह गठन, ग्राम संगठन बनाने से लेकर विविध प्रकार की ऋण उपलब्धता, जीविकोपार्जन गतिविधियों एवं सरकारी योजनाओं से जुड़ाव का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सभा ने अनुमोदित किया। जीविका आईबीसीबी प्रबंधक उत्पल कान्त ने सभा को संबोधित करते हुए इस बात के लिए समिति की सराहना की कि अभी तक अपने सदस्यों को कुल 24515000 रूपये प्रारंभिक निवेश पूंजी के रूप में तथा विभिन्न बैंकों से कुल 391950000 रुपये कैश क्रेडिट लिंकेज ऋण के रूप में उपलब्ध करा दिया है, जिससे समिति को आइसीएफ ऋण के ब्याज के रूप में 2254917 रुपए तथा सामान्य ऋण के ब्याज के रूप में 11475 रुपये की आय हो चुकी है। इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि समिति की अंकेक्षण रिपोर्ट के अनुसार लाभ हानि खाते में कुल 1462891 रूपये का शुद्ध लाभ हस्तांतरित हुआ है | कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए समिति कोषाध्यक्ष निर्मला देवी ने सभा के समक्ष वित्तीय वर्ष 23-24 का बजट प्रस्तुत किया। कुल 10136800 रुपयों के इस बजट का अनुमोदन सर्वसम्मति से आम सभा ने दिया। बीपीएम मुन्ना राम ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त किया कि समिति अपने समूह सदस्यों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु लगातार कार्यरत है और सदस्यों को मनरेगा जॉब कार्ड, आवास योजना, विधवा पेंशन और वृद्धा पेंशन योजना से लाभान्वित करा चुकी है और आगे भी निरंतर प्रयास कर रही है।

प्रशिक्षण अधिकारी अखिलेश कुमार ने समिति के सदस्यों को पंचसूत्रा का नियमित पालन करते हुए अपने सभी समूहों को नियमानुसार संचालित करने का आह्वान किया। सभी समूहों को ए ग्रेड में होना चाहिए। समिति की दिव्यांग और विधवा सदस्य चिंता देवी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सतत जीविकोपार्जन योजना से जुड़ कर उनके जीवन में व्यापक बदलाव आया है। आज वह स्वयं अपना एवं अपने परिवार का पालन पोषण स्वयं की दुकान चलाकर कर रही है। अच्छा कार्य करने वाले 03 ग्राम संगठन एवं 03 स्वयं सहायता समूहों को सम्मानित किया गया, जिन्हें उपस्थिति, ऋण वापसी और बेहतर बुक्स ऑफ रिकॉर्ड्स के आधार पर चुना गया था। साथ ही कार्यरत 104 कैडरों में से हर श्रेणी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 05 कैडरों को भी समिति पदाधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में मंच संचालन सामुदायिक समन्वयक वीरेंद्र तिवारी ने किया। समिति उपसचिव धर्मशीला कुंवर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभा समाप्त किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय समन्वयक राजकुमार, सामुदायिक समन्वयक पूनम कुमारी, मधु कुमारी, रविंद्र कुमार, कार्यालय सहायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, एकाउंटेंट ज्ञान प्रकाश चंद्र समेत निदेशक मंडल की मीना देवी, निशा देवी, ममता देवी, यशोदा देवी, समीना खातून, रीना देवी, लीलावती देवी आदि सैकड़ों जीविका दीदी उपस्थित रहीं।

## समान दिन रात के बाद आज से रात होगी बड़ी

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)**। सूर्य के उत्तरी गोलार्ध पर विषुवत रेखा पर होने के कारण ही 23 सितंबर को दिन व रात बराबर होते हैं। इस संबंध में किशुनपुरा गांव निवासी कवि सह लेखक सुनील कुमार ने बताया कि खगोलीय घटना के बाद दक्षिण गोलार्ध में सूर्य प्रवेश कर जाएगा और उत्तरी गोलार्ध में धीरे-धीरे रातें बडी होने लगेंगी। आगे उन्होंने बताया कि पृथ्वी के मौसम परिवर्तन के लिए वर्ष में चार बार 21 मार्च, 21 जून, 23 सितम्बर व 22 दिसम्बर को होने वाली खगोलीय घटना आम आदमी के जीवन को प्रभावित करती है। ऐसा खगोल वैज्ञानिकों का मत है। 23 सितम्बर को होने वाली खगोलीय घटना में सूर्य उत्तर गोलार्ध से दक्षिण गोलार्ध में प्रवेश के साथ उसकी किरणें तिरछी होने के कारण उत्तरी गोलार्ध में मौसम में सर्दभरी रातें महसूस होने लगती है। इस लिहाज से सायन सूर्य के तुला राशि में प्रवेश होने पर 23 सितंबर को दिन-रात बराबर होंगे। इस दिन बारह घंटे का दिन और बारह घंटे की रात होंगी। सूर्योदय और सूर्यास्त भी एक ही समय होगा। कवि सुनील कुमार ने बताया कि पृथ्वी की मध्य रेखा को भूमध्य या विषुवत रेखा कहते हैं। जब सूर्य दक्षिण की ओर अग्रसर होता है, तो दक्षिण गोल सूर्य कहलाता है। जब सूर्य उत्तर की ओर जाता है, तो उत्तर गोल कहलाता है। इन दोनों स्थिति की अवधि छह माह होती है। दरअसल, पृथ्वी सूर्य के चक्कर लगा रही है और सूर्य ब्रह्मांड में ब्लैक होल के चक्कर लगा रहा है। 27 हजार वर्ष में यह चक्कर पूर्ण होता है। इस बीच एक दिन आगे-पीछे हो जाता है। ऐसा माना जाता है कि यह कभी-कभी अयनांश की गणना के कारण होता है। इसी वजह से दिन-रात की बराबरी की अवधि कभी 22 तो कभी 23 सितंबर को होती है। आगे उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष में दो दिन यानी 21 मार्च और 23 सितंबर को दिन-रात बराबर होते हैं। यह इसलिए ऐसा होता है कि 21 जून को दक्षिणी ध्रुव सूर्य से सर्वाधिक दूर रहता है, इसलिए इस दिन सबसे बड़ा दिन होता है। इसके बाद 22 दिसंबर को सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायन की ओर प्रवेश करता है, इसलिए 24 दिसंबर को सबसे छोटा दिन और सबसे बड़ी रात होती है। तत्पश्चात 25 दिसंबर से दिन की अवधि पुनः बढ़ने लगती है।




### चेनारी थानाध्यक्ष एवं वघैला थानाध्यक्ष निलंबित





**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। आरक्षी अधीक्षक रोहतास विनित कुमार ने बताया कि काला हिरण मामले में ने चेनारी थानाध्यक्ष शंभू कुमार को किया निलंबित किया गया है। वन विभाग द्वारा हिरण मामले में थानाध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज करने तथा डीआईजी द्वारा इस संबंध में मांगी गई रिपोर्ट के बाद बीती रात सासाराम डीएसपी दिलीप कुमार की रिपोर्ट पर चेनारी थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया है। जिसमें उनकी भूमिका संदेहास्पद पाई गई थीं। इसमें पूर्व से सात लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। निलंबित होने के बाद पुलिस लाइन वापस बुला लिया गया है।वहीं शराब मामले में अभियुक्त को पुलिस लापरवाही से लाभ मिलने के मामले में बघैला थानाध्यक्ष नेहा कुमारी निलंबित कर दिया गया है। जिस पर काराकाट थाना से जुड़ा है मामला। जिसमें समय पर चार्जशीट नहीं भेजने के कारण बहुत बडा शराब तस्कर की जमानत हो गई थी। जिसमें जांच के बाद नियमित किया गया है।

### बिक्रमगंज सीओ ने हाईकोर्ट द्वारा लगाए गए अर्थ दंड का चेक पूर्व मुखिया को सौंपा



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज( रोहतास)**। माननीय उच्च न्यायालय पटना के आदेश का अनुपालन करते हुए बिक्रमगंज सीओ आलोक चंद्र रंजन ने माननीय उच्च न्यायालय में एम0 जे0 सी0 करने वाले आवेदक खैराभुन्दर पंचायत के पूर्व मुखिया शाबिर हुसैन को अर्थ दंड की राशि का चेक प्रदान किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए सीओ आलोक चंद्र रंजन ने बताया कि बिक्रमगंज प्रखंड कार्यालय को नवनिर्मित भवन धारूपुर में स्थानांतरित करने के खिलाफ पूर्व मुखिया के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय पटना में एम0 जे0 सी0 नंबर 1185/ 2021 दायर किया गया था । जिसका समय अनुसार कंप्लायंस नही हो पाया था। उक्त वाद विचारण के क्रम में प्रशासन पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया था। तथा नए सिरे से इस मामले में आवेदन डालने का आदेश दिया गया है। उक्त आदेश के आलोक में रोहतास जिला पदाधिकारी के कार्यालय पत्रांक- 6177/ 23 (विधि शाखा) द्वारा निर्गत आदेश का अनुपालन करते हुए बिक्रमगंज सीओ आलोक चंद्र रंजन ने 10 हजार रुपए का चेक पूर्व मुखिया साबिर हुसैन को अपने कार्यालय कक्ष में दिया।

**शिविर** भाकपा- माले का दो दिवसीय प्रखण्ड स्तरीय अध्ययन शिविर की हुई शुरुआत!

## पार्टी महाधिवेशन द्वारा पारित दस्तावेज सहित वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति पर विषय पर चलेगा अध्ययन शिविर!




**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता अनिल कुमार सिंह, आरा भोजपुर**। भाकपा - माले का कोइलवर, बड़हरा प्रखण्ड का संयुक्त दो दिवसीय अध्ययन शिविर का आयोजन की शुरुआत आज कोल्हरामपुर में हुआ। इस अध्ययन शिविर में पार्टी महाधिवेशन द्वारा पारित दस्तावेज से राष्ट्रीय राजनीति और फासीवाद से निपटने के उपाय तथा सांगठनिक विषय पर चलेगा क्लास। जिसके मुख्य अतिथि जिला सचिव कॉमरेड जवाहर लाल सिंह होंगे। इस मौके पर जिला सचिव जावाहर लाल सिंह में कहा कि आज हिंदुस्तान विकट परिस्थिति से गुजर रहा है। केंद्र के फ़ासीवादी मोदी सरकार लोकतंत्र व संविधान को ख़त्म कर रही है। लोगों की संवैधानिक अधिकारों को रौंदा जा रहा है। महंगाई बेरोजगारी चरम स्थिति में पहुंच गई है। महिला आरक्षण बिल ला कर महिलाओं के साथ मजाक किया जा रहा है यह सरकार दिखाना चाहती है कि हम महिलाओं के आरक्षण के प्रति गम्भीर है । उन्होंने इसे 2024 के चुनाव में क्यों नही लागू किया जा सकता है? उन्होंने कहा कि लोगो को फ़ासीवादी सरकार के खिलाफ सचेत होने होगा उसके खिलाफ बड़े संघर्ष की आवश्यकता है। तभी हुम इसे 2024 के चुनाव में उखाड़ फेक सकते हैं।

**इस शिविर में शामिलः** बड़हरा विधानसभा प्रभारी नंद जी कोइलवर प्रखंड सचिव विष्णु ठाकुर जिला कमेटी सदस्य भोला यादव विशाल कुमार प्रखंड कमेटी सदस्य ललन यादव सुरेश सिंह चंदेश्वर राम मुखदेव राम बोस विजय यादव डिग्री यादव धीरेंद्र कुमार संजीत यादव को रामकुमार भीम प्रसाद गुलशन कुमार सिंह बलेश्वर रजक मनोज यादव कन्हैया कुमार हन्ना सर इन्दु पांडे संतोष राम संजय पासवान सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन की सदस्या के निधन पर शोकसभा



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन की वरिष्ठ सदस्या व पत्रकार संजय तिवारी की माँ कलावती कुँवर के निधन पर शनिवार को संगठन द्वारा स्थानीय एलौन नगर स्थित संघ के विशेष कार्यालय में शोकसभा का आयोजन कर श्रधांजलि दी गई। शोकसभा की अध्यक्षता सत्यनारायण स्वामी ने किया। 90 वर्षीय वयोवृद्ध सदस्या को श्रद्धांजलि देते हुए संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि स्व.कलावती कुँवर धार्मिक विचारों वाली एवं परोपकारी महिला थी।उन्होंने हमेशा बुजुर्गों का सम्मान करने की शिक्षा अपने परिजनों को दिया। उनकी आत्मा शान्ति के तथा शोक-संतप्त परिवार को धैर्य प्रदान के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि देने वालों में राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय "एलौन", डॉ. दिनेश शर्मा, सुग्रीव प्रसाद सिह, जगरोपन सिह, नर्वदेश्वर पांडेय, श्रीराम तिवारी, काशीनाथ पांडेय, सन्तन सिह, बबन सिह, शिवजग प्रसाद, पीके सिह, धरमु पासवान, मृत्यंजय सिह, श्यामनारायण सिह, रामायण चौबे, हरिशकर तिवारी, श्रीराम तिवारी, ई.रामजी दुबे, बिमल पांडेय, देवी बसन्ती त्रिपाठी, सूर्यनाथ सिह, कुशुम देवी, मधुबाला, उषारानी, पार्वती देवी सहित अन्य शामिल है।

## ख़ास ख़बर

### 20 लीटर देशी महुआ वाली शराब के साथ एक धंधेबाज को पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, भगवानपुर(कैमूर)।** थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र हनुमानगढ़ी से एक धंधेबाज को 20 लीटर देसी महुआ वाली शराब के साथ किया गया गिरफ्तार भेजा गया जेल। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद ने बताया, की गुप्त सूचना मिला की माँ मुंडेश्वरी हनुमान गड़ी के पास एक शराब धंधेबाज शराब लेकर जा रहा है l इसकी सुचना पाते हीं भगावनपुर पुलिस माँ मुंडेश्वरी हनुमान गड़ी पहुंची, तो देखा एक व्यक्ति एक गइलन लिए खड़ा है, उस गइलन को चेक किया गया तो उसमे 20 लीटर देशी महुआ वाली शराब बरामद किया गया l तथा शराब जप्त करते हुए, धंधेबाज को भी गिरफ्तार कर भगवानपुर थाना लाया गया। जहां पूछताछ में गिरफ्तार शराब धंधेबाज अपना परिचय, ग्राम-उमापुर निवासी दरोगा राम पिता डोमा राम बताया l जिसके बाद थाना प्रशासन द्वारा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भगवानपुर मे मेडिकल जांच कराकर जेल भेजा गया।

### रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर(भभुआं)।** मोहनिया रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की हुई मौत। जानकारी के अनुसार मृतक व्यक्ति रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गोड़सरा गांव निवासी स्वर्गीय ददन खरवार के पुत्र सोनू खरवार है।स्थानीय लोगों और जीआरपी के मदद से परिजनों को सूचना दिया गया, जहां परिजनों के मौके पर पहुंचने के उपरांत शव को अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। परिजनों ने बताया कि वह अपनी पत्नी को मायके से लाने के लिए, मोहनियां थाना क्षेत्र के कटरा गांव जा रहा था। तभी रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान अचानक ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

### चोरी की बाइक के साथ एक युवक गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)।** रात्रि गस्ती में निकली दुर्गावती पुलिस ने ग्राम धरहरा के पास काली मंदिर स्थित त्रिमुहानी पर एक व्यक्ति को बाइक से आते हुए देखा और रोका, जब प्रशासन द्वारा बाइक का कागजात मांगा गया, तो युवक के पास बाइक का कोई भी कागजात नहीं था। जहां से पुलिस ने युवक के साथ बाइक को लेकर दुर्गावती थाने आई। जब बाइक के नंबर के आधार पर पुलिस ने जांच किया, तो पाया कि बाइक चोरी की है, और इसके खिलाफ गाजीपुर जिला के नगसर थाना में प्राथमिकी दर्ज है। बाइक गाजीपुर जिला के नगसर थाना के ग्राम अवती के बालकिशुन सिंग पिता सर्वजीत सिंह का है, जो चोरी चली गई थी। जिस मामले में गाजीपुर के नगसर थाने में प्राथमिक की दर्ज थी। जांच में चोरी की बाइक साबित हो जाने के बाद, बाइक के साथ पकड़े गए युवक जितेंद्र कुमार पिता स्वर्गीय वकील राम ग्राम चेहरिया को पुलिस ने हिरासत में ले जेल भेज दिया।

# अंजबीत सिंह महाविद्यालय में लंबे अवधी के बाद विद्यार्थियों की उपस्थिति से लौटी रौनक

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** शिक्षा विभाग के निर्देश पर वीर कुअंर सिंह विश्वविद्यालय प्रशासन आरा) के कड़े तेवर पर अंजबित सिंह महाविद्यालय बिक्रमगंज के प्रभारी प्राचार्य प्रो0 प्रभात कुमार के सकारात्मक पहल से करीब 2 दशक बाद छात्रों की अप्रत्याशित उपस्थिति से कॉलेज में एक बार फिर से रौनक लौट आयी है। एक जमाना था जब महाविद्यालय में पढ़ कर छात्र गौरवान्वित होते थे। समाज मे उसे प्रतिष्ठा मिलती थी। छात्र के नाम पर हर जगह सुविधा एवं सहूलियत मिलती थी। धीरे -धीरे प्राइवेट ट्यूशन का प्रचलन बढ़ा। जिसका नतीजा ये हुआ कि महाविद्यालय एवं सरकारी विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति नगण्य होने लगी। उनके अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा। परंतु शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के0 के0 पाठक के 1 फरमान से महाविद्यालय एवं सरकारी स्कूलों में छात्रों की अप्रत्याशित रूप से उपस्थिति ने एक बार फिर से रौनक लौटा फ़िया है, अस्तित्व की नींव को फिर से मजबूत कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिहार सरकार के शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों को शख्त निर्देश देते हुए महाविद्यालय में छात्रों की उपस्थिति 75 प्रतिशत अनिवार्य कर दिया है। जिसका अनुपालन करते हुए महाविद्यालय शख्ती से उक्त निर्देश को लागू कर रहा है। नियमित रूप से महाविद्यालय में उपस्थिति दर्ज न कराने वाले छात्र परीक्षा फार्म भरने से वंचित हो जाएंगे। शिक्षा विभाग के 1 फरमान पर महाविद्यालय में छात्रों की भीड़ उमड़ने लगी। महाविद्यालय का कैम्पस फिर से एक बार गुलजार हो गया है। अंजबित सिंह महाविद्यालय बिक्रमगंज की स्थापना 1957 में उत्कृष्ट सोच रखने वाले एक किसान परिवार ने ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को उच्च शिक्षा देने के उद्देश्य से किया था। स्थापना काल से शिक्षा के क्षेत्र में महाविद्यालय काफी विख्यात एवं लोकप्रिय रहा। 17 अगस्त 1957 में विश्वनाथ सिंह ने महाविद्यालय का प्रथम प्राचार्य का पद संभाला था। अब तक 33 प्राचार्यो एवं 2 प्रशासकों की पदस्थापना प्रचार्य अथवा प्रभारी प्राचार्य के रूप में की जा चुकी है। शिक्षकों के 48 पद स्वीकृत है। जबकि 13 स्थायी एवं 15 अतिथि शिक्षक सेवा दे रहे हैं। कर्मचारियों की संख्या 49 की जगह 23 कर्मचारी सेवा दे रहे है। शिक्षकों एवं कर्मचारियों की घोर कमी के बीच यह महाविद्यालय अपने छात्रों को उन्नत एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित है। वर्तमान में इण्टर कक्षा में 1024 छात्र प्रतिवर्ष, स्नातक -2292 छात्र (सत्र2021-24), स्नातकोत्तर - 210 छात्र(सत्र 2022-24) तथा बीसीए का 60 छात्र अध्ययनरत है। कॉलेज परिसर में अप्रत्याशित छात्रों की उपस्थिति एवं शिक्षकों तथा कर्मचारियों की सरल स्वभाव कॉलेज की गरिमा में चार चाँद लगा रहे हैं। शिक्षा विभाग के उप निदेशक सत्येंद्र नारायण सिन्हा ने कॉलेज का निरीक्षण किया। छात्रों की उपस्थिति देख काफी प्रसन्नता जाहिर किया। महाविद्यालय के कार्यों का काफी सराहना एवं प्रशंसा किया। प्रभारी प्राचार्य प्रो0 प्रभात कुमार के सकारात्मक नेतृत्व से महाविद्यालय में दशकों बाद फिर से रौनक लौट चुकी है।




# रोहतास डीएम एवं एसपी ने किया जनसंवाद






**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** जिलाधिकारी रोहतास धर्मेंद्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक रोहतास विनित कुमार डीडीसी रोहतास शेखर आनंद डीटीओ रोहतास रामबाबू सहित दर्जनों रोहतास प्रशासन के जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में तिलौथू प्रखंड में जिला-स्तरीय पदाधिकारियों के साथ जनसंवाद बैठक में भाग लिया गया तथा आम जनता से सुझाव लिया गया। पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ जनहित की योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसमें जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार के स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड सहित कई योजनाएं के लाभार्थी को कागजात सौंपा गया। जबकि आरक्षी अधीक्षक रोहतास विनित कुमार ने पुलिस को हमेशा पब्लिकली फ्रेंड होने की बात बताया जा रहा है। उनकी जनसमस्याओं को दुर करने लिए हमेशा तत्पर रहने की बात कही। नया ओपी खुलने के साथ पुलिस रोहतास जिले में और बेहतर कार्य करेगी। तिलौथू के रेहल सहित दो जगह पुलिस ओपी खुलने की बात बताते हुए।जन समस्या की निदान की बात कही। मौके पर काफी संख्या में पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा ग्रामीण एवं जन समुदाय उपस्थित थीं।



### पुलिस अधीक्षक कार्यालय डिहरी में आयोजित की गई पीपिंग समारोह



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** नव पदोन्नत पुलिस पदाधिकारीयों को पुलिस अधीक्षक रोहतास विनित कुमार, एवं वरीय पदाधिकारी ने बैच लगाकर नई रैंक से किया अलंकृत। रोहतास जिला बल के 24 पुलिस अवर निरीक्षक को पुलिस निरीक्षक के पद से किया गया अलंकृत। रोहतास जिला बल के नव पदोन्नति पाए सभी पदाधिकारीयों कोआरक्षी अधीक्षक रोहतास ने हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### 40 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** जिले के कोचस थाना पुलिस गस्ती में निकली हुई थी तभी कोचस् थाना क्षेत्र में शराब के कारोबारी काफी मात्रा में शराब मोटरसाइकिल से लेकर व्यापार करने के लिए आ रहा था ।तभी कोचस थाना से पुलिस सहायक अवर निरीक्षक रामचंद्र मुखिया ने शराब कारोबारी को धर दबोचे। जिसमें काफी मात्रा में शराब पाया गया है।कुल 40केन में 25 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है।पुलिस और सरकार की लाख कड़ी मशक्कत करने के बाद भी शराब कारोबारी की तस्करी नहीं थम रही है। सरकार और पुलिस के साथ शराब तस्करों की चूहा बिल्ली की खेल चलता आ रहा है आखिर कब तक यह खेल चलेगा। कुछ कहा नहीं जा सकता है। फिर भी पुलिस कहती है कि तू डाल-डाल चलेगा तो मैं पात-पात चलूंगा।

### प्रदेश राजद अध्यक्ष जगदा बाबू से शिष्टाचार मुलाक़ात कर अररिया राजद अध्यक्ष मो. नसीम ने भेंट किया डायरी



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश कार्यालय में अररिया राजद जिलाध्यक्ष मनीष यादव जिला प्रधान महासचिव मनोज विश्वास, जिला उपाध्यक्ष जनाब हाजी सरवर आलम साहब के साथ अररिया के हर दिल अजीज नेता सह प्रखंड अध्यक्ष भाई जनाब मो नसीम ने प्रदेश राजद कार्यालय पटना में प्रदेश अध्यक्ष बाबू जगदानंद सिंह के मुलाकात कर संगठन पर चर्चा किए। इस दौरान इस अवसर पर मो नसीम जी ने डायरी देकर प्रदेश अध्यक्ष महोदय का अभिवादन किया । मौक़े पर पलासी प्रखंड अध्यक्ष श्री हेम नारायण यादव जी, शादाब भाई भी उपस्थित रहे। इधर अररिया की टीम प्रदेश कार्यालय में ही अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री अरविंद साहनी जी से भी मुलाकात की।

**जलजमाव** समाचार पत्र के माध्यम से समाजसेवी और शासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया

# दुर्गावती बाजार के मस्जिद मुहाने पर जल जमाव दे रहा रोगों को आमंत्रण





**दुर्गावती सदर।** प्रखंड के मुख्य बाजार दुर्गावती में बाजार से होकर मस्जिद की तरफ जाने वाली गली की मुख्य मस्जिद के पास जल जमाव से उस मोहल्ले में रहने लोग वाले लोग परेशान है। 1 महीने पहले पानी पीने के लिए मोहल्ले वासियों को एक पंप की बोरिंग की गई थी जिसके चलते कहीं-कहीं मिट्टी का जमाव हो गया और पानी की निकासी और अवरुद्ध हो गई। जिसके चलते आने जाने वाले रास्ते में जल के अंदर नए कीड़े पैदा हो गए जो रोगों को आमंत्रण दे रहे हैं। समाचार पत्र के माध्यम से समाजसेवी और शासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया वर्तमान समय में उस मोहल्ले के लोगों में चिंता व्याप्त है। मोहल्ला निवासी अकबर ने बताया कि ऐसे मुख्य जगहों पर जल जमाव की स्थिति बनी है इस पर प्रशासन तथा समाजसेवियों यथा शीघ्र ध्यान दें। पानी की निकासी का रास्ता बनाएं वरना कई लोग रोग के शिकार हो सकते हैं।

# अज्ञात परिस्थिति में नव विवाहिता की मौत

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर।** जिला के कुदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चीलबीली पंचायत के नाथूपुर गांव में अज्ञात परिस्थिति में नव विवाहिता की मौत। संदर्भ में थाना अध्यक्ष संजय कुमार से मिली जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र अंतर्गत नाथूपुर गांव में एक नव विवाहित महिला द्वारा, अज्ञात परिस्थिति में आत्महत्या करने जैसी जानकारी मिलने के बाद थाना अध्यक्ष के निर्देश में अपर थाना अध्यक्ष विकास कुमार के द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया गया। शव का पंचनामा करते हुए अपने गिरफ्त में ले, अंत्य परीक्षण हेतु, सदर अस्पताल भभुआं भेजा गया। साथ ही लड़की के मायके पक्ष मृतक के पिता सुदामा राम उम्र करीब 56 वर्ष पिता स्वर्गीय श्याम लाल धोबी साकीम- बबूरहन, थाना- चैनपुर, जिला- कैमूर के आवेदन पर, मृतक नव विवाहित के पति को गिरफ्तार किया गया। मृतक के पिता के अनुसार अपने पुत्री रमिता कुमारी उम्र करीब 22 वर्ष की की शादी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार वर्ष 2022 अप्रैल माह में भारत कुमार पिता भी धोबी ग्राम नाथोंपुर थाना कुदरा जिला कैमूर के साथ किया गया था शादी के बाद मेरी पुत्री अपने ससुराल में ठीक से रह रही थी, कि दिनांक 22.09.2023 की रात्रि 9:00 बजे लगभग मेरा दामाद भरत कुमार फोन किया कि अपनी बेटी को ले जाए। फिर मेरे पुत्री अपनी मम्मी से बात की और फिर मामला शांत हो गया। अचानक दिनांक 23.09. 2023 को सुबह 7:00 बजे मेरा दामाद भरत कुमार ने मुझे फोन किया, कि रमिता कुमारी मर गई। इसकी सूचना पाकर में अपने परिवार एवं रिश्तेदारों के साथ नाथोपुर गांव पहुंचा। जहां पता चला कि मेरा दामाद भरत कुमार पिता भीम धोबी, समधी भीम धोबी पिता स्वर्गीय सिपाही धोबी, समधिन मीरा देवी पति भीम धोबी, दामाद के बड़े भाई चितरंजन कुमार पिता भीम धोबी, मृतक के बड़ी गोतीन, व चंदन राम व उसकी पत्नी के द्वारा अपने लिए भूमि खरीदने के वास्ते हमारे पुत्री से डेढ़ लाख रुपए की मांग दहेज के रूप में किया जा रहा था। साथ ही उसको पैसा ना देने की स्थिति में प्रताड़ित किया जा रहा था। जिसकी आवेदन के आधार पर मामला दर्ज करते हुए मृतक के पति को गिरफ्तार किया जा चुका है।



थाना अध्यक्ष के निर्देश में अपर थाना अध्यक्ष विकास कुमार के द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया गया। शव का पंचनामा करते हुए अपने गिरफ्त में ले, अंत्य परीक्षण हेतु, सदर अस्पताल भभुआं भेजा गया। साथ ही लड़की के मायके पक्ष मृतक के पिता सुदामा राम उम्र करीब 56 वर्ष पिता स्वर्गीय श्याम लाल धोबी साकीम- बबूरहन, थाना- चैनपुर, जिला- कैमूर के आवेदन पर, मृतक नव विवाहित के पति को गिरफ्तार किया गया।

# ख़ास ख़बर

## डीएम-एसपी ने सुनी समस्या, दिया निर्देश



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** शासन के निर्देश पर आज द्वितीय, चतुर्थ शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी व पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में थाना कोतवाली सैदपुर में उपस्थित फरियादियों की फरियाद सुनी। साथ ही शिकायतो को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया। थाना दिवस पर कोतवाली सैदपुर मे राजस्व द्वारा 04 फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतो को लिखित रूप में दिया। जिसमें निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी को दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफियाओ के विरूद्ध एन्टी भू-माफिया एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत करते हुए कड़ी कार्यवाही करे। गरीबो के पट्टे आदि की भूमि पर बार-बार कब्जा करने वालो के खिलाफ केस दर्ज कर जेल तत्काल भेजा जाए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सैदपुर, क्षेत्राधिकारी सैदपुर, थाना प्रभारी, लेखपाल एंव अन्य अधिकारीगण एवं पुलिस विभाग से संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 28 सितंबर को आएंगे जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश सोनी, जखनिया गाजीपुर।** जखनिया विकासखंड के जखनिया गोविंद गांव में स्थित ग्राम सचिवालय का 28 सितंबर को सुबह 11:00 बजे उपराज्यपाल जम्मू एंड कश्मीर मनोज सिन्हा ग्राम सचिवालय का भव्य उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर उपस्थित जनता को भी संबोधित करेंगे। एलजी मनोज सिन्हा का जखनिया से काफी लगाव रहा पूर्व में सांसद व रेल राज्य मंत्री के पद पर आसीन रहते हुए भी जखनिया आना नहीं भूले और यहां के लोगों को बेहतर तरीके से भी पहचानते हैं। यहां की जनता भी मनोज सिन्हा को एक बार फिर गाजीपुर के संसद के रूप में देखना चाहती है इसको लेकर आज से ही चर्चाएं क्षेत्र में तेज हो गई है। जखनिया के प्रधान प्रतिनिधि अशोक कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सचिवालय का उद्घाटन में क्षेत्रीय जनता भी काफी उत्साहित है।

## शबीहुल हसन रिज़वी जिलामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा की अगवाई मे कूढा सादात मे निकाली गई कलश यात्रा



**संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या।** मेरी माटी, मेरा देश के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत कूढा सादात में शबीहुल हसन रिजवी जिला मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा अयोध्या की अगवाई में शबीहुल हसन रिजवी के निवास स्थान से कलश यात्रा का शुभारम्भ किया गया। गांव की प्रमुख गलियों से होते हुए ग्राम पंचायत के सैकड़ो निवासियों से उनके घर से कलश में मिट्टी लिया गया। कलश यात्रा का समापन कार्यालय लोकतंत्र की पवन एवं राम राज सम्पादक व प्रभात कुमार बूथ अध्यक्ष भाजपा के निवास स्थान पर हुआ। कलश यात्रा के दौरान भारत माता की जय के गगन भेदी नारे ग्रामवासियों ने लगाए। शबीहुल हसन रिजवी ने कहा कलश यात्रा का कार्यक्रम पूरे भारत में हो रहा है, जिसमें भारत के नागरिकों का सराहनीय योगदान मिल रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्रामवासियों को धन्यवाद दिया एवं आभार प्रकट किया।इस सराहनीय एवं सफल कलश यात्रा में सैकड़ो ग्रामवासियों ने अपनी सहभागिता निभाई। प्रमुख रुप से राम राज सम्पादक, मनीष कुमार कसौधन, सहजराम रावत,हसीब, भारत, सहित सैकड़ों ग्रामवासी कलश यात्रा में शामिल हुए। एजाज हैदर ,मोहम्मद अली, गुलज़ार कुरेशी ,मुस्तकीम शेख, दिलीप रावत, कैलाश रावत, राम विलास, यसीन शेख, गुनई गौतम, बेकारु गौतम,राम शंकर मौर्या ने कलश यात्रा मे विशेष सहभागिता निभाई।

## तुलसीपुर माझा के पंचायत भवन में चल रही निजी दुकान

**नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा।** ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन का निर्माण इस आशय से किया जाता है कि गांव के विकास संबंधी कार्य यहां से संचालित हों। विकास का खाका बनाने के लिए बैठकें हों। पंचायत सहायक, प्रधान और सचिव यहां बैठकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कर सकें। विकास खंड के अधिकतर गाँव में बने पंचायत भवन जिम्मेदारियों की लापरवाही के चलते जहां धूल फांक रहे हैं वहीं क्षेत्र के तुलसीपुर माझा गाँव के पंचायत भवन में बर्तन बेचने की दुकान संचालित हो रही है। जानकारी करने पर गाँव के एक युवक द्वारा बताया गया की फेरी लगाने वाला यहां 3 दिनों से लगातार पंचायत भवन परिसर में दुकान संचालित कर रहा है। इस संबंध में ज़ब प्रधान प्रतिनिधि लालजी सिंह से बात की गयी तो उन्होंने कहा इसकी जानकारी ही नहीं है। साथ ही उनके द्वारा किसी को दुकान लगाने के लिए नहीं कहा गया।



# अटल भवन पर लोकसभा चुनाव से पहले कार्यशाला का आयोजन





**बलरामपुर।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय अटल भवन पर लोकसभा चुनाव से पहले बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन कर पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने हेतु पार्टी के जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारियों मंडल में जाने वाले प्रवासियों को आगामी कार्ययोजना क्रियाकलापों से अवगत कराया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यशाला की मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर प्रत्येक वर्ष १७ सितम्बर से २ अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े का आयोजन कर तमाम तरह के सेवा के कार्य किये जाते हैं इस बार भी सेवा पखवाड़े के तहत स्वास्थ्य शिविर, आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु लोगों को जागरूक करने, जनसंपर्क, स्वच्छता अभियान जैसे कार्य किये जा रहे हैं केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने जितना कार्य किया है उतना किसी अन्य दल की सरकार ने नहीं किया है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन विधेयक का पारित होना अपने आप में अभूतपूर्व है इसके लिए आज समस्त नारी शक्ति उनका धन्यवाद कर रही है आने वाले समय में लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता संभालने के साथ ही महिलाओं के उत्थान के लिए उनको सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। आज प्रत्येक परिवार में किसी न किसी योजना का लाभार्थी आपको मिलेगा हम सभी को उनसे संपर्क कर पार्टी के अभियानों से जोड़ते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से अवगत कराना है हमें अपने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को भी पार्टी के अभियानों से जोड़ कर रखना है २४ सितम्बर को बूथ पर सभी को मन की बात सुनना है और २५ सितम्बर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती मनाना है सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रत्येक कार्यक्रम की फोटो सरल एप पर अवश्य डालना है। मंडलों में जाने वाले प्रवासियों को अपने दायित्व का और करणीय कार्यों का बोध होना चाहिए। प्रदेश मंत्री ने कहा कि जनपद बलरामपुर संगठनात्मक दृष्टि से हमेशा महत्वपूर्ण जनपद रहा है आप सभी कार्यकर्ताओं को अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए आगामी चुनाव में लगना है। इस दौरान मन की बात को लेकर प्रवासी गौरव वर्मा ने अपना विषय रखा । भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा का स्वागत करते हुए आये हुए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया । इस दौरान भाजपा कार्यालय पर ढोल नगाड़े और पटाखे दागकर भाजपा पदाधिकारियों और महिला मोर्चा की पदाधिकारियों द्वारा नारी शक्ति वंदन विधेयक हेतु खुशी मनाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया गया। उक्त अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह 'गुड्डू', सदर विधायक बलरामपुर पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ला , जिला महामंत्री विष्णु देव गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक वरूण सिंह, रवि कुमार मिश्रा, बिंदू विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष रामकरन मिश्रा, सरदार परमजीत सिंह, रमेश जायसवाल,जन्मेजय सिंह, जिला मंत्री अवधेश तिवारी, सुनीता मिश्रा, राजेश वर्मा, मनोज श्रीवास्तव, रामदीन वर्मा, डीपी सिंह , संदीप उपाध्याय,ललिता तिवारी, मंजू तिवारी, दुष्यंत चौधरी, संदीप वर्मा, शिव बहादुर सिंह, शैलेन्द्र सिंह सहित, प्रवीण सिंह, दिलीप गुप्ता मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मंडल प्रवासी, मन की बात अभियान में लगे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रेमिका से मिलने पंहुचे प्रेमी ने खिलाया जहर, हुई मौत



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाज़ीपुर।** नंदगज थाना क्षेत्र अंतर्गत अलीपुर बनगांवा गांव में गुरुवार की रात एक किशोरी की संदिग्ध हालत में इलाज के दौरान मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । थाना क्षेत्र के अलीपुर बनगांवा निवासी बद्री कुशवाहा की पुत्री मंसा (16) शुक्रवार की रात संदिग्ध हालत में मौत हो गयी। मृतका के पिता ने थाने में तहरीर दिया है, कि गांव के अंकित गौड़ और मंसा आपस मे बातचीत व एक दूसरे से प्रेम करते थे। मेरे परिवार को जब जानकारी हुई तो मैं अपनी पुत्री को काफी समझाया बुझाया लेकिन वह 13 सितम्बर को वह अपनी प्रेमी अंकित के साथ बिना बताये घर से चली गयी थी मैं अपने बदनामी की डर से उसे समझा बुझा कर घर ले आया तथा लड़के को भी समझाया बुझाया । लेकिन वह नही माने शुक्रवार की रात 2 बजे अंकित मेरे घर आ गया मेरी लड़की से चोरी से मिलने कि कोशिश किया मैं उसे 112 नम्बर पुलिस के हवाले कर दिया। वह मेरे पुत्री को कब जहर खिला दिया यह किसी पता नही चला वापस घर मे गया तो मेरी पुत्री उल्टी करने लगी तो हालत गम्भीर होने पर उसे जिला अस्पताल ले गये जहाँ उसकी सुबह 6 बजे मौत हो गयी। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के पिता द्वारा तहरीर मिली है।

## संगठन को मजबूत बनाने के लिए कई बिंदुओं पर हुई चर्चा



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे, शादियाबाद।** गाजीपुर पूर्वांचल पत्रकार एकता समिति संगठन की महत्वपूर्ण बैठक मनिहारी ब्लॉक के शादियाबाद में हुई संपन्न इस दौरान पूर्वांचल पत्रकार एकता समिति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप दुबे जी द्वारा सभी पत्रकारों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई जिसमें पत्रकारों के हित और सुरक्षा और कई बिंदुओं पर चर्चा हुई पत्रकारों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप दुबे जी द्वारा कई ठोस कदम उठाने की जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सभी पत्रकारों को दी गई गाजीपुर जिले में पूर्वांचल पत्रकार एकता समिति संगठन एक प्रसिद्ध और उभरता हुआ संगठन बन रहा है संगठन लगातर पत्रकारों के हित में कार्य कर रहा है जिससे लगातार भारी संख्या में कई सम्मानित पत्रकार जैसे प्रदीप दुबे,सुधीर राय, प्रशान्त तिवारी,अंकित दुबे, सुनील गुप्ता,सुधाकर पांडे, विकाश सिंह,सोनू ,गुड्डू सिंह,अभिषेक सिंह,हसन इकबाल,मोहम्मद आकिब,सन्तोष,किरण नाई, इकरामुल हक,राजू सिंह आदि पत्रकार मौजूद रहे संगठन में जुड़कर अपना सहयोग और साथ दे रहे हैं जिससे पत्रकारों के हित में शासन प्रशासन के साथ एक पारदर्शिता बनी रहे और पत्रकार अपनी सुरक्षा के साथ-साथ समाज में होने वाले घटनाक्रम से शासन प्रशासन को भी अवगत करा सके।

## समृद्धि योजना अंतर्गत सदस्यता अभियान का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** सहकारिता विभाग में सहकार से समृद्धि योजनान्तर्गत दिनांक 01 सितम्बर, 2023 से 30 सितम्बर, 2023 तक चलाये जा रहे सदस्यता महाअभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 23 सितम्बर 2023 को बी-पैक्स देवचन्दपुर, विकासखण्ड देवकली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश सिंह अलगू क्षेत्रिय संयोजक, सहकारिता प्रकोष्ठ गाजीपुर रहे एवं अध्यक्षता सरोजेश सिंह, जिला सहकारी बैंक लि० गाजीपुर के द्वारा की गयी। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, उप आयुक्त एवं उप निबंधक, सहकारिता, वाराणसी मण्डल, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता अंसल कुमार, अपर जिला सहकारी अधिकारी तहसील प्रभारी सैदपुर देवेन्द्र सिंह, जिला सहकारी बैंक के सचिव कैलाश चन्द, सूर्यनाथ यादव, सभापति कय-विक्रय सहकारी समिति सैदपुर, आनन्द प्रकाश सिंह, सभापति बी-पैक्स देवचन्दपुर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को सहकार से समृद्धि योजनान्तर्गत समिति स्तर पर चलाये जा रहे अनेक योजनाओं एवं सहकारी बैंकों से मिलने वाली सुविधाओं के बारे बताया गया। सदस्यता महाअभियान के अन्तर्गत आज बी-पैक्स देवचन्दपुर मे 250 नए सदस्य बनाए गए तथा सदस्यों को राकेश सिंह अलगू, क्षेत्रिय संयोजक, सहकारिता प्रकोष्ठ गाजीपुर, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री सुनील सिंह, जिला सहकारी बैंक लि० गाजीपुर के सभापति श्री सरोजेश सिंह एवं उप आयुक्त एवं उप निबंधक, सहकारिता, वाराणसी मण्डल द्वारा सदस्यता प्रमाण-पत्रों का वितरण किया गया।

## बाईक से चोरी छिपे बेच रहा था गांजा, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** थाना दिलदारनगर पुलिस ने गाँजा व मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक थाना दिलदारनगर और उप निरीक्षक चन्द्रशंकर मिश्र ने वायरलेस चौहारा से शनिवार को एक व्यक्ति को मोटर साइकिल के साथ पकडा। जिसके कब्जे से एक किलो सात सौ पचास ग्राम गांजा बरामद किया गया। पूछताछ करने पर अपना नाम आजम कुरैशी पुत्र स्व0 शाहजहा कुरैशी निवासी मिर्चा थाना दिलदारनगर बताया। कहा कि साहब यह जो मोटरसाइकिल है चोरी की है। कुछ दिन पहले बिहार प्रान्त के भभुआ जिला थाना क्षेत्र मोहनिया से चुराया था। इसी मोटरसाइकिल से मै चोरी छिपे गांजा बेचता हूं और गांजा पीता हूँ। मोटरसाइकिल की चोरी होने के बाद सम्बन्धित थाना मोहनिया से सम्पर्क किया गया तो जानकारी हुई कि चोरी के सम्बन्ध में थाना मोहनिया पर मुकदमा पंजीकृत है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में हेड कांस्टेबल सुरेश यादव और चन्द्रप्रकाश पटेल शामिल थे।

## बीएड में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिये विशेष छूट



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** गोपीनाथ पीजी कालेज देवली सलामतपुर बहादुरगंज गाजीपुर में बीएड में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिये विशेष छूट दी जा रही है। प्राचार्य डा. सुधा त्रिपाठी ने बताया कि एक साल की बीएड फीस मात्र 30000 ही ली जा रही है, गोपीनाथ विद्या ट्रस्ट द्वारा संचालित गोपीनाथ पीजी कालेज व जी.एन वुमेन्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में छात्र व छात्राओं के लिए टोटल 200 सीट है, काउंसिलिंग व प्रवेश की सुविधा कालेज पर उपलब्ध है जहाँ से छात्रों को सीधे प्रवेश दिया जा रहा है। इसी प्रकार डीएलएड बीटीसी की 250 सीटों पर प्रवेश जारी है, छात्र गोपीनाथ पीजी कालेज, जी.एन वुमेन्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूट व आर.टी इंस्टीट्यूट में कालेज से आनलाईन काउंसिलिंग करा के सीधे प्रवेश ले सकते हैं, कालेज के छात्रों के लिए डीएलएड में विशेष छूट दी जा रही है। यह कालेज मऊ-कासिमाबाद रोड पर देवली, सलामतपुर, गाज़ीपुर में स्थित है। प्रवेश के लिए आप 9628261065 पर संपर्क कर सकते हैं।

## भारत सरकार व उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित आयुष्मान भव का सच बलरामपुर



**संवाददाता संतोष कुमार दुबे, बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश बलरामपुर माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार व उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा चलाए जा रहे आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत बलरामपुर जनपद में नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत जानकारी ली गई। जिसके अंतर्गत महिला चिकित्सालय बलरामपुर में आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने के लिए कुछ लोग कमरा नंबर 17 में लाइन में खड़े नजर आए कंप्यूटर का कार्य देख रहे स्टाफ ने कहा अभी नेटवर्क नहीं है हम मीटिंग में जा रहे हैं 1:00 बजे आइये और 17 नंबर कमरे में ताला लगाकर के चले गए वहां से कुछ लोग जो लाइन में खड़े थे बाहर आए और सरकार व विभाग की तारीफ करने लगे। इसी क्रम में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खलवा मे सुबह 9:00 बजे सफाई कर्मचारी सोनी की नियुक्ति है लेकिन सफाई कोई और करता नजर आया 10:30 पर फार्मासिस्ट समीर सिद्दीकी आए उनसे जानकारी ली गई। उन्होंने बताया भारत सरकार की महत्वपूर्ण आयुष्मान भव योजना है इस योजना का लाभ हमारे यहां रविवार को मेले का आयोजन किया जाएगा जिसमें निशुल्क दवा वितरण .जांच .ओपीडी. योगा .गैर संचारी .आयुष्मान कार्ड बनाना आभा कार्ड बनाना वह वितरण का कार्य किया जाएगा। सिद्दीकी ने बताया आयुष्मान ऐप आ गया है जिसके पास एंड्रॉयड नहीं है वह हमारे यहां करा सकता है महाराजा भगवती प्रसाद मेमोरियल में आयुष्मान कार्ड का कार्य बंद था। स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी इस योजना पर बड़ी मेहनत कर रहे हैं।

## चोरी गए नल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**बलरामपुर जिला संवाददाता के बी गुप्ता।** पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला श्रीमती ज्योतिश्री के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष गैंड़ास बुजुर्ग पवन कुमार कनौजिया के नेतृत्व में शनिवार को उ0नि0 उमाकान्त मिश्र मय टीम के द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 153/2023 धारा 379/411 भा0द0वि0 से सम्बन्धित चोरी हुए नल को बरामद किया गया तथा अभियुक्त भन्नन पुत्र बब्बन उम्र 20 वर्ष निवासी ढाढ़ीडीह अहिरवनडीह मौजा इटई रामपुर थाना गैण्डास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

**सम्मेलन** — बूथ और सेक्टर को मजबूत करने की जरूरतः विनय सागर पूर्वांचल प्रभारी

## अत्याचार व जुल्मों सितम की लड़ाई लड़ने वाली पार्टी है आजाद समाज पार्टीः डा. आकिब अंसारी प्रदेश महासचिव



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर।** भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के गौरा खास गांव के अंबेडकर पार्क में आजाद समाज पार्टी कांशीराम के कार्यकर्ता सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ ।जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव डॉक्टर आकिब अंसारी का काफिला जैसे ही जखनिया चौज़ा तिराहा पर पहुंचा पहले से ही सैकड़ो की संख्या में बाइक सवारों ने फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया। उसके बाद कार्यक्रम स्थल में भी आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव डॉक्टर आकिब अंसारी ने संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने संविधान तो बना दिया लेकिन संविधान को चलाने वाले की नियत गड़बड़ा गई है। आज देश के अंदर गरीब अमीर जातिवाद के दलदल में धकेला जा रहा है। आम गरीब जनता का आए दिन उत्पीड़न हो रही है। सत्ताधारी सरकार नहीं देख पा रही है। लगातार कागजों पर योजना चला कर वाह वाही लूट रही है। दलित अति शोषित पिछड़े वर्ग के समाज को सोचने की जरूरत है की 85% संख्या होने के बावजूद 10% लोगों के हुकूमत झेलनी पड़ रही है। संविधान का मतलब होता है कि सांसद विधायक का बेटा जिस स्कूल में पढ़े, उसी स्कूल में गरीब का भी बेटा पड़े। थाने पर जिस हिसाब से गरीब पर केस दर्ज किए जाते हैं अमीर पर नही होता ऐसा क्यों। गरीब अमीर सबके साथ एक साथ व्यवहार करना चाहिए ।लेकिन गरीबों पर आए दिन जुल्मों सितम का कहर ढाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने की जरूरत है संगठन जितना मजबूत होगा उतनी ही हम लोग बड़ी मुकाम हासिल करेंगे और संविधान की रक्षा करेंगे। विशिष्ट अतिथि प्रदेश सदस्यता अभियान समिति शिवप्रसाद विश्वकर्मा ने कहा कि आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर की नीतियों को जन जन तक पहुंचना चाहिए और लोगों को समझना चाहिए की चंद्रशेखर आजाद गरीब मजलूमों की लड़ाई लड़ते हैं और उनका हक हकुक दिलाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले बार जो गलतियां समाज ने किया वह इस बार के चुनाव में गलतियां ना करें और किसी के बहकावे में ना है ।आजाद समाज पार्टी के बैनर तले आजाद समाज पार्टी को मजबूत करें।

## यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओ को चुनाव प्रभारी ने दी जानकारी



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** शनिवार को यूथ कांग्रेस के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में यूथ कांग्रेस का चुनाव होने जा रहा है। जिसको लेकर चुनाव अधिकारी कुलदीप बाना ने जिले में यूथ कांग्रेस के चुनाव को लेकर सभी यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओ को चुनावी नियम समझाते हुए। साल 2017 में अंतिम बार उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस का चुनाव हुआ था. 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस प्रदेश में अपने संगठन को मजबूत करने में जुटी हुई है. इसी कड़ी में युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए यूथ कांग्रेस की मेंबरशिप व चुनाव प्रक्रिया की घोषणा की गई. यह जानकारी चुनाव अधिकारी कुलदीप बाना ने यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओ को दी। उन्होंने बताया कि 'यूथ कांग्रेस का चुनाव न केवल युवाओं को पार्टी जोड़ने के लिए है, बल्कि यहां नेता बनो और नेता चुनो की प्रक्रिया भी है। उन्होंने बताया कि मेंबरशिप और चुनाव की प्रक्रिया दोनों ही 22 सितंबर से शुरू हो रही है। इस चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश को तीन हिस्सों में बांटा गया है, जिसमें पहला पश्चिम उत्तर प्रदेश, दूसरा मध्य उत्तर प्रदेश और तीसरा पूर्वी उत्तर प्रदेश है। इन तीनों ही जगह प्रदेश प्रभारी, जिला प्रभारी व विधानसभा प्रभारी का चुनाव किया जाएगा। तीनों ही भागों में 6-6 मंडल उन में आने वाले जिलों और विधानसभा को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में वह भी प्रत्याशी केवल एक पद पर ही चुनाव लड़ सकता है। इस मौके पर यूथ जिला अध्यक्ष सुधांशु तिवारी, प्रदेश महासचिव दिवांशु पाण्डेय अंशु , जिला उपाध्यक्ष जावेद आलम , जिला उपाध्यक्ष डॉ ज्ञानचंद्र राम, जिला महासचिव अच्छे लाल , माधव कृष्ण , ताम्रध्वज कुमार, अमन कुमार, सूरज कुमार, पंकज कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# खास ख़बर

## प्रधानमंत्री ने किया अटल आवासीय विद्यालय का लोकार्पण



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोण्डा शनिवार को प्रधानमंत्री ने वाराणसी से उत्तर प्रदेश के 16 अटल आवासीय विद्यालयों का लोकार्पण किया। इनका निर्माण लगभग 1,115 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। इससे पहले प्रधानमंत्री ने अटल आवासीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं से संवाद भी किया। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे। प्रत्येक विद्यालय का निर्माण लगभग 10 से 15 एकड़ क्षेत्र में किया गया है। छात्रों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए यहां खेल के मैदान, मनोरंजन गतिविधियों के लिए क्षेत्र, एक सभागार, छात्रावास परिसर, मेस और कर्मचारियों के लिए आवासीय फ्लैट की सुविधा भी दी गई है। देवीपाटन मंडल के अंतर्गत अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण मनकापुर के सिसवा ग्राम में किया गया है। विद्यालय परिसर में लोकार्पण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। सजीव प्रसारण को जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व बच्चों द्वारा देखा व सुना गया।

## रक्तदान हमारे शरीर के लिए बहुत ही जरूरीःनवनीत कौशल



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । पत्रकार नवनीत कौशल "डब्बू"ने किया रक्तदान ।जरूरतमंदो को रक्त देने के लिए सदैव तत्पर रहते है पत्रकार नवनीत कौशल।कोरोना काल मे कई बार रक्तदान कर बचा चुके है ।नवनीत कौशल ने कहा कि युवाओं को आगे आना चाहिए और रक्तदान करना चाहिए उन्होंने कहा कि रक्तदान हमारे शरीर के लिए बहुत ही जरूरी होता है, और इससे एक व्यक्ति की जान भी बच सकती है, रक्तदान स्त्री या पुरुष कोई भी कर सकता है। कुछ व्यक्ति होते है जो रक्त देने से डरते हैं इसलिए समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए  रक्तदान के महत्व को लोगों को समझाया जाए जिससे लोगों में रक्तदान के जागरूकता बढ़े और वह भी रक्तदान करें।

## लूट का फरेब रचने वाला युवक गिरफ्तार

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ मिल्कीपुर- अयोध्या**। एसएसपी दिशा निर्देशन मे अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के इनायत नगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह  के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने थाना स्थानीय में पंजीकृत मु0अ0सं0 424/2023 धारा 408, 411 आईपीसी से सम्बन्धित अभियुक्त संजय कुमार कनौजिया पुत्र जगतपाल निवासी ग्राम अजनहवा मदारा थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को रायबरेली फैजाबाद रोड ग्राम पाराब्रह्मनान जाने वाले रोड पर करीब 200 मीटर से मय मिडलैन्ट माइक्रोफिन लिमिटेड कम्पनी बैंक जालंधर पंजाब के माध्य में समूह के सदस्यो से जमा कराये गये 85 हजार 2 सौ रूपये के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

## श्री हनुमानगढ़ी  समिति की बैठक संपन्न

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ गोसाईगंज-अयोध्या**। भीटी चौराहा स्थित हनुमानगढी मंदिर फोर लाइन में जाने से नगर में रोष व्याप्त है इसी संदर्भ में नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी  रविंद्र जायसवाल (राजे इलेक्ट्रिक) ने नगर के लोगों की एक बैठक   हनुमान मंदिर प्रांगण पर बुलाई बैठक में उपस्थित सभी व्यापारियों ने यह निर्णय लिया एक कमेटी बनाई जाए और संबंधित अधिकारियों से मुलाकात कर मांग की जाए की मंदिर प्रांगण से ज्यादा से ज्यादा 100 मीटर की दूरी पर मंदिर निर्माण हेतु जमीन मुहैया कराई जाए एवं सरकार द्वारा उस स्थान पर मंदिर का पुनर्निर्माण कराया जाए ! बैठक में जगदंबा प्रसाद सुनील वस्त्रालय लक्ष्मण मौर्य,विवेक कुमार जायसवाल, रविंद्र जायसवाल संजय पराग,गोपीनाथ अंगियार,कालीचरण वर्मा, विजय (बर्तन) शशिकांत ,आलोक गुप्ता ,सुनील सैकी, अनिल,पारस वीडियो सहीत नगर से सैकड़ो लोगों की उपस्थिति  रहीं!

## पत्रकार की चाची व पूर्व अध्यापिका के निधन पर  शोक जताया

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ पूरा बाजार- अयोध्या**। एक दैनिक हिंदी समाचार पत्र के स्थानीय पत्रकार सुशील सिंह की चाची वह पूर्व शिक्षिका प्रेमा सिंह पत्नी पूर्व सैनिक स्व. राम पाल सिंह 80 वर्ष का निधन हो गया निधन की सूचना मिलते ही उनके पैतृक आवास पूरा बाजार पर अंतिम दर्शन के लिए लोगों का ताता लगा रहा हर कोई उनके सरल व्यवहार एवं व्यक्तित्व की चर्चा करता दिखा।  प्रेमा सिंह के निधन पर विधायक अभय सिंह विधायक वेद प्रकाश गुप्ता स्टेट बैंक ऑफिसर एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भगवान बक्श सिंह पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय  जैगरी मिल के संस्थापक अवधेश सिंह अवध विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डा एम पी सिंह पूरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह पीसीएफ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पत्रकार ,सुरेश दुबे, डॉ टीवी सिंह, अवधेश मिश्र राजेंद्र दुबे "राजू" जयप्रकाश गुप्ता सूर्य नारायण विश्वकर्मा, अशोक कुमार तिवारी, शीतला प्रसाद, पी.के. सिंह "राजन" कपिल देव गुप्ता आदि पत्रकार शोक संवेदना व्यक्त किया रविंद्र पांडेय बच्चू लाल इंटर कॉलेज के प्राचार्य देवेंद्र सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख धर्मराज पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंभू नाथ सिंह दीपू कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह अनिल कुमार सिंह वीरेंद्र सिंह नरेंद्र सिंह संजय सिंह व डा पंकज सिंह ने प्रेमा सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व तथा समाज सेवा  की सराहना करते हुए गहरा दुख व्यक्त किया सरयू नदी के किनारे दिलासीगंज घाट में उनके पुत्र आदित्य सिंह ने मुखर दिया।

# गोण्डा में विश्व विद्यालय की मांग को लेकर छात्र पंचायत







**नवाबगंज (गोण्डा)शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा** । नगर के 3 इंटर कालेजों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा जिले में विश्वविद्यालय की मांग को लेकर छात्र पंचायत की गयीं. नगर स्थित डी ए वी, गाँधी व कन्या इंटर कालेज में एवीवीपी के छात्र नेता शिवम पाण्डेय नेतृत्व में छात्र पंचायत आयोजित कर जिले में विश्वविद्यालय की मांग प्रखर की गयीं. सभी छात्रों को विश्वविद्यालय के महत्व की जानकारी देते हुए छात्र नेता इसके लिए आवाज बुलंद करने को कहा. सभी छात्रों ने इस अभियान को पूर्ण समर्थन प्रदान किया. मौके पर दिव्यांशु पाण्डेय, प्रियांशु पाण्डेय सहित तमाम युवा छात्र छात्राये उपस्थित रहे.

## मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों पर आयोजित थाना समाधान दिवस में पेश हुए 21 मामले



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ मिल्कीपुर - अयोध्या**। मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों इनायत नगर, कुमारगंज और खंडासा पर आयोजित थाना समाधान दिवस में थाना क्षेत्र से 21 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की। जिनमें मात्र 4 मामलो का निस्तारण मौके पर थाना प्रभारियों द्वारा करा दिया गया। शनिवार को कुमारगंज थाने में उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रतन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में थाना क्षेत्र से 2 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की। जिनमें से एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। इनायत नगर थाने में क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर आशीष निगम की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस कुल 16 शिकायतें आई। जिनमें से तीन का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। वही खंडासा थाने पर नायब तहसीलदार अमानीगंज आनंद प्रकाश राय की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में थाना क्षेत्र से 3 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पेश की जिनमें एक मामले का निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । आरोही एक उड़ान सेवा ट्रस्ट ने अयोध्या एकेडमी स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया  जिसमें डॉ. शिखा श्रीवास्तव और अन्जली श्रीवास्तव के द्वारा जानकारी दी गयी जिसमें ट्रस्ट की अध्यक्षा पल्लवी वर्मा और पदाधिकारी अमिता सिंह उपस्थित रही इस दौरान डॉ. शिखा श्रीवास्तव ने छात्राओं को बताया कि स्वस्थ शरीर ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी होती है। स्वास्थ्य जीवन खुशहाल मन और मानव जीवन की नियामत है। स्वस्थ होने से तात्पर्य केवल रोगमुक्त जीवन ही नहीं, बल्कि पूरी तरह से फिट होना भी है और इसकी प्राप्ति-संतुलित आहार, व्यायाम, आराम, तनावमुक्ति, मनोरंजन से होती है।अन्जली श्रीवास्तव ने कहा कि भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियों का प्रयोग करें।

## अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के केंद्रीय कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन शनिवार को नगर निगम के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी व पूर्व मंत्री तेजनारायण ने संयुक्त रूप से किया।यह कार्यालय अयोध्या नगर निगम अंतर्गत शक्ति नगर कॉलोनी निकट नवल्स एकेडमी के परिसर में है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने किया। उद्घाटन के मौके पर मुख्य अतिथि महापौर गिरीशपति त्रिपाठी अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन पर सभी पदाधिकारी सदस्यों और शुभचिंतकों को शुभकामना और आशीर्वाद दिया उन्होंने कहा मैं सदैव अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के साथ मिलाकर चलूंगा जहां भी मेरी आवश्यकता होगी मैं साथ में खड़ा रहूंगा विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने कहा अखिल भारतीय चाणक्य परिषद केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन हुआ गरीब बच्चों को पढ़ने लिखने से लेकर गरीब बेटियों की शादी करने का काम अखिल भारतीय चाणक्य परिषद करेगी  संपूर्ण चाणक्य परिषद के पदाधिकारी को जुड़े हुए सदस्यों को संस्थापक सदस्यों को सभी लोगों को ढेर सारी शुभकामनाएं एक छोटे से कार्यकर्ता के रूप में सदैव परिषद के साथ कार्य करता रहूंगा विशिष्ट अतिथि डॉक्टर संजयन त्रिपाठी ने कहा एक कार्यालय की आवश्यकता थी पूरी हुई हमारा सौभाग्य है की केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन हुआ है और मैं समझता हूं कि किसी भी संगठन के लिए चार चीज बड़ी महत्वपूर्ण होती है जिसमें कार्यकर्ता कार्यालय कार्यक्रम और कोष महत्वपूर्ण होते हैं ।प्रदेशाध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने कहा लोकसभा के चुनाव में ब्राह्मण समाज पूरी तैयारी के साथ कार्य करेगा जो ब्राह्मण समाज का कार्य करेगा वही हिंदुस्तान नहीं पूरे विश्व में राज करेगा आप अपने दुखों को दूर करते हुए समाज के उत्थान में अपनी भूमिका का निर्माण करें क्योंकि समाज का उत्थान तभी होगा। अखिल भारतीय चाणक्य परिषद केंद्रीय कार्यालय से पूरे देश के विप्र बन्धुओ से संपर्क किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन आचार्य राधेश्याम मिश्र राष्ट्रीय महामंत्री ने किया।अखिल भारतीय चाणक्य परिषद इस अवसर पर अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय  संरक्षक पंडित राम अनुज तिवारी,राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राम नारायण शुक्ल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष क्षीरेश्वर मिश्र, राम त्रिपाठी, सदस्य जयप्रकाश तिवारी, बबलू पांडे करन त्रिपाठी के अलावा प्रदेश तथा जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहें ।

## वजीरगंज जनपद गोण्डा में जनसुनवाई कर कराया गया जनशिकायतों का निस्तारण

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोंण्डा 23.09.2023 को पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा अमरेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा में जनसुनवाई की गयी। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में कुछ प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया तथा शेष प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर सभी संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## थाना को0 नगर में की जनसुनवाई, प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने के दिए निर्देश



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोंण्डा 23.09.2023 को थाना समाधान दिवस के अवसर पर  पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल ने को0 नगर में जनसुनवाई की। को0 नगर में जनसुनवाई के दौरान कुल 11 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमे से 01 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया शेष प्रकरणों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मामले के निस्तारण हेतु मौके पर रवाना किया गया।  इसी प्रकार अपर पुलिस अधीक्षक गोंडा श्री शिवराज द्वारा थाना को0 करनैलगंज में फरियादियों की शिकायतों को सुना गया। इसी प्रकार समस्त क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा थाना समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। समस्त थानों से कुल 131 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए 12 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया शेष राजस्व संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण हेतु मौके पर भेजा गया इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

## हिंदी भारत की पहचान हैः घनश्याम पांडेय



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । अधिवक्ता परिषद गोंडा इकाई द्वारा हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत 'भारतीय न्याय व्यवस्था में हिंदी की भूमिका' विषयक संगोष्ठी जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह जी के आवास पर आयोजित की गई। मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखते हुए अधिवक्ता परिषद के संरक्षक घनश्याम पांडेय ने कहा कि हिंदी सिर्फ भाषा ही नहीं बल्कि भारत की पहचान है। यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था में हिंदी की भूमिका इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि ये आम जनता से सीधे जुड़ी हुई भाषा है। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे अधिवक्ता परिषद के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है। अपनी मातृभाषा में हम अपने विचारों को ज्यादा प्रभावी रूप से व्यक्त कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी हिंदी बोलने वालों की जिम्मेदारी है कि हम हिंदी को मजबूत करने के लिए संकल्पित हों। संचालन करते हुए महामंत्री धनलाल तिवारी ने कहा कि अक्सर लोग हिंदी बोलने वालों को हेय दृष्टि से देखते हैं। उन्हें अपनी सोच बदलने की आवश्यकता है। हमारी हिंदी भाषा बहुत समृद्ध है और हमें अपनी भाषा पर गर्व होना चाहिए। संगोष्ठी में केपी सिंह, ओम प्रकाश शुक्ला, रामबाबू तिवारी, शुभम शुक्ला, विनोद यादव, शैलेंद्र मिश्रा सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## उदासीन आश्रम देवगांव के उत्तराधिकारी बने महंथ बलराम दास



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ कुमारगंज -अयोध्या** । जनपद के मिल्कीपुर तहसील के देवगांव में स्थित उदासीन आश्रम के महंथ रहे सुंदर दास के देहांत के बाद उदासीन संगत के महंतो पंचायती अखाड़ा के महंथ महेश्वर दास, महंथ अद्वैतानंद, रानोपाली आश्रम के भरतदास, फतेहपुर के महंथ धर्म प्रकाश, चन्द्रमा दास, धर्मेन्द्र दास, अभिषेक मुनि व संगत से जुड़े उदासीन संप्रदाय के हजारों मंहथो व अनुयायियों की उपस्थित में बलराम दास को देवगांव आश्रम का श्री महंथ बनाया गया और परम्परानुसार महंथी तिलक चादर कार्यक्रम संपन्न हुआ।उदासीन आश्रम देवगांव के  महंत रहे स्वर्गीय महंत सुंदर दास की याद में भण्डारा शुरू हुआ।जिसमें रुदौली से भाजपा विधायक रामचंद्र यादव, पूर्व विधायक व भाजपा नेता गोरखनाथ बाबा, हरिकेश शुक्ल, बब्बन, शम्भू सिंह, राजेश मिश्रा, खाकी शरण सिंह, रण विजय सिंह, सर्वेश तिवारी, नगर पंचायत कामाख्या धाम के अध्यक्ष करिया शुक्ला, महेंद्र प्रताप सिंह, सुमित हजारों की संख्या में आश्रम से जुड़े भक्त अनुयाई और गढ़ मान्य लोग मौजूद रहे।

आयोजन — महिला आरक्षण विधेयक पारित होने पर खुशियां मनाती विद्यालय की महिला शिक्षकाएं

## महिलाओं के लिए मजबूत प्रतिनिधित्व व सशक्तिकरण के नए युग की शुरुआत होगीःडॉक्टर अंजू पाण्डेय




**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ गोसाईगंज अयोध्या**। महिला आरक्षण विधेयक के संसद में पास होने के उपलक्ष्य में ग्रामर्षि एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल गद्दोपुर में शनिवार को महिलाओं द्वारा सरकार को धन्यवाद  कार्यक्रम आयोजन किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला महाविद्यालय की प्राचार्या व भाजपा नेत्री डॉक्टर अंजू पाण्डेय रही।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर अंजू पाण्डेय ने सरकार के इस कदम को ऐतिहासिक व दूरगामी बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि दिखाती है,  कि मोदी है तो मुमकिन है।कहां कि आजादी के इतने वर्षों के बाद यह विधेयक संसद में जिस तरह से  सर्वसम्मति से पारित हुआ है ,यह हमारे देश के 140 करोड़ भारतीयों के लिए गौरव का क्षण है। इससे महिलाओं के लिए मजबूत प्रतिनिधित्व व सशक्तिकरण के नए युग की शुरुआत होगी। यह महज एक विधान नहीं  है बल्कि उन अनगिनत महिलाओं को श्रद्धांजलि है ,जिन्होंने देश के विकास में अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम सुनिश्चित करता है कि उनकी आवाज को अब और प्रभावी ढंग से सुना जाएगा।इस अवसर पर शालिनी सिंह,विजय लक्ष्मी गुप्ता ,अनीता पाटिल, प्रिया द्विवेदी, प्रीति उपाध्याय, सुमन सिंह, आंचल सिंह, अंकिता सिंह, ज्योति मिश्रा, प्रतिमा गुप्ता, सोनाली सिंह , निल्लम्मा एंथोनी ,आरती मिश्रा , प्रिया सिंह,  ममता गुप्ता सहित आदि उपस्थित रही।

## आखिर क्यों थाना दिवस पर आवेदन कर्ता रहे मायूस



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर** । गाजीपुर जनपद के दुल्लहपुर थाना पर आज नायब तहसीलदार सत्येंद्र मौर्य और थानाध्यक्ष अशोक मिश्रा के मौजूदगी में सिर्फ एक आवेदन आया जिसका भी निस्तारण नहीं हुआ उसे भी मायूस वापिस जाना पड़ा वहीं भुड़कुडा कोतवाली में तहसीलदार और कोतवाल तारावती के मौजूदगी में दो आवेदन आए दोनो का निस्तारण नहीं हुआ वहीं कुच्छ समाजसेवियों का कहना है कि लोगों का विश्वास अब उठ रहा है लोग थानों पर सक्रिय दलालों के झांसे में आकर परेशान रहते हैं ।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की नयी योजना "एक नया सवेरा" के तहत शिविर का हुआ आयोजन



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायधीश  गौरव कुमार श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला जज शैलेन्द्र सिंह यादव के संचालन में प्रारंभ किया गया प्रोजेक्ट "एक नया सवेरा" जिसमें बालक बालिकाओं के अधिकारों, असुरक्षा की भावना, आत्म रक्षा वह संवैधानिक अधिकारों के विषय में जागरूक किया जाएगा। प्रोजेक्ट श्वेता राज ने किया था प्रस्तावित, माननीय न्यायपालिका ने दिया हरी झंडी। राजकीय बालिका इंटर कालेज में आयोजित किया गया प्रथम शिविर। शिविर में बालिकाओं को विधिक सेवा प्राधिकरण की सेवाओं के विषय में अवगत कराया गया, उनके कानूनी अधिकारों के विषय में जानकारी दी और एडवोकेट श्वेता राज सिंह द्वारा बालिकाओं के संवैधानिक अधिकारों, असुरक्षा की भावना, आत्म रक्षा, अपने पर हो रहे अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना आदि विषयों पर वार्ता की गई श्वेता द्वारा बालिकाओं को लॉ आफ कम्युनिकेशन और लॉ ऑफ़ रिपोर्टिंग बताया गया और यह भी बताया गया की बालिका अपने पर हों रहे अत्याचार को छुपा कर किसी पुरुष के सम्मान की रक्षा करती है अपने सम्मान के लिए उसे बोलना चाहिए। बालिकाओं को उनके आत्म सम्मान के विषय में सजग किया।इस मौके पर डीआईओएस अयोध्या के प्रतिनिधि, प्रिन्सिपल मेथाडिस्ट इंटर कालेज, सभी अध्यापिकायें और छात्राएं उपस्थित रहीं।

## ख़ास ख़बर

### बिजली बिल जमा करने के लिए उपभोक्ताओं को किया जा रहा है फोन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । सोहावल विद्युत सब स्टेशन सोहावल से जुड़े सभी फीदरों के अंतर्गत आने वाले विद्युत बिल बकाएदार उपभोक्ताओं को नियमित फोन कर बिजली बिल जमा करने के लिए कहा जा रहा है। विभाग के अनुसार विद्युत सब स्टेशन सोहावल से करीब 34 हजार विद्युत उपभोक्ता जुड़े हैं। जिसमें लगभग 22 हजार उपभोक्ताओं का बिजली बिल बकाया चल रहा है। समय बकाया विद्युत बिल जमा करने के लिए प्रतिदिन छः सौ उपभोक्ताओं को नियमित फोन किया जा रहा है। विद्युत उपखंड अधिकारी सोहावल मनोज कुमार यादव ने बताया कि उपभोक्ताओं को नियमित फोन कर समय से विद्युत बिल जमा करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जबकि प्रतिदिन लगभग सौ बकायेदारों को विद्युत कनेक्शन भी काटे जा रहे है। एसडीओ ने बताया कि बिजली बिल वसूली के लिए एक माह से फोन करने की प्रक्रिया चल रही है।

### रेलवे स्टेशन के सामने माचिस का गोदाम से घट सकती है बडी घटना

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ सोहावल अयोध्या** । रौनाही थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहावल रेलवे स्टेशन के सामने आबादी के बीच माचिस व्यवसायी का गोदाम क्षेत्रवासियों एवं स्टेशन के विभागीय कर्मियों के लिए बडी घटना घट सकती है। संबधित विभाग के अधिकारी जान बूझ कर अनजान बने हुए है। अधिकारिक नियमावली के अनुसार आबादी से पांच सौ मीटर की दूरी और अग्निशमन यंत्र युक्त गोदाम बनाया जा सकता। लेकिन सभी नियमों को ताक पर रख दिया गया है। फायर विभाग से संबधित अधिकारी कोई कार्रवाई नही करना भी व्यवसाई के बीच मिलीभगत को बल देता है। पूछे जाने पर एरिया फायर विग्रेड अधिकारी कमलेश कुमार मिश्र ने बताया कि माचिस का गोदाम मानक विपरीत है। कार्रवाई की जानी चाहिए।

### देर रात रोगियों को दवा के लिए नहीं पड़ेगा भटकना, हरिमोहन मिश्रा के प्रयास से हुआ संभव



**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल,जामताड़ा** । जामताड़ा शहर में दिन के समय आपातकाल के समय दवा की आपूर्ति रोगी को हो जाती थी लेकिन रात्रि के समय जिसे सही मायने में आप रोगी के लिए आपात स्थिति कह सकते हैं दवा के लिए भटकना पड़ता था। दवा मिल जाए तो उसकी किस्मत। आम जनों के जीवन से जुड़ी इस समस्या को कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा ने शिद्दत से महसूस किया और इसके निवारण के लिए संघर्षरत रहे। जिले के वरीय पदाधिकारियों से लगातार वार्ता की। उसी का फलाफल है कि जामताड़ा शहर में अब देर रात में दवा के लिए रोगी को भटकना नहीं पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा के अथक प्रयास से जामताड़ा की जनता को बहुत बड़ी समस्या से निजात मिला। इस बाबत हरिमोहन मिश्रा ने कहा कि सिविल सर्जन, ड्रग इंस्पेक्टर और जामताड़ा के दवा दुकानदारों को धन्यवाद दिया है । साथ ही कहा कि मैं काफी समय से इस कार्य के लिए प्रयास कर रहा था। मैं ज्ञापन दे कर रात्री में दवा दुकान खोलने के लिए आग्रह किया था। रात्री में दवा दुकानदारों की सुरक्षा के लिए भी मैंने पुलिस अधीक्षक से बात की है। दवा दुकानदारों की सुरक्षा भी होनी चाहिए। रात्री में लोग छोटी से छोटी दवा के लिए भटकते रहते थे। दवा के बिना रात्री में रोगियों की समस्या गंभीर हो जाती थी। अब जामताड़ा में रात को भी खुली रहेगी दवा दुकानें। जामताड़ा में अब किसी भी जरूरतमंद मरीज को रात को परेशान होना नहीं पड़ेगा । अब मरीजों को रात को भी दवा दुकान खुली मिलेगी और उन्हें जरूरत की दवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इसकी पहल शुरू हो चुकी है। शनिवार को जामताड़ा स्थित औषधि निरीक्षक कार्यालय में ड्रग इंस्पेक्टर मुंजपरा घनश्याम कुमार सवजीभाई ने केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के साथ बैठक कर यह निर्णय लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि जामताड़ा में 11 दुकान को चिन्हित किया गया।जो रोस्टर वाइज 24 घंटे खुली रहेंगी ताकि किसी भी मरीज को रात्रि को भी आसानी से दवा मिल सके। जिन 11 दुकानों को रोस्टर के हिसाब से रात को भी खुलने का निर्देश मिला उसका नाम उषा मेडिकल, पारस मेडिकल, लाइफ लाइन मेडिकल , मंडल मेडिकल हॉल, पापुलर मेडिकल , न्यू पापुलर मेडिकल ,जूली मेडिकल ,अजय मेडिकल आदि शामिल है ।इस दौरान ड्रग इंस्पेक्टर मुंजपरा घनश्याम कुमार सवजीभाई ने कहा कि अब मरीजों को जामताड़ा शहर में रात्रि को भी आसानी से दवा मिल सकेंगी ।मरीजों की असुविधा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। सभी चिन्हित दवा दुकानदारों को इसे तत्काल लागू करने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा गया है कि चिन्हित दुकानों का नाम और उनके संचालक के मोबाइल नंबर के साथ प्रसारित करने का निर्देश दिया गया है।उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि आदेश के बाद यदि चिन्हित दवा दुकानें या मोबाइल नंबर रात में बंद मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उत्तम कुमार गुप्ता अजय अग्रवाल, सुनील पोद्दार, प्रवीण डोकानिया, अमरनाथ सिंह,संजय सिंह, जाहिद हुसैन, नवीन कुमार बादशाह मंडल सहित अन्य कई दवा दुकानदार मौजूद थे।

# अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम को लेकर हुई बैठक





**दैनिक शुभ भास्कर पत्रकार सुमित झा,दरभंगा** । समाहरणालय अवस्थित बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर सभागार में अपर समाहर्त्ता-सह-सह अपर जिला दण्डाधिकारी श्री राजेश झा “राजा” की एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री अवकाश कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूजित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम -1989 के अन्तर्गत गठित जिला स्तरीय सर्तकता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक/नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा दरभंगा एवं जिले के विभिन्न थानों से प्राप्त प्राथमिकी तथा द्वितीय क़िस्त का मुआवजा हेतु कुल -62 मामले प्राप्त हुए, जिस पर समिति द्वारा सभी 62 मामलों में स्वीकृति प्रदान की गई। जिसमें 60 मामले जाति सूचक शब्दों से गाली गलौज एवं मारपीट तथा दो मामले हत्या से संबंधित हैं। उल्लेखनीय है कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूजित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की धारा - 03(I)(r)(s) एवं भारतीय दण्ड विधान से सम्बद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी होने पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पीड़ित/लाभुकों/आश्रितों को कुल मुआवजा 01 लाख रूपये, हत्या के मामलें में भारतीय दण्ड विधान की धारा 302 एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूजित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की धारा - 03(I)(g) के अन्तर्गत कुल मुआवजा राशि 08 लाख 25 हजार रूपये एवं यौन उत्पीड़न यानि लज्जा भंग के मामलें में कुल मुआवजा राशि 02 लाख रूपये प्रदान किया जाता है। प्राथमिकी दर्ज होने के उपरांत देय मुआवजा का 25 प्रतिशत् राशि तथा चार्जशीट होने के उपरांत पर देय मुआवजा का 50 प्रतिशत् एवं सजा मुकर्रर होने पर देय मुआवजा का शेष 25 प्रतिशत् राशि प्रदान की जाती है। हत्या के एक मामले में भुगतेय राशि का 50% यानी 4 लाख 12 हजार 500 रुपये, जाति सूचक शब्द से गाली गलौज एवं मारपीट करने के साथ लज्जा भंग के 19 मामले में प्राथमिकी दर्ज होने पर भुगतेय राशि का 50% यानी प्रति पीड़ित 1 लाख रुपये तथा जाति सूचक शब्द से गाली गलौज एवं मारपीट करने के 96 मामलों में भुगतेय राशि का 25% यानी 25 हजार रुपये तथा 11 मामलों में चार्जशीट हो जाने पर 75% राशि यानी 75 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। मुआवजा प्रदान करने हेतु सभी 62 स्वीकृत मामलों में कुल - 42 लाख 43 हजार रूपये की स्वीकृति समिति द्वारा प्रदान की गयी। उक्त बैठक में माननीय विधायक हायाघाट श्री रामचंद्र साह, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय इमरान अहमद, उप निदेशक जन संपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता, विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि अशोक नायक,विजय कुमार पासवान सदस्य,अमर राम सदस्य,अधीक्षक, डी.एम.सी.एच के प्रतिनिधि संबंधित पदाधिकारी एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित थे।

## अमर कैलाश दादी मंदिर में धनबाद की दादी भक्तों द्वारा किया गया भव्य मंगल पाठ



**दैनिक शुभ भास्कर,मो असलम,मधुपुर/देवघर** । स्थानीय पंच मंदिर रोड स्थित अमर कैलाश दादी मंदिर में धनबाद से आये हुए दादी भक्तो द्वारा भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया। साथ ही 13 मंगल पाठ का बीड़ा उठाया। इसी के तहत शनिवार को मधुपुर में 7वां आयोजन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूरे मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया । कौशलेन्द्र जी के द्वारा विधि विधान से पूजा की गई। इस अवसर पर आज के मुख्य यजमान रमेश लक्ष्मीरामका और राधा लक्ष्मीरामका थे। झरिया धनबाद से मधुपुर 38 दादी भक्त पहुंचे थे। मौके पर दादी जी का खजाना का आयोजन किया गया। जिसमे 13 भक्तों के बीच खजाना को बांटा गया।भक्तों के बीच मिठाई ट्रॉफी प्रसाद और नाश्ते का वितरण किया गया । शहर की सैकड़ो महिलाएं मौजूद थी । चुनरी उत्सव,गाजर उत्सव का आयोजन किया गया। मौके पर रेणु डालमिया, बबिता चांदावत, कलावती खंडेलवाल, मधु डालमिया, सुजाता झुनझुनवाला, मिना झुनझुनवाला सहित अन्य सदस्य मौजूद थी।

## गांव में धूम धाम से आयोजित हुआ वार्षिक राधाअष्टमी एवं गौ माता पुजा अर्चना



**दैनिक शुभ भास्कर , सं वा द दा ता , जा म ता ड़ा / नारायणपुर** । नारायणपुर प्रखंड के पबिया पंचायत के सिकदारडीह बढगढा में गौ माता मंदिर परिसर पर राधा अष्टमी के शुभ अवसर पर भव्य पूजा अर्चना का अनुष्ठान किया गया । जिसमें गांव के समस्त ग्रामीण महिला पुरुष शामिल हुए।पंडित राजेंद्र पांडे द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण उच्चारण के साथ गौ माता व नंदी महाराज का पूजा अर्चना किया गया। राधा अष्टमी के शुभ अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण किया। व्रती महिलाएं सुबह से ही उपवास कर मंदिर में उमड़ने लगी । पंडितों द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ आपदा और विपदाओं से रक्षा के लिए यज्ञ हवन कर आहुति दिया गया । गौ माता पूजा समिति के सदस्य ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम का छठा वर्ष है। विगत वर्ष 2018 में यहां मंदिर स्थापित कर पूजा अर्चना का शुभारंभ किया गया था । जो सभी ग्रामीण और आसपास के लोगों के सहयोग से संचालन होते आ रहा है। इस दौरान रात्रि में संध्याकाल पांच बजे से बांग्ला बाउल गान का प्रस्तुतीकरण किया गया।

### फिर जलमग्न हुआ सीएम साइंस कॉलेज

## यहां चल रहे स्नातक प्रथम खंड के कॉपी मूल्यांकन कार्य को लेकर बढ़ी परेशानी



**सुमित झा कि रिपोर्ट, दरभंगा** । एक बार फिर हुई कुछ घंटों की बारिश ने शनिवार को फिर से दरभंगा नगर निगम के सफाई अभियान की पोल खोल कर रख दी है। इस बारिश ने कुछ घंटों में ही ऐसा कहर बरपाया कि ना सिर्फ शहर के विभिन्न इलाके जलमग्न हो गए, बल्कि स्वयं नगर निगम कार्यालय भी इसमें डूबता नजर आया और उसके दावों को इस बेमौसमी बरसात ने कुछ घंटों में ही धो डाला। सबसे बदतर स्थिति नगर निगम कार्यालय से सटे सीएम साइंस कॉलेज की एक बार फिर हो गई। यहां फिलहाल स्नातक प्रथम खंड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य चल रहा है। जिसमें शनिवार को मूल्यांकन कार्य में लगे सैंकड़ों शिक्षकों एवं कॉलेज के छात्र -छात्राओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। शुक्रवार की देर रात हुई बारिश से परिसर में घुटने भर पानी जमा हो गया है और इसने महाविद्यालय प्रशासन की चिंता की लकीरें काफी बढ़ा दी। महाविद्यालय के विभिन्न कार्यालयों में पानी घुस गया जिससे कार्यालय काफी अस्त व्यस्त हो गया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो दिलीप कुमार चौधरी ने बताया कि नगर निगम एवं जिला प्रशासन से महाविद्यालय परिसर में लगातार हो रहे जलजमाव के निदान करने का बार-बार अनुरोध करने के बाद भी स्थिति जस का तस बना हुआ है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय परिसर के चारों ओर स्थित नालों को अनधिकृत रूप से अतिक्रमित कर लिए जाने के कारण महाविद्यालय को करीब सालों भर जलजमाव की अनचाही समस्या से जूझना पड़ता है। नगर निगम एवं जिला प्रशासन से इस बाबत बार-बार अनुरोध करने के बाद भी नतीजा अब तक शून्य हैं। उन्होंने कहा कि नालों के समुचित सफाई के मामले में नगर निगम की यदि आगे भी ऐसी ही उदासीनता बनी रही, तो आगे की स्थिति और भी भयावह होने वाली है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमित नालों के निरीक्षण का कार्य बार-बार अनुरोध करने के बाद भी अधिकारी सही तरीके से नहीं कर रहे हैं। जिसका परिणाम है कि महाविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों को अनचाहे जलजमाव की समस्या से बार-बार जूझना पड़ता है।

### चुनाव प्रबंधन का सबसे मुख्य आधार बूथ होता हैः कमलेश मिश्र

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । चुनाव प्रबंधन का सबसे मुख्य आधार बूथ होता है। बूथ जीतने से ही किसी भी चुनाव को जीतने का रास्ता बनता है। इसलिए बूथ सशक्तिकरण आवश्यक है। जिन बूथों पर विगत चुनाव में पार्टी की अच्छी स्थिति नही रही है। उन बूथों पर सर्वाधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। उक्त बातें भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र ने कही। वे पार्टी कार्यालय सहादतगंज में आयोजित बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यशाला में महानगर तथा जिले के कार्यकर्ता मौजूद थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मल्यापर्ण कर तथा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम कर शुभारम्भ किया गया। भाजपा द्वारा 26 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक बूथ सशक्तिकरण अभियान चलाया जा रहा है।उन्होनें आगे कहा कि मण्डल तथा शक्ति केन्द्रों में आयोजित बैठकों में पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम पर चर्चा हो उनकी समीक्षा की जाए। सभी प्रवासी अपने- अपने प्रवास स्थल पर जा कर बूथों की समीक्षा करें। बूथ कमेटियों को एक्टिव मोड पर लांए। बूथों पर सामाजिक समीकरण का विशेष ध्यान रखें। सेवा पखवाडा अर्न्तगत चलाए जा रहे आयुष्मान भव अभियान एक व्यापक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल है जिसका उद्देश्य देश के हर गांव और कस्बे तक स्वास्थ्य सेवाओं की संतृप्ति कवरेज प्रदान करना है। सभी कार्यकर्ता आयुष्मान भवः कार्यक्रम में पूरी निष्ठा से कार्य करें।क्षेत्रीय मंत्री व मन की बात के प्रभारी संजय गुप्ता ने कहा सभी पदाधिकारी यह सुनिश्चित करने की आगामी 24 सितम्बर को मन की बात कार्यक्रम को सभी बूथों पर सुना जाए।क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि वोटर चेतना अभियान के तहत जिन अनूसूचित बस्तियों में लोगों की संख्या 200 से अधिक है वहां सम्पर्क करें। वहां समाजिक क्षेत्र, शासकीय सेवा में कार्यरत में कार्य करने वाले व्यक्ति का सम्मान करें।

### स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ बीकापुर अयोध्या** । विकासखंड बीकापुर की ग्राम पंचायत सराय भनौली में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम बैठक पंचायत भवन पर आयोजित की गई. बैठक में एडीओ पंचायत अजय तिवारी ने लोगों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए शपथ ग्रहण कराया एडीओ पंचायत अजय तिवारी नें बताया कि सर्वांगीण स्वच्छता को अपने जीवन में आदत की तरह अपना कर स्वच्छ जीवन विकसित करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है. ग्राम विकास अधिकारी अंशु यादव ने कहा अपने घरों के आसपास सड़कों, नालियों,पोखरों या जल स्रोतों आदि में स्वच्छता रखने से सारा वातावरण स्वच्छ रहता है जिससे रोगाणु नहीं पनपतें हैं जल और वायु शुद्ध रहती है जिससे अनेक संक्रामक रोगों से बचा जा सकता है. कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान विजय गौड़, अब्दुल निजाम, अमरदीप यादव, अशोक कुमार, रिंकू यादव के साथ दर्जनों लोग शामिल रहे।

### करों में दिव्यांग छात्र छात्राओं के बीच शैक्षणिक प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर,संवाददाता,मधुपुर/ देवघर** । मधुपुर अनुमंडल के करों प्रखणड के रानी मंदाकिनी उच्च विद्यालय में समग्र शिक्षा अभियान के तहत एक दिवसीय वातावरण निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दिव्यांग छात्र-छात्राओं के बीच चित्रकला, गीत-संगीत , भाषण , निबंघ और शैक्षणिक प्रतियोगिता आदि का आयोजन रानी मंदाकिनी उच्च विद्यालय करों में किया गया । जिसमें करीब 70 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया I इस अवसर पर दर्जनों शिक्षकगण उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन करते दिखे।

### मदरसा सिराजुल इस्लाम चांदमारी मधुपुर में छह माही परीक्षा का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता,मधुपुर/ देवघर** । शहर के चांदमारी दारुल उलूम मदरसा सिराजुल इस्लाम के छात्रों का 21 सितंबर से 25 सितंबर तक चलने वाली ससमही परीक्षा कड़ी निगरानी में लिया जा रहा है। यह परीक्षा हर 6 माह के अंदर लिया जाता है। जिसमें हिफ्ज कुरान, मौलवी के लिए इंग्लिश’ हिंदी ‘गणित और उर्दू की होती है जो सभी मदरसा में पढ़ने वाले छात्रों को देना होता है।मौके पर मदरसा प्राचार्य मौलाना अजमल नूरी,’ मौलाना मुफ्ती परवेज आलम,मिस्बाही’ मास्टर जुल्फिकार आलम’, हाफिज सलामत हुसैन मिस्बाही व कारी साहब के निगरानी में लिया जा रहा है।परीक्षा में दर्जनों छात्र शामिल हुए।

**भंडाफोड़** — प्राथमिकी दर्ज होते ही जामताड़ा थाना पुलिस के द्वारा एक टीम गठित किया गया

# अंतरजीला मोटरसाइकिल चोर गिरोह का जामताड़ा पुलिस ने किया भंडाफोड़, तीन अपराधी गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर,मनीष बरणवाल ,जामताड़ा** । मोटरसाइकिल की चोरी होना कोई नई बात नहीं है। अक्सर कोई न कोई शक्श मोटरसाइकिल चोरी हो जाने का दुखड़ा सुनाते मिल जायेगा। इन मोटरसाइकिल चोरों के डर से लोगों ने अपने मोटरसाइकिल में अतिरिक्त लॉक लगाने की व्यवस्था करनी पड़ती है। ऐसा ही मामला जामताड़ा थाना में कांड संख्या 104/23 गिरिडीह जिला के अली मिर्जा के द्वारा जामताड़ा थाना में दर्ज कराई गई थी जिसमें बताया गया था कि 21 सितंबर 2023 को समय 9:30 बजे अपना मोटरसाइकिल संख्या के एच 21 एल 7868 जिनका रंग ब्लैक रेड को खड़ा कर वीवो सर्विस सेंटर जामताड़ा के अंदर चला गया था। जब वापस 12:30 बजे उक्त स्थान पर आकर देखा तो उनका मोटरसाइकिल अपने स्थान से नदारद थी। काफी खोजबीन करने पर नहीं मिलने पर जामताड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। प्राथमिकी दर्ज होते ही जामताड़ा थाना पुलिस के द्वारा एक टीम गठित किया गया। जिसमें जामताड़ा थाना प्रभारी अब्दुल रहमान,पुलिस अवर निरीक्षक बिरजू कुमार साहब, रजनीश आनंद, बुधन गोरी, देवजीत सिंह,उमेश सिंह ओझा, सरदार मुर्मू ने घटनास्थल के फुटेज के आधार पर फोटो को देखकर घटना को अंजाम देने वाले मोटरसाइकिल चोर के संबंध में छापेमारी किया तो पता चला कि उक्त फुटेज में सरफराज अंसारी उम्र 21 वर्ष पिता स्वर्गीय अजाउद्दीन मियां ग्राम नरोदी थाना जामताड़ा निवासी है। जिसे नरोदी स्थित घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति से चोरी किए गए मोटरसाइकिल के बारे में पूछने पर उसके द्वारा बताए अनुसार इब्बर अंसारी उर्फ बुधन उम्र करीब 28 वर्ष पिता यासीन मियां ग्राम पेरटारी थाना नारायणपुर जिला जामताड़ा को घटनास्थल में शामिल होने की बात कबूली। बुधन को भी छापेमारी कर उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। उक्त आरोपितों से पूछताछ में बताया कि गाड़ी संख्या जस 21 एल 7868 अली मिर्जा का मोटरसाइकिल चंदूलाल मुर्मू उम्र 35 वर्ष पिता स्वर्ग लखीराम मुर्मू थाना बंगाबाद गिरिडीह जिला के पास बेच दिया है। जिसके उक्त व्यक्ति के घर से गाड़ी को जब्त किया गया है। उक्त तीनों मोटरसाइकिल चोर को पड़कर थाना लाने के बाद पूछताछ में बताया कि कर्माटांड़ के निवासी शहाबुद्दीन अंसारी को चोरी किया हुआ मोटरसाइकिल बिक्री का काम करते हैं। उक्त तीनों गिरफ्तार अभियुक्तों ने पुलिस के पूछताछ में बताया कि जामताड़ा धनबाद देवघर गिरीडीह जिला से करीब 50 मोटरसाइकिल की चोरी की गई है।

# शत प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बने, उपायुक्त शशिभूषण ने सीएससी केंद्रों को दिया निर्देश





**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा** । समाहरणालय सभागार में उपायुक्त शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी की मासिक समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में आईआरएडी, कम्युनिटी लाइब्रेरी, एल्डर्स क्लब, कॉमन सर्विस सेंटर, झारसेवा, आधार, स्कूल कास्ट सर्टिफिकेट, यूआईडीएआइ, मोबाइल टॉवर, नेक्स्टजैन, ई हॉस्पिटल सहित अन्य की समीक्षा हेतु की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीएससी केंद्रों के संचालन एवं जिले के सभी पंचायतों एवं गांवों तक सीएससी केंद्रों के माध्यम लोगों तक सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जानकारी, ऑनलाइन आवेदन, सहित अन्य प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य कर रहें हैं, उसका प्रतिवेदन हमेशा अद्यतन रखें। उन्होंने सभी प्रज्ञा केन्द्रों के माध्यम से सरकार की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में बेहतर तरीके से कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं आयुष्मान भवः अभियान के माध्यम से शत प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बने, ताकि उन्हें ईलाज की आवश्यकता के दौरान आर्थिक रूप से सहूलियत हो, इसके लिए अभियान चलाकर सभी सीएससी केंद्रों के माध्यम से प्रत्येक पंचायत में वार्डवार लोगों का आयुष्मान कार्ड हेतु निबंधन की जानकारी ली एवं सभी का रजिस्ट्रेशन पूर्ण का निर्देश दिया। इसके अलावा गोल्डन कार्ड, आभा कार्ड के बारे में जानकारी लेते हुए सभी का प्रखंडवार डाटा उपलब्ध कराने को निर्देश दिया। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र हेतु ऑनलाइन आवेदन सहित अन्य जरूरी बिंदुओं पर आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया। बताया गया कि जिले में अब तक 1255 सीएससी केंद्र की स्थापना की गई है। जिले के कुल 1161 गांव में 1080 गांवों को सीएससी से आच्छादित कर दिया गया हैं। साथ ही 1255 में 1050 केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर लिया गया है। इसके अलावा उन्होंने आईआरएडी पोर्टल में सड़क दुर्घटना के 112 मामले दर्ज किए गए हैं, जिसमें मामलों को संबंधित विभाग को अग्रसरित किया गया है वहीं 01 लंबित है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कुल 588 मामले दर्ज किए गए हैं एवं पोस्टमार्टम के कोई मामले लंबित नही है। उपायुक्त ने कहा कि मामले लंबित नहीं होने चाहिए इसका ध्यान रखें। इसके अलावा बताया गया कि कम्युनिटी लाइब्रेरी एवं एल्डर्स क्लब को लेकर वेबसाइट का निर्माण किया गया है। जिस पर सभी आवश्यक जानकारी के साथ काफी रोचक जानकारी उपलब्ध है। उपायुक्त ने वेबसाइट को अद्यतन रखने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सभी सरकारी अस्पतालों में नेक्स्ट जेन ई हॉस्पिटल लागू करने का निर्देश दिया गया गया है, जिसमे पायलट हॉस्पिटल के रूप में सदर अस्पताल जामताड़ा में इसे चालू करने को निर्देश दिया गया एवं प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त बैठक में आधार, संचार मीनार, सभागार में एलईडी स्क्रीन के अधिष्ठापन सहित अन्य जरूरी बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## ख़ास ख़बर

### नए डीएसओ के आते ही जारी हुआ नया फरमान बलरामपुर

**जिला ब्यूरो बलरामपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी कुमार निर्मलन्दु ने बताया कि उचित दर विक्रेताओं द्वारा राशन कार्ड धारकों/लाभार्थियों का ई-पॉस मशीन पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराते हुये, तत्समय ही आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया जाए। यदि बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण/अंगूठा लगवाने के पश्चात् खाद्यान्न वितरण नहीं किया जाता है, तो उन उचित दर विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने जनपद के समस्त राशनकार्डधारको से अपील करते हुये कहा कि निर्धारित वितरण तिथियों में उचित दर दुकान पर जाकर ई-पॉस मशीन में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण/अंगूठा लगाते समय ही खाद्यान्न प्राप्त कर लिया।

### मुकदमा अपराध संख्या 114/23 धारा 363 भादवि0 थाना गौरा चौराहा जनपद से संबंधित अभियुक्त गिरफ्तार

**बलरामपुर जिला संवाददाता के बी गुप्ता।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा वांछित वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी नगर बृजनंदन रॉय के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष तेजनरायन गुप्ता थाना गौरा चौराहा के कुशल नेतृत्व में शुक्रवार को उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह मय हमराह का0 अनिरुद्ध वर्मा द्वारा मु0 अपराध संख्या 114/23 धारा 363 भादवि0 थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर से सम्बंधित अभियुक्त धर्मेन्द्र पुत्र सैलाफी नि0 गनवरिया पोस्ट जैतापुर थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वांछित अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

### गेल्हापुर के महंत बृजानंद महराज को श्री गणेश जी का स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट किया

**बलरामपुर।** भगवतीगंज में श्री श्री 108 श्री गणेश पूजा समिति भगवतीगंज बलरामपुर स्थान श्री बगिया बाबा मंदिर में श्री गणेश भगवान के पूजा में यजमान रहे विनय मिश्रा सह संयोजक अवध क्षेत्र भाजपा व उदासीन संगत गेल्हापुर के महंत बृजानंद जी महराज को श्री श्री 108 श्री गणेश पूजा समिति बगिया बाबा मंदिर के कमेटी के लोगों ने श्री गणेश भगवान का स्मृति चिन्ह व रामनवमी गमछा पहनाकर स्वागत किया जिसमे रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी ने बताया कि सुबह शाम मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड रहती है व गणपति बप्पा की आरती में शामिल होने व प्रसाद ग्रहण करने की श्रद्धालुओं मे होड मची रहती है व 25 सितंबर को भगवतीगंज से भव्य शोभायात्रा निकालकर नगर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण करते हुए सिसई घाट स्थित राप्ती नदी में श्री गणेश भगवान का प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा जिसमे बगिया बाबा मंदिर के पुजारी जय नारायण शर्मा,पंडित धर्मेंद्र मिश्रा,श्री श्री 108 श्री गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी गौ सेवक युवा समाजसेवी,संरक्षक प्रवीण गुप्ता,उपाध्यक्ष अतुल गौरव, अखिलेश गुप्ता,माधव राम गुप्ता,मंत्री ज्ञान प्रकाश गुप्ता शुभम अग्रवाल,रिंकू कमलापुरी, कार्तिके महेश्वरी,आदि काफी संख्या में लोग आरती मे मौजूद रहे।

### मदरसा जामिया अहले सुन्नत फखरूल उलूम बैनर तले बारह रबीउल अव्वल की तैयारियों संबंधित मीटिंग का आयोजन

**बलरामपुर।** नगर पालिका अंतर्गत मदरसा जामिया अहले सुन्नत फखरूल उलूम के बैनर तले बारह रबीउल अव्वल की तैयारियों से संबंधित मीटिंग का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता मदरसा प्रिंसिपल मौलाना अब्दुल वहाब खां ने की।मौलाना सय्यद अहमद रज़ा और मुफ्ती ए शहर मौलाना मोहम्मद मसीह अहमद क़ादरी के संरक्षण में आयोजित का शुभारंभ तिलावत कुरआन से हाफिज हस्सान ने किया।पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि शाबान अली ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आपसी भाईचारे और धार्मिक सौहार्द को बनाए रखते हुए नबी के जन्मदिवस को मनाएं।शाबान अली ने कहा कि अल्लाह के प्यारे हमारे नबी ने हमें मानवता का संदेश दिया है इस लिए हमें जूलूस ए मोहम्मदी में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हमारे किसी भी कार्य व्यवहार से किसी को तकलीफ न होने पाए। हमें अपने किरदार व अमल से मोहब्बत का संदेश देना है।अंत में शाबान अली ने सभी को पैगंबर ए इस्लाम के जन्मदिवस की बधाई दी।पूर्व विधायक भाजपा के वरिष्ठ नेता अशफ़ाक अहमद खां ने अपने संबोधन में कहा कि जश्न ए ईद मिलादुन्नबी खूब धूम धाम से मनाएं मगर किसी को तकलीफ पहुंचाने वाला कोई कार्य न करें।मौलाना अब्दुल वहाब खां ने बैठक का एजेंडा जहां पढ़ कर सुनाया वहीं मीटिंग के महत्व और आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।मौलाना सय्यद अहमद रज़ा ने जुलूस ए मोहम्मदी के वकार को कायम रखते हुए इस्लामी वेश भूषा में शामिल रहने का संदेश देते हुए कहा कि जूलूस में डीजे आदि पर अमर्यादित चीज़ें न बजाएं,उत्तेजक नारे न लगाएं,भीड़ में उछल कूद न करें,डांस न करें सिर्फ इस्लामी नारे लगाएं। अगर किसी ने भी जोलूस के वकार को पामाल करने वाली हरकत की तो उसे विवश होकर जूलूस से बाहर कर दिया जाएगा।मुफ्ती मोहम्मद मसीह अहमद क़ादरी ने एजेंडे पर आधारित अपने उद्बोधन में कहा कि जुलूस ए मोहम्मदी उलमा की अगुवाई में निकाला जाएगा, सभी जिम्मेदारान खुद जूलूस की निगरानी करेंगे,किसी भी कारण वश अगर कहीं कोई वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो सभी लोग सब्र से काम लें,उत्तेजित न हों,जिम्मेदारान को सूचित करें और सौहार्दपूर्ण वातावरण में समस्त कार्यक्रम को संपन्न कराने में एक अच्छे नागरिक होने की भुमिका निभाएं। हाफिज अनवार अहमद उर्फ़ शब्बू हाफिजजी ने बैठक में आए सभी अतिथियों को सराएंगेट नवजवान कमेटी के द्वारा वीर विनय चौराहे से चौक बाज़ार तक होने वाली सजावट आदि की जानकारी दी।इस अवसर पर मुफ्ती अब्दुस्सलाम, मौलाना शमीम अहमद, मौलाना मोहम्मद उमर, मौलाना मोहम्मद रज़ा, हाफिज नईम, मौलाना इस्लाम अली,कारी शकील,अब्दुलर्रहीम चिश्ती, मौलाना क़ासिम अख़्तर के अलावा मदरसा अनवारूल कुरआन के पूर्व प्रबंधक हकीम निसार वारिस अंसारी,मास्टर मोहम्मद हसन कुरैशी, शमशाद अहमद अंसारी,दिलशाद अहमद अंसारी,शफीक अहमद ख़ां,तारिक पठान,खाकसार ढोड़े पहलवान,बदरुद्दीन अंसारी आदि बड़ी संख्या में लोग बैठक में उपस्थित रहे।

# अयोध्या धाम में राष्ट्रीय सेवा रत्न अवार्ड 2023 से सम्मानित हुए ब्लडमैन आलोक अग्रवाल



**बलरामपुर।** समाज सेवा एवं रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए बलरामपुर जनपद के सुविख्यात ब्लडमैन आलोक अग्रवाल को मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या धाम में राष्ट्रीय सेवा रत्न अवार्ड - 2023 से सम्मानित किया गया। रक्तदान के क्षेत्र में अनवरत लोगों की सेवा करते हुए उनके उल्लेखनीय योगदान हेतु यह पुरस्कार राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन और मेजर ध्यानचंद खेल उत्थान समिति द्वारा आयोजित वृहद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्डी हॉकी खिलाड़ी अशोक ध्यानचंद (ओलंपियन) एवं विशिष्ट अतिथियों जौनपुर के सिंगरामऊ स्टेट की महारानी व शिक्षाविद डॉ अंजू सिंह तथा सहजनवा, गोरखपुर की नगर पालिका अध्यक्षा संजू सिंह द्वारा दिया गया। ब्लडमैन आलोक अग्रवाल को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह, मेडल एवं अंगवस्त्र भेंट करते हुए सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रान्तों एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से रक्तवीर व समाजसेवी एकत्र हुए थे। ब्लडमैन आलोक अग्रवाल विगत कई वर्षों से लोगों की विभिन्न प्रकार से सेवा करने के साथ समय समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर मानवता सेवा की दिशा में अनवरत कार्य करते चले आ रहे हैं। मानव सेवा की दिशा में उनके इसी उल्लेखनीय कार्य को देखते हुए अयोध्या में उन्हें उक्त सामाजिक संगठनों द्वारा राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान - 2023 से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान ब्लडमैन आलोक अग्रवाल ने अपने जीवन का 28वां रक्तदान कर एकबार फिर से मानवता का संदेश देते हुए कहा कि सम्मान मिलने से खुशी तो मिलती ही है पर यदि हमारे द्वारा रक्त देने से किसी की ज़िन्दगी बच सकती है तो रक्त का एक एक कतरा भी मैं दान कर सकता हूँ। इसके पहले भी ब्लडमैन आलोक अग्रवाल को विभिन्न संस्थाओं, अधिकारियों व समाजसेवियों द्वारा अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय पुरस्कारों से पुरस्कृत करने के साथ कोरोना काल में उत्कृष्ट सेवा हेतु दर्जनों सामाजिक संगठनों द्वारा पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया जा चुका है।

## महंत बृजानंद महराज को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट किया



**बलरामपुर।** भगवतीगंज में श्री श्री 108 श्री गणेश पूजा समिति भगवतीगंज बलरामपुर स्थान श्री बगिया बाबा मंदिर में श्री गणेश भगवान के पूजा में यजमान रहे विनय मिश्रा सह संयोजक अवध क्षेत्र भाजपा व उदासीन संगत गेल्हापुर के महंत बृजानंद जी महराज को श्री श्री 108 श्री गणेश पूजा समिति बगिया बाबा मंदिर के कमेटी के लोगों ने श्री गणेश भगवान का स्मृति चिन्ह व रामनवमी गमछा पहनाकर स्वागत किया जिसमे रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी ने बताया कि सुबह शाम मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड रहती है व गणपति बप्पा की आरती में शामिल होने व प्रसाद ग्रहण करने की श्रद्धालुओं मे होड मची रहती है व 25 सितंबर को भगवतीगंज से भव्य शोभायात्रा निकालकर नगर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण करते हुए सिसई घाट स्थित राप्ती नदी में श्री गणेश भगवान का प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा जिसमे बगिया बाबा मंदिर के पुजारी जय नारायण शर्मा,पंडित धर्मेंद्र मिश्रा,श्री श्री 108 श्री गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी गौ सेवक युवा समाजसेवी,संरक्षक प्रवीण गुप्ता,उपाध्यक्ष अतुल गौरव, अखिलेश गुप्ता,माधव राम गुप्ता,मंत्री ज्ञान प्रकाश गुप्ता शुभम अग्रवाल,रिंकू कमलापुरी, कार्तिके महेश्वरी,आदि काफी संख्या में लोग आरती मे मौजूद रहे।

## कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली की बैठक संपन्न



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** जिलाधिकारी श्री अरविंद सिंह की अध्यक्षता में कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी महोदय ने वाणिज्य कर विभाग, स्टांप शुल्क, आबकारी विभाग, बैंक विद्युत विभाग, परिवहन विभाग,वन विभाग,खनन, भू राजस्व चिकित्सा सड़क एवं पुल नगर पालिका मंडी परिषद द्वारा वसूले जा रहे राजस्व की समीक्षा की। वाणिज्य कर विभाग/जीएसटी एवं स्टांप एवं निबंधक शुल्क, आबकारी विभाग द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष कम राजस्व प्राप्ति पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने वाणिज्य कर अधिकारी को इंटेलिजेंस के माध्यम से प्रवर्तन कार्य किए जाने का निर्देश दिया। खनन अधिकारी को जिला सर्वे रिपोर्ट तैयार किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समस्त विभागों के अधिकारी सार्थक प्रयास करते हुए शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य पर सापेक्ष राजस्व वसूली में तेजी लाए एवं लक्ष्य को प्राप्त करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अविनाश त्रिपाठी, समस्त उप जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त तहसीलदार व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### मुकदमा अपराध संख्या 114/23 धारा 363 भादवि0 थाना गौरा चौराहा जनपद से संबंधित अभियुक्त गिरफ्तार



**बलरामपुर जिला संवाददाता के बी गुप्ता।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा वांछित वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी नगर बृजनंदन रॉय के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष तेजनरायन गुप्ता थाना गौरा चौराहा के कुशल नेतृत्व में शुक्रवार को उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह मय हमराह का0 अनिरुद्ध वर्मा द्वारा मु0 अपराध संख्या 114/23 धारा 363 भादवि0 थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर से सम्बंधित अभियुक्त धर्मेन्द्र पुत्र सैलाफी नि0 गनवरिया पोस्ट जैतापुर थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वांछित अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

### आगामी त्यौहार गणेश चतुर्दशी व बारावफात को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु की गयी पीस कमेटी की मीटिंग



**बलरामपुर जिला संवाददाता के बी गुप्ता।** पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा आगामी त्यौहार गणेश चतुर्दशी व बारावफात को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेन्द्र सिंह व क्षेत्राधिकारी प्रभारी थाना तुलसीपुर प्रमोद कुमार सिंह अध्यक्षता में शुक्रवार को थाना तुलसीपुर परिसर में आगामी त्यौहार गणेश चतुर्दशी व बारावफात को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों ग्राम प्रधान व झांकी जुलूस के आयोजकों व डीजे मालिक के साथ की गयी पीस कमेटी की मीटिंग। त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने तथा अफवाहों पर रोकथाम करने हेतु सभी को जागरुक करते हुए आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने, सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट व टिप्पणी न करने के लिये युवको को समझाने के लिए बताया गया तथा किसी भी विषम स्थिति में तत्काल थाना 112 पर सूचना देने के लिए निर्देशित किया गया साथ ही शासन प्राप्त आदेशों-निर्देशो को अवगत कराते हुए शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सभी से अपील की गई।आपरेशन त्रिनेत्र के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उससे होने वाले लाभ के बारे में बताया गया।

### 2 अक्टूबर गांधी जयंती को गरिमामय एवं समारोहपूर्वक ढंग से बनाए जाने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती को गरिमामय एवं समारोहपूर्वक मनाए जाने के लिए बैठक जिलाधिकारी महोदय श्री अरविंद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर होने वाले विभिन्न आयोजन प्रभात फेरी, पैदल चल प्रतियोगिता, ध्वजारोहण, गांधी जी एवं शास्त्री जी के चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण, साफ सफाई, कस्तूरबा बालिका विद्यालय में पुरस्कार वितरण, चित्र प्रदर्शनी, वृक्षारोपण, मरीज को फल वितरण, विचार गोष्ठी,वाद विवाद प्रतियोगिता को गरिमामय ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि सभी संबंधित विभाग अपने विभाग की तैयारियां पूर्ण कर लें। 2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर सभी सरकारी भवनों/कार्यालयों,सार्वजनिक स्थलों एवं मलिन बस्तियों में साफ सफाई सुनिश्चित कर ली जाए। सभी सरकारी कार्यालय में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण किया जाएगा। रात्रि में सभी प्रमुख स्थानों पर रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। प्रभात फेरी के लिए रूट का निर्धारण कर लिया जाए। इस अवसर पर मुक्त विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### नीति आयोग भारत सरकार ने विकास खंड श्री दत्त गंज ब्लॉक को चुना

**जिला संवाददाता सौरभ पांडे।** उत्तर प्रदेश बलरामपुर नीति आयोग के आकांक्षी विकास खण्ड कार्यक्रम अंतर्गत जिला मुख्यालय पर विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय चिंतन शिविर का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संचालित किया गया। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा पूरे भारत से 500 ब्लॉक को चिन्हित किया गया है जिसमे बलरामपुर जनपद का भी एक ब्लॉक शामिल है बलरामपुर जनपद के विकास खण्ड श्रीदत्त गंज को आकांक्षी ब्लॉक के रूप में चिन्हित किया गया है । चिंतन शिविर में ब्लाक ट्रांसफॉर्मेशन स्ट्रेटेजी पर 5 थीम्स के अंतर्गत 9 सेक्टर जैसे हेल्थ, न्यूट्रीशन, एजुकेशन, एग्रीकल्चर,बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर , ड्रिंकिंग वाटर, सैनिटेशन,फाइनेंशियल इन्क्लूजन, सोशलडेवलपमेंट, श्रीदत्त गंज ब्लॉक को डेवलप करने को लेकर निर्धारित इंडिकेटर वार चर्चा की गई और प्रत्येक बिंदु पर स्ट्रेटेजिक थिंकिंग करते हुए रणनीति बनाया गया और सुझाव लिए गए । मुख्य विकास अधिकारी वा अध्यक्ष ने सभी अधिकारीयों को संबोधित करते हुए कहा की प्रत्येक सेक्टर और इंडिकेटर पर बनने वाली सभी योजना बहुत ही विशिष्ट तौर पर होनी चाहिए ताकि श्रीदत्तगंज ब्लाक को एस्पिरेशनल ब्लाक से इंस्प्रेस्नल ब्लाक की तरफ ले जाया जा सके, साथ ही ये भी बताया की निति आयोग का तहत वैसे खण्डो का चयन किया गया है जो नीति आयोग के विकास के मानक से पीछे रह गया है उन्होंने सोशल मोबिलाइजेशन पर विशेष जोर देते हुए कहा की सामाजिक गतिशीलता एक शक्तिशाली माध्यम है जो हमे लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करती हैं। सभी विभागों और सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं एन.जी.ओ. तथा संबंधित लोगो को इसमें जुड़कर अपना ज़िम्मेदारी समझते हुए शत प्रतिशत योगदान देने की बात कही।

**बैठक** पूर्व चेयरपर्सन ने कहा कि आपसी भाईचारे और धार्मिक सौहार्द को बना नबी के जन्मदिवस को मनाएं

## मदरसा जामिया अहले सुन्नत फखरूल उलूम बैनर तले बारह रबीउल अव्वल की तैयारियों संबंधित मीटिंग का आयोजन



**बलरामपुर।** नगर पालिका अंतर्गत मदरसा जामिया अहले सुन्नत फखरूल उलूम के बैनर तले बारह रबीउल अव्वल की तैयारियों से संबंधित मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मदरसा प्रिंसिपल मौलाना अब्दुल वहाब खां ने की।मौलाना सय्यद अहमद रज़ा और मुफ्ती ए शहर मौलाना मोहम्मद मसीह अहमद क़ादरी के संरक्षण में आयोजित का शुभारंभ तिलावत कुरआन से हाफिज हस्सान ने किया। पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि शाबान अली ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आपसी भाईचारे और धार्मिक सौहार्द को बनाए रखते हुए नबी के जन्मदिवस को मनाएं।शाबान अली ने कहा कि अल्लाह के प्यारे हमारे नबी ने हमें मानवता का संदेश दिया है इस लिए हमें जूलूस ए मोहम्मदी में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हमारे किसी भी कार्य व्यवहार से किसी को तकलीफ न होने पाए। हमें अपने किरदार व अमल से मोहब्बत का संदेश देना है।अंत में शाबान अली ने सभी को पैगंबर ए इस्लाम के जन्मदिवस की बधाई दी।पूर्व विधायक भाजपा के वरिष्ठ नेता अशफ़ाक अहमद खां ने अपने संबोधन में कहा कि जश्न ए ईद मिलादुन्नबी खूब धूम धाम से मनाएं मगर किसी को तकलीफ पहुंचाने वाला कोई कार्य न करें।मौलाना अब्दुल वहाब खां ने बैठक का एजेंडा जहां पढ़ कर सुनाया वहीं मीटिंग के महत्व और आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।मौलाना सय्यद अहमद रज़ा ने जुलूस ए मोहम्मदी के वकार को कायम रखते हुए इस्लामी वेश भूषा में शामिल रहने का संदेश देते हुए कहा कि जूलूस में डीजे आदि पर अमर्यादित चीज़ें न बजाएं,उत्तेजक नारे न लगाएं,भीड़ में उछल कूद न करें,डांस न करें सिर्फ इस्लामी नारे लगाएं। अगर किसी ने भी जोलूस के वकार को पामाल करने वाली हरकत की तो उसे विवश होकर जूलूस से बाहर कर दिया जाएगा।मुफ्ती मोहम्मद मसीह अहमद क़ादरी ने एजेंडे पर आधारित अपने उद्बोधन में कहा कि जुलूस ए मोहम्मदी उलमा की अगुवाई में निकाला जाएगा, सभी जिम्मेदारान खुद जूलूस की निगरानी करेंगे,किसी भी कारण वश अगर कहीं कोई वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो सभी लोग सब्र से काम लें,उत्तेजित न हों,जिम्मेदारान को सूचित करें और सौहार्दपूर्ण वातावरण में समस्त कार्यक्रम को संपन्न कराने में एक अच्छे नागरिक होने की भुमिका निभाएं। हाफिज अनवार अहमद उर्फ़ शब्बू हाफिजजी ने बैठक में आए सभी अतिथियों को सराएंगेट नवजवान कमेटी के द्वारा वीर विनय चौराहे से चौक बाज़ार तक होने वाली सजावट आदि की जानकारी दी।

### गणेश चतुर्दशी व बारावफात को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु पीस कमेटी की मीटिंग

**बलरामपुर जिला संवाददाता के बी गुप्ता।** पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा आगामी त्यौहार गणेश चतुर्दशी व बारावफात को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेन्द्र सिंह व क्षेत्राधिकारी प्रभारी थाना तुलसीपुर प्रमोद कुमार सिंह अध्यक्षता में शुक्रवार को थाना तुलसीपुर परिसर में आगामी त्यौहार गणेश चतुर्दशी व बारावफात को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों ग्राम प्रधान व झांकी जुलूस के आयोजकों व डीजे मालिक के साथ की गयी पीस कमेटी की मीटिंग। त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने तथा अफवाहों पर रोकथाम करने हेतु सभी को जागरुक करते हुए आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने, सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट व टिप्पणी न करने के लिये युवको को समझाने के लिए बताया गया तथा किसी भी विषम स्थिति में तत्काल थाना 112 पर सूचना देने के लिए निर्देशित किया गया।

## सफाई कर्मचारी नदारद, सफाई व्यवस्था फेल



**बलरामपुर/अनुपम मिश्रा।** जहां एक तरफ केंद्र की मोदी सरकार प्रदेश की योगी सरकार सफाई व्यवस्था को लेकर तरह-तरह की योजनाएं चला रही है वहीं दूसरी तरफ गांव में तैनात सफाई कर्मचारी अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे,ऐसा ही एक मामला बलरामपुर जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरदौलिया का है, जहां ग्रामीणों ने बताया पिछले दो माह से सफाई कर्मचारी गांव में नहीं आए जिसके चलते बाजार में बनी नालियों में अब गंदगी व कीचड़ भरा हुआ है ग्राम पंचायत के मजरे भड़सहिया में बने वृद्ध आश्रम के सामने नालियों में गंदगी व्याप्त है जो एक बड़ी बीमारी को दावत दे रहा है, बाजार के लोग दीनानाथ गुप्ता, रामप्रसाद गुप्ता, भूरे, शिवप्रसाद, कन्हैयालाल, मनोज, शिवम तिवारी, हरीश मिश्र, आदि बताते हैं की सफाई कर्मचारी की विशेष लापरवाही के चलते नालियां समय पूर्वक साफ नहीं होती है, इसलिए सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ग्रामीणों ने जांच की मांग की है | जब इस संबंध मे खण्ड विकास अधिकारी से फोन लाइन पर जानकारी करने की कोशिश की गई तो उनका फोन अनरीचेबल मिला....।

## ख़ास ख़बर

### वर्षा की जलजमाव से ताजपुर नगर परिषद की सड़के झील में तब्दील- सड़क-नाला निर्माण, सफाई-प्रकाश व्यवस्था

**समस्तीपुर ताजपुर मोहम्मद सिराज** । वर्षा की जलजमाव से ताजपुर नगर परिषद क्षेत्र की सड़कें झील में तब्दील हो गई है। पहले से जर्जर सड़क फिर कच्चा खोदा गया नाला एवं नाले पर सलैब नहीं रहने से कई दुर्घटनाएं भी हुई हैं। इस वजह से राहगीरों के अलावे वाहनों को दूसरे सड़कों के गुजरना पड़ रहा है। मुख्य बाजार का चाहे फलमंडी की सड़क हो या फिर कर्बला, आलूमंडी, थाना चौक, अस्पताल रोड, दरगाहरोड, योगियामठ, मोतीपुर वार्ड-26, ओलियापीर, बहेलिया टोला, बाल विकास परियोजना कार्यालय, प्रखंड कार्यालय, राजधानी चौक आदि की जर्जर सड़कों पर घूटने भर जलजमाव है। कई सड़कों पर जलजमाव के कारण आवागमन बाधित है तो कई सड़कों को बदलकर लोग चलने को मजबूर है। भाकपा माले के सुरेंद्र प्रसाद सिंह, प्रभात रंजन गुप्ता, मो० एजाज की टीम ने सड़कों का मुआयना करने के बाद बताया कि इन सड़कों को मरम्मत करने, सड़क किनारे पक्का नाला बनाने, नाला पर सलैब डालने की मांग भाकपा माले द्वारा की गई लेकिन कार्यपालक पदाधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दिया। फलस्वरूप ताजपुर नगर परिषद क्षेत्र की सड़के झील में तब्दील है। बाजारवासी, राहगीर से लेकर वाहन चालक, यात्री तक परेशान हैं। भाकपा माले ने तमाम जर्जर सड़कों की मरम्मती, जलनिकासी के लिए पक्का नाला, नाले पर सलैब, सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था यथाशीघ्र करने की मांग अन्यथा अक्टूबर में नगर परिषद कार्यालय पर अनिश्चितकालीन घरना- प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

### गांव गांव संपर्क कर मोदी की सभा में सम्मानित होने का किसान नेता हाड़ा ने किया आह्वान





**दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान / चितौड़गढ़** । जिले की बेगूं विधानसभा से किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने 25 सितंबर को जयपुर में परिवर्तन संकल्प यात्रा के समापन पर आयोजित होने वाली मोदीजी की सभा में सम्मानित होने के लिए विधानसभा के गांव - गांव में जाकर जन संपर्क किया तथा हर बूथ से अधिक से अधिक संख्या में पधारने का निवेदन किया। किसान नेता हाड़ा ने भैंसरोड़गढ़ मंडल के भैंसरोड़गढ़,बोराव,गोपालपुरा, प्रतापपुरा,तथा जावदा मंडल के छावनिया,बस्सी,जावदा,गुर्जरों की मोरवन, टोलू का लुहारिया,हाड़ा की मोरवन सहित गांव में पहुंचकर जन संपर्क किया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कुख्यात मोटरसाइकिल चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**दरभंगा** । सदर थाना क्षेत्र के मथुरापुर गांव निवासी भूषण मंडल के पुत्र रूपेश कुमार उर्फ छोटू उर्फ माल्या को मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। बता दे की सदर थाना प्रभारी थाना अध्यक्ष सुभाष चंद्र मंडल ने जानकारी देते हुए बताएं कि कांड संख्या 665/23 कुख्यात मोटरसाइकिल रूपेश कुमार को मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। कुख्यात मोटरसाइकिल चोर रूपेश कुमार उर्फ छोटू उर्फ माल्या को कई महीनो से पुलिस तलाश रही थी आखिरकार पुलिस के हाथों गिरफ्तार कर लिया गया और अग्रिम कार्रवाई के लिए दरभंगा न्यायालय भेजा गया। वही दूसरा मामला सदर थाना क्षेत्र के रानीपुर पंचायत एनएच 57 के पास देसी शराब तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार बताया जाता है कि कोतवाली ओपी क्षेत्र के भटियारी सराय निवासी बिंदेश्वर महतो के पुत्र उपेंद्र महतो के रूप में शराब तस्कर की पहचान की गई है जिसके पास से 14 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है और दरभंगा न्यायालय कार्रवाई हेतु भेजा गया ।

# गणेश महोत्सव के पांचवें दिन ठाकुरबाड़ी में हुआ सुंदरकांड पाठ आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर ,सुभाष चन्द्र झा,सहरसा** । शंकर चौक स्थित श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी में चल रहे दस दिवसीय गणेश महोत्सव के पांचवें दिन शनिवार को रामचरितमानस के सुंदरकांड पाठ आयोजित हुई।जिसमें 251 महिलाएं सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हुए। रामायण पाठ कर रहे वक्ता ने कहा कि यदि सम्पूर्ण रामायण न पढ़कर सिर्फ सुंदरकांड का पाठ किया जाए तो संपूर्ण पाठ का फल मिलता है। सुंदरकांड के पाठ से रामभक्त हनुमान प्रसन्न होते हैं और पाठ करने व श्रवण करने वालों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। रामायणी ने कहा कि सुंदरकांड के पाठ मात्र से लोगो के जीवन में सुख और समृद्धि आती है। बजरंग बली अपने भक्त के सारे दुखो को दूर कर देते हैं , साथ ही उन्हें एक शांति पूर्ण जीवन जीने का वरदान देते हैं। उन्होंने कहा कि सुंदरकांड के लगातार पाठ करने से सभी मनोरथ पूरे होते हैं एवं जीवन के सभी कष्ट, दुख, परेशानियाँ दूर हो जाती है। इसका पाठ आत्मविश्वास की कमी को पूरा करता है। सुंदरकांड का पाठ पूरा होने तक सभी श्रद्धालु मनोयोग से श्रवण करते रहे।इस अवसर पर पंडित सुरेश चौबे, पंडित दीनानाथ चौबे , गोलू चौबे अभिषेक गाड़ा, रणजीत दास, इंदु केशरी, मोती पंजियार, राजा राज कुमार भगत, रंजय, संजय गुप्ता, मुकुल सिंह, मनोज यादव,अशोक पंजियार, प्रभु पंजियार,समीर साह, , मनोज चौधरी, अमरेंद्र तिवारी, उमाशंकर गुप्ता, रामशंकर भगत, विनय गुप्ता,शक्ति गुप्ता , धीरज गुप्ता, अमरजीत कुमार, अंचल आनंद, झब्बू साह, पवन गुप्ता, रवि गुप्ता अमन कुमार गाड़ा, विमल कुमार, ट्वींकल,कन्हैया सिंह अमृता, ऋचा आकृति, श्वेता कुमारी, मनीषा, शुभाषणी, अंशु, स्नेहा, स्वाति, स्वर्णा, शिवानी, कशक, मोनी, सोनी, रिमझिम सहित अन्य श्रद्धालुओं सुंदरकांड पाठ में भाग लिया।

## बिरनी में आजसू पार्टी ने बिनोद बिहारी के 100वी वर्षगांठ मनाया



**दैनिक शुभभास्कर, कृष्णा वर्मा, बिरनी** । प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय के समीप आजसू पार्टी ने बिनोद बिहारी के 100वी वर्षगांठ मनाया जिसका अध्यक्षता प्रखण्ड उपाध्यक्ष अमित गुप्ता एवम संचालन सचिव राजेन्द्र कुमार यादव,ने किया इस अवसर पर बिरनी मुख्यालय के समीप में बिनोद बाबू के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। बिनोद बाबू के पढ़ो और लडो के नारा के साथ पुरे झारखंड में क्रांति लाए थे। हम सभी आजसू पार्टी अधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को बाबु के सपनों को झारखंड कैसा हो उन्ही के आदर्शों के साथ चलने का संकल्प लिया गया साथ ही साथ केंद्रीय कमिटी के आदेशानुसार रांची में होने वाले महाधिवेशन कार्यक्रम पर चर्चा परिचर्चा किया गया एवं ग्राम प्रभारी बनाने का काम कर के जल्द सूची केंद्रीय कार्यलय में भेजने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अजय विश्कर्मा,सह सचिव बबलू यादव,कोषाध्यक्ष संजय दास, कार्यकारी अध्यक्ष बबलू दास, अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा पिन्टू वर्मा,सत्यदेव राय,खरखरी पँचायत अध्यक्ष सचिन रजक, शाखाबारा सचिव रमेश कुमार,पिन्टू यादव,दीपक पाण्डे रामप्रवेश साव,सिकन्दर शर्मा, राजेश साव,पिन्टू वर्मा,लखविन्दर सिंह,आनंद रंजन, महेश यादव,लालो यादव,राजेश कुमार साव,पंकज तुरी,बसंत यादव,इत्यादि आजसू पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## पीएम पोषण योजना के तहत बच्चों को दी गयी जानकारी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज**। प्रखण्ड के धुमनगर पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय गदीयानी टोला उर्दू में शानिवार को पीएम पोषण पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी बच्चों को पोषण से संबंधित जानकारी दी गई, इसी क्रम में सभी बच्चें को जैसे आवला,सोयाबीन, खीरा,हरा मिर्चा,मुली, भिंडी,बोड़ी, चुकंदर,धनिया,टमाटर, शिमला मिर्च, दाल , नमक,तेल इत्यादि को दिखा करके उसे मिलने वाली पोषण / विटामिन के बारे में बच्चों को बताया गया। इस संदर्भ में विद्यालय के प्रधान शिक्षक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि शिक्षा विभाग बिहार सरकार एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा दिये गए आदेश के आलोक में आज विद्यालय में पोषण पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के सहायक शिक्षक जनार्दन चौधरी,गजाला परवीन, संजीदा बेगम, कुमारी रजनिशा, टोला सेवक मदन राम, बच्चे एवं अभिभावक आदि उपस्थित रहे ।

## जावदा निमड़ी क्षेत्र में गुर्जर समाज ने निकाली अपने आराध्य देव देवनारायण की शोभायात्रा

**दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान / चितौड़गढ़ / रावतभाटा** । तहसील के जावदा निमड़ी क्षेत्र में गुर्जर समाज ने शनिवार को अपने आराध्य देव श्री देवनारायण भगवान की शोभा यात्रा निकाली।शोभायात्रा का शुभारंभ कवड़ों के लुहारिया के देवनारायण मंदिर से हुआ जबकि दूसरी ओर से शोभायात्रा देवपुरा के देवनारायण मंदिर से प्रारंभ होकर जावदा पहुंची। शोभायात्रा के दौरान गांव - गांव में पुष्प वर्षा करके ग्रामीणों ने स्वागत किया तो रास्ते में ग्रामीणों ने जलपान की व्यवस्था की। दोनों ही शोभायात्रा जावदा पहुंची । जहां जावदा में बेगूं विधानसभा से किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा और जावदा सरपंच एवं युवामोर्चा मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौड़ ने कार्यकर्ताओं के साथ पुष्प वर्षा करके शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया तथा कार्यकर्ताओं ने स्वागत स्थल पर जलपान की व्यवस्था की। स्वागत कार्यक्रम में मिठ्ठु सिंह राठौड़,पुरुषोत्तम विजयवर्गीय,शांतिलील शर्मा,लक्ष्मण गुर्जर, मुकेश धाकड़ कोरोमंडल, शुभम जैन, सुरेश कुमावत, दिनेश धाकड़, मनीष राठौर, सत्यनारायण राठौर, सुभाष सेन,भागचंद गुर्जर,बलराम गुर्जर,घनश्याम धाकड़,मिठ्ठु लाल धाकड़,उम्मेद सिंह,मांगीलाल धाकड़,पुरुषोत्तम धाकड़,रविराज सिंह हाड़ा,घनश्याम धाकड़,जसवंत सिंह राठौड़,गेंदमल मेघवाल,अनिल धाकड़ सहित कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।शोभायात्रा जावदा में सम्मिलित होकर कोटडागढ़ बालाजी स्थित देवनारायण मंदिर पहुंची जहां समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित कर सम्मान समारोह आयोजित किया।






### मारपीट के मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार गया जेल

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो बेतिया,साठी** । थाना क्षेत्र के भगौना गांव में पूर्व में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट के मामले एसी एसटी के फरार अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों कि पहचान शेख डंकन उर्फ जावेद आलम पिता शेख मजहर आलम सेमरी निवासी, के रूप में हुई है। यहां बता दें कि थाना क्षेत्र के भगौना निवासी उमेश साह ने थाने में आवेदन देकर अपने जमीन पर मारपीट और अभद्र भासा के प्रयोग करने के मामले में धारा एससिएसटी के तहद प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमे डंकन सहीत कुल दस अभयूक्त सामिल हैं जो फरार चल रहा था। गुप्त सुचना के आलोक में पुलिस ने छापेमारी कर साठी बाजार से उसे गिरफ्तार कर बेतिया न्यायालय भेज दिया है पुलिस लगातार उसे गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी।थानाध्यक्ष ने बताया कि बाकी अभियुक्तों को बहूत जल्द गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा

### 65वीं वाहिनी द्वारा "मेरी माटी मेरा देश" अभियान के तहत निकाली गयी अमृत कलश यात्रा



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा**। 65वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया शिविर बगहा द्वारा अच्युत सिंह, कार्यवाहक कमांडेंट के मार्गदर्शन में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत "मेरी माटी मेरा देश" अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा तिरंगे तथा ढ़ोल नगाड़े के साथ निकाली गई । इस क्रम में 'डी' समवाय सोनाली नाला कार्यक्षेत्र के ग्राम- बेतहानी दोन, बेलटाड़ी दोन, पिपरा दोन, बी समवाय परसा के कार्य क्षेत्र में बनहवा, मटेरिया इत्यादि गाँव मे साथ ही महादेव नाला समवाय के कार्यक्षेत्र के गाँव मे कार्मिकों द्वारा अमृत कलश यात्रा निकाली गयी । इस अभियान के तहत समस्त समवाय व सीमा चौकी के कार्यक्षेत्र मे आने वाले सभी घर से मिट्टी या चावल को लेकर कलश में एकत्रित किया जा रहा है ।इस कलश को ग्राम, प्रखण्ड स्तर पर सभी राज्यों के राजधानियों से होते हुए देश की राजधानी दिल्ली तक ले जाया जाएगा जहां देश के लिए अपने सर्वोच्च बलिदान देने के लिए देश के वीर एवं वीरांगनाओं की याद में अमृत कलश की स्थापना की जाएगी | 65 वीं वाहिनी द्वारा इस अभियान में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने हर्षौउल्लास के साथ बढ़ चढ़कर भाग लिया इस कार्यक्रम में सभी सम्मानित ग्रामीणों के साथ एस. एस. बी. के बलकर्मी उपस्थित रहे।

### आज दरभंगा पहुंचेंगे गंगोत्री से रामेश्वरम की यात्रा पर गए कांवड़ यात्री



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुमित झा, दरभंगा** । गंगोत्री से रामेश्वरम की यात्रा पर बीते एक जून को दरभंगा से रवाना हुए सात सद्भावना कांवड़ यात्री रविवार को बागमती एक्सप्रेस से दरभंगा पहुंचेंगे। जबकि कांवड़ यात्रियों के सरदार, वरिष्ठ साहित्यकार मणिकांत झा भी इसी दिन सड़क मार्ग से दरभंगा पहुंचेंगे। जानकारी देते हुए विद्यापति सेवा संस्थान के महासचिव डा बैद्यनाथ चौधरी बैजू ने बताया कि दरभंगा पहुंचने पर सातों सद्भावना कांवड़ यात्रियों का दरभंगा जंक्शन पर भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मिथिला की गौरवशाली परंपरा अनुरूप कांवड़ यात्रियों का स्वागत सम्मान किए जाने के उपरांत उनके सम्मान में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसमें मैथिली मंच के स्वनामधन्य गायक रामबाबू झा एवं माधव राय की टीम अपनी प्रस्तुति देंगे।

### नारी शक्ति के सहयोग व सामर्थ्य के बीना एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव नहीं - भाजपा नेत्री विजया सिंह



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा**। गंडक पार स्थित मधुबनी प्रखंड कार्यालय स्थित प्रमुख कक्ष में शनिवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाने की खुशी में भाजपा महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष सह मधुबनी प्रखंड प्रमुख विजया सिंह ने एक प्रेस वार्ता कर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विजया सिंह ने कहा कि देश की माताओं - बहनों को पीएम मोदी द्वारा दिये गए इस ऐतिहासिक एवं अनुपम उपहार के लिए पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया। कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की महिलाओं को उनका अधिकार देने वाले मोदी सरकार की यह निर्णय आने वाले समय में एक विकसित, समृद्ध भारत के निर्माण का मुख्य स्तंभ बनेगा। भाजपा नेत्री ने कहा कि चाहे नीति हो या नेतृत्व , भारत की शक्ति ने देश में साबित किया है कि किसी भी क्षेत्र में महिला कम नहीं है। नारी शक्ति के सहयोग व सामर्थ्य के बीना एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव नहीं है। कहा कि देश की महिलाओं की सपने पुरा करने का सौभाग्य भाजपा सरकार ने दी है। प्रेस वार्ता में भाजपा के जिला महामंत्री सोना देवी, नीतू गुप्ता, माधुरी देवी, धनेश्वरी देवी, खैरा नेशा, मजैमूल नेशा, अमरुन नेशा, एकमी देवी समेत दर्जनों की संख्या में भाजपा महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

**माफ** कई टोलो मोहल्ले में और कई जगहों पर तो लोग बांस बल्ला पर ही तार टांगकर ही बिजली की सेवा ले रहे हैं

## बकाया बिजली बिल माफ करते हुए गरीबों को 200 यूनिट बिजली फ्री दिल्ली की तर्ज पर उपलब्ध कराने की मांग मुख्यमंत्री जी से की है



**दरभंगा (मो.जीलानी अंसारी)**। राजद के प्रदेश सचिव(शिक्षक प्रकोष्ठ) सह पूर्व मुखिया गयासुद्दीन ने मुख्यमंत्री जी और उपमुख्यमंत्री जी बिहार सरकार को दिए गए आवेदन पत्र में सर्वप्रथम उनका साधुवाद दिए हैं की उन्होंने वास्तव में बिहार जैसे राज्य में बिजली के क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार किए हैं। फिर भी दिए गए आवेदन में उन्होंने कहा है कि देवराम अमेठी पंचायत, बेनीपुर प्रखंड, दरभंगा जिला सहित समस्त बिहार में बिजली विभाग के पदाधिकारी की भयंकर लापरवाही से बहुत से टोले मोहल्ले में बिजली का पोल, तार और ट्रांसफार्मर जर्जर हालत में है और कई टोलो मोहल्ले में और कई जगहों पर तो लोग बांस बल्ला पर ही तार टांगकर ही बिजली की सेवा ले रहे हैं, जिस कारण आए दिन दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है अत्यधिक लोगों को गलत बिजली बिल भी बिजली विभाग के पदाधिकारी और ठेकेदारों के नापाक गठजोड़ के कारण गलत बिजली बिल गरीबों को भुगतान करना पड़ता है। विदित हो की इस भयंकर गर्मी में भी बहुत जगह पर कई कई घंटे बिजली बाधित रहती है और उस समय बिजली विभाग के पदाधिकारी को कॉल करते हैं तो कॉल लगता नहीं है और लग भी जाता है तो उठाते नहीं है तो और यदि उठा भी लेते हैं तो लोगों के समस्या का ससमय निदान भी नहीं करते हैं जिस कारण लोगों की परेशानी और भी बढ़ जाती है चुकी वास्तव में बिजली अभी मानव जीवन का एक हिस्सा हो चुका है। दिए गए आवेदन पत्र में उन्होंने देवराम अमेठी पंचायत, बेनीपुर प्रखंड मनिगाछी, प्रखंड दरभंगा जिला सहित पूरे बिहार के गरीबों बेरोजगारों के बारे में आगे उन्होंने कहा है कि गरीबी बेरोजगारी और महंगाई के कारण लोगों का वैसे ही कमर टूट चुका है ऐसी हालत में लोग बिजली बिल जमा करने में असमर्थ हो रहे हैं और गरीबों के लिए माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी माननीय उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी और माननीय ऊर्जा मंत्री श्री विजेंद्र प्रसाद यादव जी को बड़ा दिल दिखाते हुए दिल्ली की तर्ज पर पुराने बिजली बिल को माफ करते हुए सभी गरीबों को और किसानों को 200 यूनिट बिजली फ्री उपलब्ध कराने की मांग की है ताकि इस भयंकर बेरोजगारी गरीबी और महंगाई में बिजली उपभोक्ताओं की जान बच सके। आगे उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी उपमुख्यमंत्री, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी, ऊर्जा मंत्री श्री विजेंद्र प्रसाद यादव जी, ऊर्जा सचिव बिहार सरकार पटना, विद्युत अधीक्षण अभियंता दरभंगा, विद्युत कार्यपालक अभियंता बेनीपुर, सहायक विद्युत अभियंता बेनीपुर दरभंगा, सहायक विद्युत अभियंता सकरी दरभंगा, कनिये अभियंता विद्युत बेनीपुर, कनीय विद्युत अभियंता सकरी, अनुमंडल पदाधिकारी बेनीपुर, अनुमंडल पदाधिकारी सदर और जिलाधिकारी दरभंगा से दिए गए आवेदन में विनम्रता पूर्वक अपील कीए है की सभी बिंदुओं पर दया पूर्वक विचार करते हुए जर्जर बिजली का पोल, तार और ट्रांसफार्मर बदलने, गलत बिजली बिल सुधार कर निर्वाद बिजली सेवा देने और घरेलू बकाया बिजली बिल माफ करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल जी के तर्ज पर समस्त बिहार के गरीबों को किसानों को भी 200 यूनिट बिजली फ्री उपलब्ध कराने की मांग की है ताकि इस भयंकर बेरोजगारी ,भयंकर महंगाई ने सभी गरीब गुरबा और किसानों का कल्याण हो सके।

## मझौवा कोर्ट माई स्थान परिसर में कंस बध के साथ तीन दिवसीय मेला शुरु, हुई अन्याय पर न्याय की जीत




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा**। प्रखंड बगहा एक के मझौवा पंचायत स्थित कोर्ट माई स्थान में शनिवार को कंस बध के साथ ही तीन दिवसीय मेला शुरु हो गई। कोर्ट माई स्थान परिसर में आयोजित कंस बध मेला अपने आप में शुमार है, तथा इतिहास धरोहर के रुप में विख्यात है। पूर्व मुखिया सह प्रबुद्ध समाजसेवी व मेला समिति के अध्यक्ष जयनारायण शाही ने बताया कि सिद्ध पीठ कोर्ट माई स्थान परिसर में सनातन धर्म के साथ पारंपारिक रुप से वर्षो पूर्व से कंस बध मेला का आयोजन होते आ रहा है। उन्होंने बताया कि अन्याय पर न्याय की जीत की खुशी में उक्त मेला का आयोजन किया जाता है। कहा कि राजा कंस कृष्ण के मामा अन्यायों के प्रतीक थे। दुराचारी कंस के अन्याय से पृथ्वी हिल उठी थी। अंततः भगवान श्री कृष्ण ने दुराचारी कंस का बध किया। उसी के बदौलत अन्याय पर न्याय की जीत की खुशी में कंस बध मझौवा कोर्ट माई परिसर में आयोजित की जाती है। मझौवा पंचायत के पूर्व सरपंच सह पंचायत समिति सदस्य प्रतिनधि बबलू मिश्रा ने बताया कि कंस बध के साथ ही मेला शुरु हो गई।तथा रविवार को विशाल व भव्य दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें बिहार, नेपाल, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली समेत विभिन्न प्रांतों से नामी गिरामी पहलवान शिरकत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही बच्चों की आकर्षक का केन्द्र झुला बना है। तथा तीन दिवसीय कंस बध मेला में आस पास सहित दुर दराज के गांवों से हजारों हजार की संख्या में दर्शक व श्रद्धालु महिला पुरुप व बच्चे आते है। उन्होंने बताया कि मेला में शांति व्यवस्था के लिए चौतरवा थाना पुलिस मुस्तैद रहती है। इस अवसर पर समाजसेवी अरविंद मिश्रा, रामाधार शाही, राजहरन यादव, रंजीत यादव, बबलू शाही, वीरेन्द्र शाही समेत दर्जनों की संख्या में नवयुवकों, समाजसेवियों व प्रबुद्धजनों का सराहनीय सहयोग देखा गया।

## ख़ास ख़बर

### हजारीबाग की महिलाओं ने नारी-शक्ति वंदन अधिनियम के लिए प्रधानमंत्री जी व सांसद जयंत सिन्हा जी को दिया आभार



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग** । सांसद हज़ारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने 22 सितम्बर को हज़ारीबाग स्थित अटल भवन में भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं से संवाद किया। नारी-शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने से महिलाएं बेहद खुश हैं। इस बैठक में इस अधिनियम समेत अनेक संगठनात्मक व निजी विषयों पर चर्चा की गयी। महिलाओं ने इस ऐतिहासिक निर्णय को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व अपने सांसद का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम बेहद प्रसन्न हैं कि जयंत सिन्हा ने अपना मत देकर इस अधिनियम को और मज़बूती प्रदान की। हज़ारीबाग लोकसभा की महिलाओं को अपने सांसद पर गर्व है। इसके साथ ही महिला कार्यकर्ताओं ने जयंत सिन्हा को लगातार पांचवीं बार लोकसभा की वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति का अध्यक्ष बनाये जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि जयंत सिन्हा ने अपनी मेहनत से देश व दुनिया में हज़ारीबाग को गौरवान्वित किया है। उनकी यह उपलब्धि हर क्षेत्रवासी के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर जयंत सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार नारी सशक्तिकरण को निरंतर बढ़ावा दे रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसका प्रमाण है। मुझे मेरी बहनों से संवाद कर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। हज़ारीबाग के विकास को गति देने में महिला मोर्चा की बहनें अहम योगदान दे रहीं हैं।

### पिछले 9 साल में देश ने देखी नई कार्य संस्कृति हर क्षेत्र में हुआ अभूतपूर्व विकास - सीएम योगी

**वाराणसी** । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले 9 साल में देश ने एक नई कार्य संस्कृति देखी। हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ। जी-20 थीम के अनुरूप ग्लोबल लीडर्स को भारत के सामर्थ्य और शक्ति को नजदीक से देखने का आवसर मिला। वसुधैव कुटुम्बकम के अनुरूप ग्लोबल लीडर्स की उपस्थिति भारत के वैश्विक लीडर के रूप में उभरते हुए नेतृत्व को देश की 140 करोड़ जनता ने भी अनुभव किया।सीएम योगी ने शनिवार को वाराणसी के गंजारी में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने काशी की धरती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया। वहीं नंदी की प्रतिमा भेंट की। उन्होंने कहा कि जी 20 की अभूतपूर्व सफलता के उपरांत अनेक उपलब्धियों के साथ प्रधानमंत्री का आज उनकी अपनी काशी में आगमन हुआ है। इस अवसर पर यूपी सरकार और काशी वासियों की ओर से यहां हृदय से स्वागत अभिनंदन करता हूं।प्रधानमंत्री के नेतृत्व व मार्गदर्शन में पिछले साढ़े 9 वर्ष के दौरान दुनिया की सबसे प्राचीन सांस्कृतिक आध्यात्मिक राजधानी अविनाशी काशी के समग्र विकास को देश और दुनिया के सामने पहुंचाया है।आज एक बार फिर पीएम मोदी अनेक उपहारों के साथ काशी आए हैं। पहली बार उत्तर प्रदेश में बीसीसीआई की ओर से इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण हो रहा है। प्रधानमंत्री के हाथों इसकी आधारशिला रखी जा रही है।इसके लिए सभी क्रिकेट प्रेमियों की ओर से उनका स्वागत अभिनंदन करता हूं। इस अवसर पर भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाई प्रदान करने वाले और क्रिकेट के जुनून को जिन्होंने घर घर पहुंचाया, ऐसे महानतम पूर्व खिलाड़ी सुनील गावास्कर, कपिल देव, गोडप्पा विश्वनाथ, सचिन तेंदुलकर, रवि शास्त्री, दिलीप वेंगसरकर, कर्षन तावडे, मदनलाल, गोपाल शर्मा, नीतू डेविड, शुभांगी कुलकर्णी, बीसीसीआई चेयरमैन रोजर विन्नी आदि उपस्थित रहे।बीसीसीआई सचिव जय शाह ने यहां स्टेडियम निर्माण में विशेष रुचि ली है। राजीव शुक्ला का मैं अविनाशी काशी में प्रधानमंत्री के सानिध्य में स्वागत एवं अभिनंदन करता हूं।वाराणसी में स्मार्ट सिटी के माध्यम से एक स्टेडियम का निर्माण हो रहा है। वहीं बीसीसीआई की ओर से यूपी में तीसरे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण हो रहा है। पीएम मुख्यमंत्री के साथ खुली जीप में सवार होकर हेलीपैड से मंच तक पहुंचे।

### किसान के करोड़ों की जमीन पर जबरन कब्जा करने की सीएम योगी से शिकायत दी आत्मदाह की चेतावनी

**वाराणसी** । राजातालाब क्षेत्र के बीरभानपुर गाँव के किसान की जमीन एक दशक पहले से न्यायालय में विचाराधीन है। वहीं पास के गंजारी गाँव में पीएम मोदी और सीएम योगी के होने के बावजूद हौसला बुलंद भूमाफ़ियाँ एक बार फिर से इस विवाद को हवा देना शुरू कर दिया है। शिकायतकर्ता किसान रामअधार के द्वारा पीजी और जनसुनवाई पोर्टल पर आवेदन देकर जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करने और बोरिंग करवाने का आरोप लगाया है। वहीं कहा कि हाई कोर्ट के आदेश की अनदेखी हो रही है। पीड़ित किसान रामअधार ने सीएम योगी को पोर्टल पर दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि बीरभानपुर गाँव निवासी रामजियावन, लल्लू अपने भूमाफ़िया प्रवृत्ति के अधिवक्ताओं और सहयोगियों सहित हल्का थाना के दरोग़ा के द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई और जमीन पर जबरन कब्जा किया जा रहा है।सीएम योगी से इस संबंध में पहल करने की अपील आवेदन में की गई है। बता दें कि उपरोक्त किसान की करोड़ों की जमीन को कब्जा को लेकर दशकों से विवाद चल रहा है मामला न्यायालय में विचाराधीन है।इस संबंध में स्थानीय थाना के द्वारा सहयोग नहीं करने और विपक्षी को संरक्षण देने की बात भी कही गई है।अन्यथा न्याय न मिलने पर आत्मदाह करने की चेतावनी दी है।जिसकी कापी सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सहित राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भी दिया गया हैं।वहीं स्थानीय थाने की पुलिस उपनिरीक्षक मिथिलेश प्रजापति ने बताया कि जमीन संबंधी मामला है इसमें पुलिस का रोल बहुत नहीं है।मौक़े पर बोरिंग रोकवा कर दोनों पक्षों को काग़ज़ात लेकर थाने पर बुलाया गया हैं।

# आईएएस मीणा ने शैक्षणिक संस्थानों के आसपास चलाया छापेमारी अभियान





**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी हज़ारीबाग** । आपरेशन नार्को स्ट्राइक के तहत आईएएस प्रशिक्षु समाहर्ता सुलोचना मीणा ने उपायुक्त नैन्सी सहाय एवं नगर आयुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर शनिवार को शैक्षणिक संस्थानों के आसपास की दूकानों, गुमटियों में कार्रवाई की। उन्होंने कहा नशा तस्करी में लिप्त लोगों, प्रतिबंधित क्षेत्रों में नशीली वस्तुओं, पदार्थों की बिक्री कारोबार करने वाले लोगों के खिलाफ़ सख़्त कारवाई की जाएगी। आईएएस मीणा ने सख्त निर्देश दिए हैं कि स्कूल, कालेजों की 100 मीटर परिधि में तंबाकू व गुटखा नहीं बिकेगा। तंबाकू, गुटखा बेचने मिलने पर दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आईएएस मीणा ने 23 सितंबर को आपरेशन नार्को स्ट्राइक का शुभारंभ किया। नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त विपिन,अनिल एवं टीम के साथ आज उन्होंने संत कोलंबस कॉलेज, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस प्लस टू गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल के आसपास स्थित दूकानों, गुमटियों, ठेला आदि में छापेमारी कर काफ़ी मात्रा में तंबाकू उत्पादों को जब्त किया साथ ही तंबाकू उत्पादों को विक्री करने वाले दुकानदारों से कोटपा एक्ट के तहत् 2200 रुपए एवं आसपास गन्दगी फैलाने के एवज में 500 रुपए का आर्थिक दण्ड आरोपित किया। अभियान का उद्देश के बारे में आईएएस मीणा ने बताया स्कूली बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों व तंबाकू से दूर रखने के उद्देश्य से स्कूल, कालेज व अन्य शिक्षा संस्थानों के आसपास 100 मीटर के दायरे में तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट, गुटका, पान मसाला की ब्रिकी करने वाले लोगों पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# मूसाचक पंचायत में जन ससंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया




**मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी** । बैरगनिया प्रखंड के मुसाचक पंचायत में जिला प्रशासन द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में डीएम मनेश कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी सहित जिले के सभी विभागों के पदाधिकारी पंचायत के आम-आवाम के साथ रूबरू होवे। जनसंवाद कार्यक्रम में सरकार की महत्वपूर्ण विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के द्वारा दी गई। स्वयं के द्वारा मुख्यमंत्री उद्यमी योजना ,जल जीवन हरियाली, मुख्यमंत्री बालक-बालिका प्रोत्साहन योजना ,मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना ,बिहार में महिलाओं के लिए आरक्षण, मुख्यमंत्री सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना,स्वयं सहायता समूह सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपस्थित जन समुदाय को दी गई। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में बिहार ने अद्भुत मिसाल पेश किया है। बिहार सरकार के शानदार आरक्षण नीति के वजह से आज हर क्षेत्र में महिलाओं को पूरा सम्मान मिल रहा है। जिलाधिकारी ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार द्वारा चलाई गई योजनाएं पूरे देश के लिए एक नजीर है। बिहार समाज सुधार एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अनुरोध करते हुए कहा कि सरकार के विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। अनुरोध किया कि छोटी उम्र में बच्चियों की पढ़ाई पर ध्यान दें। बाल- विवाह एवं दहेज प्रथा का का विरोध करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जीविका के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह के गठन से राज के गरीब तबको की महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है। उनके जीवन में आर्थिक उन्नति एवं खुशहाली आई है। सरकार के सहयोग से जीविका दीदियां अपनी कर्मठता और मेहनत से गुरबत की जिंदगी से निकलकर आर्थिक उन्नति का पथ प्रशस्त करते हुए एक मिसाल पेश की है।

### बाझा में वज्रपात में 4 मवेशियों की मौत



**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग** । कटकमसांडी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत बाझा में शनिवार को हुए वज्रपात की चपेट में आने से चार 4 मवेशियों की मौत हो गई। जिस में 3 गाय और 1 बैल बताया जा रहा है ।यह चारो मावेसी ग्राम बाजा का सत्यनारायण सिंह को बताया जा रहा है। सत्यनारायण सिंह बताया कि मेरे चारो मावेशी घर के कुछ दूरी पर खेत में चर रहा था तभी हल्की बूंदाबांदी के साथ वज्रपात हुआ और चारो मवेसी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई सत्यनारायण सिंह एक किसान हैं और उन्होने ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का आयोजन





**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग** । शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 एवं 2 के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित किया गया, तत्पश्चात स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर माल अर्पण किया गया। इसके बाद एनएसएस के लक्ष्यगीत के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। स्वागत अभी भाषण कार्यक्रम समन्वयक इकाई दो की डॉक्टर सरिता शीतल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना और उसके लक्ष्य के स्वरूप पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉक्टर विमल रेवेन ने ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के मोटो नोट मी बट यू के तरफ ध्यान आकृष्ट कराते हुए स्वयंसेवकों को समाज और राष्ट्र के प्रति सेवा भाव और कर्तव्य बोध से अवगत कराया उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति, समाज के प्रति और राष्ट्र के प्रति विद्यार्थी जीवन में हर क्षेत्र में हमेशा सजग रहना चाहिए और जीवन में व्यक्तित्व निर्माण के माध्यम से नेतृत्व क्षमता का विकास किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि के तौर पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग, राष्ट्रीय योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर जॉनी रुफीना तिर्की उपस्थित थी। उन्होंने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के लोगो में दर्ज कोणार्क सूर्य मंदिर का अष्टचक्र , चक्रविल के आठ पहर जो गतिशीलता ,युवा ऊर्जा एवं प्रगति का परिचायक है ,पर प्रकाश डाला। स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से नेतृत्व कौशल ,जीवन का सर्वांगीण विकास, सेवा भाव से किए जाने वाला रक्तदान शिविर ,वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, मद्यपान निषेध के प्रति जागरूकता अभियान इत्यादि कार्यों के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्य बोध का आवाहन किया व पर्यावरण के प्रति हमेशा सजग रह कर प्राकृतिक आपदा से मानवता और विश्व के प्रति अपने कर्तव्य निर्वहन हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर वृक्ष लगाने को कहा।

धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई १ के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ जयप्रकाश रविदास द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेको शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी, विद्यार्थी व स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### आज भाजपा आरएसएस की सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की देश सहित पूरे दुनिया में आलोचना हो रही है



**मधुबनी संवाददाता** । संसद के विशेष सत्र के अंतिम दिन 22 सितम्बर 2023 को बीजेपी सांसद रमेश विधूड़ी ने "बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली को" गुण्डा, लफंगा क्रिमिनल जैसी भाषा बोल कर गालियां दी, अपमानित करने का काम किया। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र कहाने वाले भारतीय संसद को कलंकित किया गया। विधूड़ी के पिछले कतार में बैठे डॉ हर्षवर्धन और रविशंकर प्रसाद विधूड़ी के गन्दे बातें अमर्यादित विचार सुन कर हंस हंस कर समर्थन कर रहे थे। अभी तक इस अपराधी सांसद विधूड़ी के खिलाफ भाजपा के गुलाम लोकसभा अध्यक्ष ने कोई कार्रवाई नहीं की है। प्रधानमंत्री मोदी भी इस सनकी सांसद के अपराधिक चरित्र पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इसका एक अर्थ यह भी हुआ कि प्रधानमंत्री एक रणनीति के तहत विपक्षी और क्षेत्रीय दलों के नेताओं को चेतावनी दी है। आने बाले समय में क्षेत्रीय दलों के ओबीसी एससी एसटी मैनरिटि वर्ग के सांसदों को इसी तरह संसद में भाजपा मोदीजी गाली-गलौज, गुण्डा-गर्दी करके अपमानित करेगा। इस का संकेत अपने सांसद के द्वारा दे दिया गया है। यदि मोदी सरकार के प्रायोजित एजेंडा के विपरित विधूड़ी ऐसा हरकत किया होता तो अभी तक वह सस्पेंड हो गया होता। ऐसे लोकसभा के अपराधी की सदस्यता समाप्ति की कार्यवाही की घोषणा मोदीजी कर दिए होते।इसे आजीवन चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित करने की पहल किया होता। उसकी सदस्यता समाप्ति की कार्यवाही चल गया होता। इस गुण्डा सांसद के खिलाफ सरकार की ओर से कार्रवाई नहीं करने के विरोध दानिश अली साहब को लोकसभा सदस्य से इस्तीफा दे देना चाहिए। साथ ही ओबीसी एससी एसटी मैनरिटि वर्ग के सभी सांसदों को अभी से सावधान हो जाना चाहिए। आने बाले बक्त में आपके भी साथ ऐसी गंदी हरकत गाली गलौज की जा सकती है। जिससे मजबूती के साथ परिस्थितियों से सामना करने केलिए मूलनिवासी भाईयों को अभी से तैयारी करनी चाहिए तभी आप लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्ष संविधान की हिफाज़त कर पायेंगे। राम सुदिष्ट यादव समाजवादी नेता बिहार।

### बिहार में अप्रशिक्षित शिक्षक संघ का गठन किया गया, इरफान आलम

**मधुबनी संवाददाता** । बिहार में लंबे समय से शिक्षा विभाग बिहार के अधिकारियों द्वारा अपनी नाकामी पर पर्दा डालने के लिए किसी तकनीकी कारण से या अवसर नहीं मिलने के कारण अप्रशिक्षित रह गए शिक्षकों को प्रताड़ित किया जा रहा है। कोर्ट के आदेश की ग़लत व्याख्या और आर टी ईसंशोधन एक्ट को ग़लत तरीके से प्रस्तुत कर बिहार केलगभग पांच हजार निरीह अप्रशिक्षित शिक्षकों को सेवा मुक्त कर उन शिक्षकों के परिवार पर बुल्डोजर चला दिया गया है।आज उन शिक्षकों के परिवार में घोर भुखमरी और समस्याएं हैं। शिक्षकों के मासूम बच्चे और बुजुर्ग माता-पिता भीख मांगने पर या आत्म सम्मान के लिए आत्म हत्या करने के लिए बाध्य कर दिए गए हैं। बिहार के न किसी शिक्षक संघ और न किसी राजनीतिक दल ने इन शिक्षकों का साथ नहीं दिया सिर्फ खानापूर्ति कर अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट डाल कर शिक्षकों के ज़ख्म पर नमक छिड़कने का काम किया है। बिहार के पीड़ित अप्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा लंबे समय के विचार विमर्श और भयानक अतीत से प्राप्त अनुभव के बाद क ई मीटिंग के बाद इस बात की आवश्यकता समझी गई कि बिहार के पीड़ित अप्रशिक्षित शिक्षकों का एक मजबूत संगठन बनाया जाए ताकि अप्रशिक्षित शिक्षक शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा बार बार प्रताड़ित होने और बहरूपिया हितैषी के छल से बच सके। बिहार के अप्रशिक्षित शिक्षकों की मीटिंग में ग्यारह सदस्यीय, बिहार अप्रशिक्षित शिक्षक संघ,का चुनाव सर्वसम्मति से सदस्य के रूप में चुना गया। संघ के सदस्यों द्वारा बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संघ का खाता बैंक में यथा शीघ्र खोलने की कार्रवाई किया जा ए ताकि पारदर्शिता बनी रहे। अंत में यह प्रस्ताव पारित किया गया कि बिहार के सभी पीड़ित अप्रशिक्षित शिक्षकों को एकजुट कर कोर्ट से कार्यालय तक संघर्ष का शंखनाद किया जा ए ताकि कोर्ट का सकारात्मक फैसला आने के बाद सेवा मुक्त अप्रशिक्षित शिक्षकों को जल्द से जल्द सेवा में वापस लाया जा सके।


### 87 वें शनिवार को हुआ मुफ्त साप्ताहिक भोजन वितरण



**मोतिहारी** । 23 सितंबर अशोक वर्मा छोटी सी कोशिश से बड़े बदलाव लाने का साप्ताहिक भोजन वितरण अभियान जारी है और जारी रहेगा। देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम सेवा परिषद और सीता देवी ओंकार नाथ जालान सेवा संस्थान ने मिलकर मिशन अन्नपूर्णा रसोई की एक मुहिम प्रत्येक शनिवार को निशुल्क भोजन वितरण कर सैकड़ो गरीबों के लिए उम्मीद की किरण बन गए हैं जिसका 87 वा आयोजन आज बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंदों असहायों टेंपो चालक रिक्शा चालक गरीबों आम जनों यात्रियों के बीच कराया गया। सोशल मीडिया पर इस मुहिम को देखकर पटना के शिक्षाविद आकाश गुप्ता उनकी धर्मपत्नी प्रीति गुप्ता ने मिशन अन्नपूर्णा रसोई के संचालक राम भजन से संपर्क कर इस मुहिम की सराहना करते हुए आज के आयोजन के सहयोगी बने! शिक्षाविद आकाश गुप्ता ने कहा कि यह सिर्फ सेवा नहीं है बल्कि लोगो के लिए जीने का सहारा है। कोई भी किसी भी हाल में हो कोई भेदभाव नहीं किया जाता है सभी को एक समान भरपेट पौष्टिक भोजन दिया जाता है मकसद सिर्फ एक है इंसानियत को बढ़ाना है और जरूरतमंदों की सेवा करना। मौके पर सेवा कार्य के लगातार सहयोगी सीता देवी ओंकारनाथ जालान सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष विनोद जालान, राजेंद्र जालान ,देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम के राम भजन ,शशि भूषण श्रीवास्तव ,विक्की कुमार ,रविंद्र कुमार ,मनोज कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

**अभियान** | विद्यार्थियों ने किया जॉब सीकर एवं जॉब प्रोवाइडर विषय पर डिबेट

# राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय ने किया स्वावलंबी जागरूकता अभियान का शुभारंभ




**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग** । स्थानीय राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, हजारीबाग में स्वदेशी जागरण मंच के तत्वाधान में स्वावलंबी भारत अभियान का प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय, भारत सरकार के वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी सह कार्यालय प्रभारी श्री सूरज कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के शिक्षकों श्री जय प्रकाश वर्मा सर, विक्रांत सर, शंकर दुबे सर, आफताब सर एवं संजीदा मैडम के द्वारा स्वदेशी, स्वावलंबन, उद्यमिता, स्व रोजगार आदि विषयों पर प्रकाश डालकर किया गया। शिक्षकों ने बताया कि देश ही नहीं पूरे विश्व में रोजगार की संभावनाएं सीमित हैं। कोई भी देश तभी विकसित बन सकता है जब देश में छोटे छोटे उद्यमों, उद्योगों से लेकर बड़े बड़े उद्योगों की स्थापना हो। देश के जीडीपी में मुख्य योगदान सर्विस सेक्टर एवं विनिर्माण का हो। अभी सरकार के द्वारा लोगों को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए जन धन योजना, मुद्रा लोन योजना जैसी कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। साथ ही बड़े बड़े उद्योगों के विकास के लिए सिंगल विंडो सिस्टम से सहयोग प्रदान किया जा रहा है। अभी देश में स्व रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। वक्त आ गया है कि आज के विद्यार्थी एवं युवापीढ़ी नौकरी के अलावा स्व रोजगार पर सोंचें। नौकरी खोजनेवाले के बजाय नौकरी देने वाला बनें। आज भी देश में प्रतिवर्ष खरबों रुपए का आयात सिर्फ चीन से किया जाता है जो टिकाऊ भी नहीं होते। क्या इन आयातित चीजों को देश में नहीं बनाया जा सकता है? बिल्कुल बनाया जा सकता है नवयुवकों में इच्छाशक्ति होनी चाहिए। शिक्षकों के संबोधन के बाद "जॉब सीकर एवं जॉब प्रोवाइडर" विषय पर डिबेट के लिए दो ग्रुप बनाकर डिबेट करवाया गया। विवेकानंद ग्रुप की अगुआई दीपक राम, शिवानी प्रकाश एवं सुजीत कुमार कर रहे थे तथा विनोबा भावे ग्रुप की अगुआई सालेहा नाज, मनोज कुमार एवं प्रमोद कुमार कर रहे थे।अंत में मुख्य अतिथि के द्वारा स्वदेशी, सहकारिता, स्वावलंबन एवं उद्यमिता पर प्रकाश डाला गया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुमन रंजन, निकिता, अभिषेक, शाइस्ता, खुशबू, प्रिया, उपेंद्र आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# केवटी के जीविका कार्यालय परिसर में रोज़गार-सह-मार्गदर्शन मेला का किया गया आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददता सुमित झा दरभंगा** । दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत जीविका द्वारा रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेला का आयोजन शनिवार को दरभंगा जिला के केवटी प्रखण्ड स्थित प्रखण्ड परियोजना क्रियान्वयन इकाई परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत-गान व राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके साथ ही जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका) डॉ. ऋचा गार्गी, प्रमुख सोनी देवी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सुश्री रुख़सार, प्रभारी थानाध्यक्ष अमृता सिंह, प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी जय प्रकाश मंडल, रोजगार प्रबंधक राहुल कुमार बिल्टू व केवटी प्रखण्ड के बीपीएम मंतोष कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। 5 वर्षों की लम्बी अवधि के बाद प्रखण्ड स्थित आयोजित इस रोजगार मेले में युवक-युवतियों की भीड़ उमर पड़ी! कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका) डॉ. ऋचा गार्गी ने जीविका दीदियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जीविका दीदी सरकार की योजनाओं को धरताल पर उतारने में अग्रिम भूमिका निभा रहीं हैं। स्वरोजगार हो या कोई सामाजिक कार्य सभी क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव ला रहीं है जीविका दीदीयाँ उन्होंने कहा कि आज उससे भी दो कदम आगे बढ़कर जीविका दीदियों ने विभिन्न कंपनियों को एक ही मंच पर उपस्थित कर क्षेत्र के युवा-युवतियों को रोजगार का सुनहरा अवसर उपलब्ध करवाया है प्रखंड प्रमुख सोनी देवी ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वर्षों बाद आयोजित इस रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेला का बढ़-चढ़ कर लाभ उठायें, अपने सभी साथियों को भी रोजगार मेला की सुचना तत्काल दें, जिससे कोई साथी इस अवसर के लाभ से चूक न जाय और अधिक से अधिक लोग इस का लाभ उठायें। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रुख़सार ने कहा कि जीविका की वजह से महिलाओं मे जागृति आई है। इससे सरकार की योजनाओं का लाभ उन तक पहुँच रहा है। बीपीआरओ जय प्रकाश ने कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों मे महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक बदलाव की वाहक बन रही जीविका अब रोजगार मेले का आयोजन कर युवाओं के लिए रोजगार का अवसर उपलब्ध करा कर उनका भविष्य उज्ज्वल बना रही है । जीविका के संचार प्रबंधक राजा सागर ने कहा कि रोजगार मेला शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार मुहैया करवाने के साथ साथ इच्छुक उमीदवारों को रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने व स्वरोजगार से जोड़ने का भी सशक्त माध्यम बन गया है। रोजगार प्रबंधक राहुल कुमार बिल्टू ने रोजगार मेले पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा यह कि बेरोजगार युवाओं को उनके रुचि के अनुसार रोजगार उपलब्धता का मंच है I उन्होंने जानकारी दी रोजगार मेला में कुल 630 युवाओं ने अपना निबंधन करवाया। इस मेले में कुल 14 कम्पनियों ने अपना स्टाल लगाया, जिसके अंतर्गत सीधी भर्ती के लिए कुल 411 अभ्यर्थियों व दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना में प्रशिक्षण हेतु कुल 40 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

## ख़ास ख़बर

### 2 के खिलाफ गैंगेस्टर के तहत हुई कार्यवाही

**शुभ भास्कर, बबुरी, चंदौली।** नवागत इंस्पेक्टर बबुरी अनिल पाण्डेय ने क्राइम कंट्रोल को लेकर 2 बदमाशों पर नकेल कसते हुए गैंगेस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही किया है। इस संदर्भ में इंस्पेक्टर अनिल ने बताया कि हम क्षेत्र में क्राइम कंट्रोल को लेकर काफी सख्त हैं। इसी के अंतर्गत 2 सक्रिय बदमाशों राजू मुशहर व सुनील मुशहर के खिलाफ गैंगस्टर के तहत कार्यवाही किया गया। ये दोनों बदमाश गैर जनपद वाराणसी, मिर्जापुर आदि स्थानों से गाड़ी को चुरा कर बिहार बेच कर अवैध धन उगाही का कार्य करते हैं।

### 'सम्मान विशेष' कार्यक्रम के अंतर्गत साफ सफाई की गई




**शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर।** आज सम्मान विशेष विद्यालय वार्ड नंबर 16 डीडीयू नगर चंदौली के परिषद में मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम भारत मिशन के अंतर्गत आज सम्मान विशेष विद्यालय के द्वारा लिंक रोड गलियों की सफाई की गई जिसके कार्यक्रम संचालक रोशन कुमार एवं रीमा सिंह के द्वारा किया गया, मध्य अवकाश के बाद अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया गया सभी लोगों ने अपनी अपनी वार्ता के माध्यम से सांकेतिक भाषा का उपयोग दैनिक जीवन ,एवं शैक्षिक गतिविधियों में किस प्रकार किया जाता है उसकी उपयोगिता के बारे में बताएं । कार्यक्रम की संचालिका श्रीमती पुष्पा कुशवाहा विशेष शिक्षक एवं शिक्षिकाएं प्रधानाचार्य एवं अन्य सहयोगिकरण उपस्थित रहे जी ार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संस्था के प्रबंधक डॉक्टर राम आधार जोसेफ जी ने बधाई दिए ।

### कौशलेंद्र विक्रम सिंह बने एडियो पंचायत



**चहनिया। चंदौली।** चहनियां स्थित खण्ड विकास कार्यालय पर तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह का प्रमोशन कर एडियो पंचायत बनाया गया है । जिसे लेकर ब्लाक कर्मियों में हर्ष ब्याप्त है । लोगो ने एडियो पंचायत को बधाई दी। चहनियां स्थित खण्ड विकास कार्यालय में कौशलेंद्र विक्रम सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी है । कुछ महीने ये यहां एडियो पंचायत प्रभारी भी रहे है । इनका प्रमोशन के दौरान ये एडियो पंचायत बनाये गये है । जिनकी नियुक्ति सोनभद्र जनपद में हुआ है । प्रमोशन की सूचना मिलने पर ग्राम पंचायत अधिकारीयो व ब्लाक कर्मियों में हर्ष ब्याप्त है । बधाई देने वालो में आनन्द यादव,जागृति यादव,ज्ञानेंद्र कुमार,मनोज कुमार,विद्या यादव,कमलेश यादव,प्रेम चन्द्र कनौजिया सभी ग्राम ग्राम पंचायत अधिकारी,ब्लाक कर्मी मनोज यादव,रविशंकर ,टिंकू सिंह,पवन शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

### पीडीडीयू नगर में अंधेरा होने के कारण पिकअप वाहन पलटा



**मुगलसराय।** कोतवाली क्षेत्र के सीतापुर मोड़ पर पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे एक बाइक सवार राघवेन्द्र तिवारी घायल हो गए। घटना आज शाम लगभग 07:30 की है। घायल राघवेन्द्र तिवारी जयपुरिया स्कूल डाड़ी के ताल में सुपरवाइजर के पोस्ट पर है कार्यरत जिसे मामूली चोट बताई गई फिलहाल ईलाज के लिए भेजा गया। पचफेड़वा स्थित संदीप कंस्ट्रक्शन से करकट लोड करके पिकअप वाहन को ड्राईवर मुकेश पुत्र श्यामचन्द्र सारनाथ वाराणसी जा रहा था। अंधेरा होने के कारण पहिया डिवाइडर पर चढ़ गया और वाहन पलट गया। मौके पर जुटी भीड़ ने ड्राइवर को पकड़ा,मोटर मालिक का हो रहा है इन्तजार, कहीं इस इंतजार की घड़ी में और न हो जाए कोई दूसरी घटना। लगता है पुलिस इस घटना से है अनजान।

### शहाबगंज ब्लॉक परिसर में बंदर का आतंक बीते दिनों में कई महिला बच्चों को किया जख्मी



**संवाददाता मो तसलीम, चंदौली।** शहाबगंज ब्लॉक परिसर व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कई दिनों से बंदर आतंक मचाए हुए है। बीते एक महीने में कई महिला बच्चों को काट कर जख्मी कर दिया है। बीते बुधवार की सुबह कस्बा निवासनी रामप्यारी देवी सुबह अपने घर के बाहर टहल रही थी तभी बंदरों ने दौड़ा लिया भागने के चक्कर में गिर गई जिससे उनके कूल्हे की हड्डी टूट गई कुछ दिन पहले विकास खण्ड के हडौरा प्रधानपति नित्यानंद खरवार सहित आधा दर्जन कर्मचारियों को काट लिया सबका प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज हुआ। शहाबगंज प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. निलेश मालवीय ने बताया कि पानी टंकी का पाईप बिजली तार तोड़ दे रहे हैं जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है सबसे ज्यादा डर गर्भवती महिलाओं को लेकर है किसी दिन भी बड़ी घटना घट सकती है। कस्बा निवासी सुरेंद्र मोदनवाल ने वन विभाग से बंदरों को पकड़कर जंगलों में छोड़ने की मांग की है ।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की मौत, दुपट्टे से लटका मिला शव



**शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर।** मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के कूड़ा बाजार चौकी अंतर्गत काली महाल कस्बे में एक किशोरी का दुप्पटे के सहारे फांसी पर लटकता शव मिलने का मामला प्रकाश में आया है। बता दें कि किशोरी का शव उसकी बहन के घर फंदे पर लटकता मिला है। किशोरी ने अपने हाथ पर खुदकुशी की वजह भी लिखी थी। शुक्रवार की देर शाम घटी घटना के बाद मौके पर पहुंचे उसके भाई ने शव को फांसी के फंदे से उतारकर आनन – फानन में निजी अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने निरीक्षण करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। देर रात होने के कारण संबंधित लोगों द्वारा बाडी को दफनाने से मना कर दिया गया। सूचना होते ही मौके पर शनिवार की सुबह पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। लोगों की माने तो पूरा मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस भी किशोरी के शव को कब्जे में लेकर हत्या और आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी है। विदित हो कि मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के काली महाल महल्ले के वार्ड नंबर 13 निवासी सनाउल्लाह हाशमी की पांच लड़कियां और चार लड़के हैं। रेशमा (17 वर्ष) सभी भाई बहनों में चौथे नंबर पर थी। परिजनों के अनुसार रेशमा घर के समीप ही रहने वाली अपनी बड़ी बहन के यहां आती – जाती थी। शुक्रवार की शाम भी रेशमा अपनी बहन शबनम के घर गई थी। शाम छह बजे के करीब शबनम के घर में दुप्पटे के सहारे फांसी के फंदे पर झूलती उसकी लाश देख शबनम ने इसकी सूचना अपने घरवालों को दी। मौके पर पहुंचे उसके भाई ने बहन के घर पर जाकर देखा तो हतप्रभ रह गया, रेशमा की दुप्पटे के सहारे लटकती लाश को उतार आनन फानन में अस्पताल ले गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।शव लेकर घर पहुंचे परिजन शव को दफनाने की प्रक्रिया में जुटे थे कि संबंधित लोगों ने रात होने के कारण शव को दफनाने से मना कर दिया। सुबह शव दफनाने की प्रक्रिया आरंभ ही थी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इस बाबत मुगलसराय कोतवाली निरीक्षक दीनदयाल पांडेय ने बताया कि बिना सूचना दिए ही शव को दफनाने की तैयारी हो रही थी, लिहाजा किशोरी की बाडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद जांच कर संवैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## पूर्व सैनिक बीएल फ़ौजी के भतीजे के निधन से गमसीन हुआ निधौरा गांव



**चहनियां।** मारूफपुर पुलिस चौकी अंतर्गत निधौरा गांव निवासी पूर्व सैनिक व समाजसेवी बीएल फ़ौजी के भतीजे जितेन्द्र यादव (32) के आकस्मिक निधन से निधौरा गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है। मालूम हो कि जितेंद्र यादव पुत्र रामाश्रय यादव को दिल की बीमारी थी, जिसका इलाज बीएचयू में महीनों से चल रहा था। जितेंद्र की हालत बेहतर होने पर डॉक्टरों ने परिजनों को घर ले जाने की सलाह दी। शुक्रवार को घर पर ही जितेंद्र की हालत पुनः बिगड़ गई, जिस पर घर वालों ने उसे अस्पताल ले जाने की व्यवस्था कर ही रहे थे कि जितेंद्र का निधन हो गया। जितेंद्र के आकस्मिक निधन की खबर क्षेत्र में जंगल मे आग की तरह फैल गई। शनिवार को बीएल फौजी के निधौरा स्थित आवास पर सैकड़ों की संख्या में संभ्रांत लोगों ने पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त की। जिनमें प्रमुख रूप से सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण यादव, जिला पंचायत सदस्य रविन्द्र यादव, चहनियां प्रधान धर्मेंद्र यादव, भोला यादव, रविन्द्र कुमार यादव, नंदलाल यादव, सुरजीत नेता, फजल, आकाश विधायक, प्रेमचंद पप्पू, तौकीर अहमद, बिरहा गायक बालचरन यादव, रामजन्म यादव आदि लोग शामिल रहे।

## हर्षोउल्हास के साथ तीन दिवसीय गणेश उत्सव का हुआ समापन



**चन्दौली/डीडीयू नगर।** आज श्री गणेश चतुर्थी के समापन पर न्यू महाल निवासी सुधीर भास्कर राव पाण्डेय के आवास पर भगवान श्री गणेश की आरती की गई उपस्थित सभी भक्तगढ़ ने भगवान श्री गणेश की आरती करते हुए सुखमन जीवन के लिए प्रार्थना किया। कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर गीत संगीत का आयोजन किया गया जिसमे की श्रुति पाण्डेय ने भगवान श्री गणेश जी की भजन जय गणपति वंदन गणनायक गा कर शुभारम्भ किया अगले क्रम में परिमलचंद रॉय ने गाइए गणपति जग वंदन की प्रस्तुति किया तत्पश्चात दिव्यांशी शर्मा ने गणपति नमोनमः की भजन गाया साथ ही तनिषा ने एक दंत ताया वक्र टुंडाय पर नृत्य प्रस्तुत किया ,मारुति नंदन जी ने जय रघुनंदन जय शियाराम की सुन्दर भजन गाया। ढोलक पर चार्ल्स डेविड ,हरमोनियम पर परिमल चंद रॉय,धर्म प्रकाश जी ने राधे तेरी चरणों की धूल मिल जाए भजन प्रस्तुत किया। इस तरह से आज भगवान के सम्मुख सभी कलाकारों ने अपनी अपनी हाजरी लगाई। तत्पश्चात भगवान श्री गणेश को विसर्जन हेतू न्यू महाल से मानसरोवर तालाब लाया गया और एक बार पुनः आरती कर मूर्ति का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर सुधीर भास्कर राव पाण्डे, अर्चना पाण्डे,श्रुति पाण्डे,प्रशान्त बोरवणकर,सुषमा पाण्डेय,शरद चन्द्र मिश्र,प्रमिला मिश्रा,नीता बोरवणकर,अनिल प्रकाश सिंह, उर्मिला सिंह, धर्मेंद्र,दिव्यांशी शर्मा,अदिति शर्मा,कृष्णा अग्रवाल, विजय प्रताप ,सूरज कुमार, आदित्य,मोनिका शर्मा,राजीव श्रीवास्तव, मनोज पाठक, साक्षी, राज कुमार राजपूत, गायत्री जी निवेदिता,सक्षम, मीता रॉय,संजय शर्मा सहित रंजीत कुमार निरीक्षक प्रभारी आरपीएफ मानस नगर अपने सहयोगियों के साथ उपस्थित रहें ।

# राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**चहनियां। चंदौली।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत चहनियां स्थित खण्ड विकास सभागार में शनिवार को सीडीपीओ मीना गुप्ता के देखरेख में एनीमिया कैंप व गतिविधियों का आयोजन किया गया । कैंप में बाल विकास विभाग,शिक्षा विभाग,स्वास्थ्य विभाग आदि द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई । कैंप का अवलोकन खंड विकास अधिकारी चहनियाँ दिव्या ओझा एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 रितेश कुमार द्वारा किया गया । कैंप में स्कूल जाने वाली एवं न जाने वाली किशोरियों का स्वास्थ्य परीक्षण और एनीमिया की जांच की गई। कैंप में उपस्थित किशोरियों एवं अन्य महिलाओं को एनीमिया के उपचार एवं उससे बचाव हेतु बताया गया।कैम्प में पांच गर्भवती महिलाओं सरोज,रिंकी,अनिता,गुंजा का गोदभराई किया गया । शिवांश ,शिवांगी,ताशवी,दिव्यांशी आदि बच्चो का अन्नप्रासन हुआ । 40 किशोरी बालिकाओं का एनीमिया जांच कराया गया । पांच किशोरीयो को पोषण सेनानी बनाया गया । किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी पैड का वितरण हुआ । वही चार एनआरसी संदर्भित बच्चे जो स्वस्थ्य हुए है उन्हें सम्मानित किया गया । इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी ने कहा कि आज सरकार द्वारा हर विभागों में बिभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है । जो समय समय पर कार्यक्रम कराकर लोगो को लाभ प्रदान किया जा रहा है । इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 रितेश कुमार,राकेश कुमार,लालिमा पाण्डेय,विजया देवी,इंद्रा मिश्रा,सरोज देवी,शशिबाला ,बन्दना,रेखा देवी आदि उपस्थित थी ।

### सहायक अध्यापिका को पीएचडी की उपाधि



**चहनिया, चंदौली।** बंशीपुर प्राथमिक बिद्यालय की शिक्षिका प्रज्ञा सिंह को गाज़ियाबाद में गत दिनों पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया । इसे लेकर प्राथमिक बिद्यालय पर शनिवार को शिक्षिका को अध्यापकों ने भी सम्मानित किया । चहनियां की रहने वाले डा राजेन्द्र प्रताप सिंह की पुत्री प्रज्ञा सिंह बंशीपुर स्थित प्राथमिक बिद्यालय पर सहायक अध्यापक है । विगत दिन गाजियाबाद के इंडिया हैवीटेट सेंटर पर मैरी लैण्ड विश्वविद्यालय यूएसए के तरफ से डा पीके राजपूत व दीपिका जोशी ने शिक्षा में उत्क्रीष्ट योगदान के लिये प्रज्ञा सिंह को पीएचडी के मानद उपाधि से सम्मानित किया । जिसे लेकर क्षेत्र में हर्ष ब्याप्त है । शनिवार को बंशीपुर प्राथमिक बिद्यालय में सहायक अध्यापिका को बिद्यालय परिवार ने सम्मानित किया । इस दौरान सपना यादव,पूजा साहनी,नन्द किशोर यादव,प्रधान विजय कुमार,विकास गुप्ता,पूनम देवी,प्रेमा देवी,सरोज देवी,उषा मिश्रा आदि उपस्थित रहे ।

### जिले के डॉ आनंद श्रीवास्तव व अपूर्व जी कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक मोटरसाइकिल से करेंगे 15 दिवसीय यात्रा



**पीडीडीयू/चंदौली।** दिन शनिवार को प्रातः 8 बजे को क्रीड़ा भारती काशी प्रान्त के अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव, प्रान्त उपाध्यक्ष वीरेन्द्र नाथ उपाध्याय, प्रान्त मन्त्री दिनेश जायसवाल व अन्य गणमान्य जनों ने क्रीड़ा भारती चन्दौली के जिला अध्यक्ष डॉ आनन्द श्रीवास्तव जी व सदस्य अपूर्व जी को पड़ाव स्थित प० दीनदयाल उपाध्याय स्मृति उद्यान पर पावन खिण्ड की पवित्र मिट्टी का कलश व साथ मे काशी की पवित्र मिट्टी प्रदान कर मोटरसाइकिल से कश्मीर से कन्याकुमारी की साहसिक यात्रा का झण्डी दिखा कर रवाना किया गया। ये दोनों क्रीड़ा भारती के कार्यकर्ता कश्मीर से कन्याकुमारी तक 15 दिवसीय यात्रा में छत्रपति शिवाजी महाराज की शौर्य गाथा व पावन खिण्ड दौड़ के पीछे हिंदवी स्वराज के लिए साहस, त्याग, बलिदान, की गाथा का वर्णन करेंगे व मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत कई स्थानों की मिट्टी साथ लेकर आयेंगे व काशी प्रान्त में होने वाली पावन खिण्ड दौड़ के पूर्व समस्त जगहों की मिट्टी समर्पित करेंगे।

### लाखों रूपये मूल्य के कीमती आभूषणों सहित नकदी पर चोरों ने किया हाथ साफ

**सैयदराजा(चंदौली)।** थाना क्षेत्र के खेदाई नरायनपुर गाँव में शुक्रवार की रात्रि में महेन्द्र यादव नामक व्यक्ति के निर्माणाधीन मकान के जंगला में लगे ईट को हटाकर उसमें रखा बक्सा एवं अटैची को तोङकर उसमें रखा लाखों रूपये मूल्य के कीमती आभूषणों सहित आठ हजार रूपये नकदी पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। भुक्तभोगी ने लिखित सूचना पुलिस को दे दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। भुक्तभोगी महेन्द्र यादव ने लिखित तहरीर में बताया कि गाँव में मेरे निर्माणाधीन मकान के जंगला को ईट से बंद किया गया था। जिसे चोरों ने हटाकर मकान में घुसकर उसमें रखा मेरी पत्नी प्रभावती देबी तथा पुत्री किरन का बक्सा एवं अटैची तोड़कर उसमें रखा लाखों रू0 मूल्य के कीमती आभूषणों कन फूल,सिकडी,अंगूठी,करधनी,मंगलसूत्र,नथिया,कंगन आदि सहित आठ हजार रू0 नकदी पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया । जब परिजन जगे तो घर में सामानों को विखरा देखा तो अवाक रहे गये। घटना की लिखित सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गयी है।



### लगातार मुकदमाती मालों का निस्तारण किया जा रहा



**चन्दौली।** आज दिनांक 22/09/2023 को थाना सैयदराजा पर आबकारी अधिनियम तथा गोवध निवारण अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत विभिन्न मुकदमों में जब्त किए गए वाहनों को नीलाम किया गया। जिसमें ट्रक, कंटेनर, डीसीएम, पिकअप, स्कॉर्पियो, क्रेटा, वेगनआर, सफारी, ऑटो तथा मोटरसाइकिल सहित कुल 41 वाहनों की नीलामी की गई। यह प्रक्रिया पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा चलाए जा रहे माल निस्तारण अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में नायब तहसीलदार सदर, आर आई परिवहन, आबकारी निरीक्षक तथा प्रभारी निरीक्षक सैयदराजा की उपस्थिति में नियमानुसार सम्पादित कराई गई। उक्त नीलामी में कुल 34 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिस दौरान कुल 41 वाहनों से लगभग एक करोड़ पचास लाख रूपए (वस्तु एवं सेवा कर सहित) में नीलाम हुए।

खेलकूद | पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुरतापुर में विकास खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# खेलकूद में बच्चो ने दिखाया दमखम



**चहनियां। चंदौली।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुरतापुर में विकास खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक वीरेंद्र सिंह यादव ने किया । विकास खंड चहनिया के विभिन्न संकुल में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से विकास खंड चहनिया के चयनित छात्र-छात्राओं को जनपद स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया । पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुरतापुर में बैडमिंटन और वॉलीबॉल की प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।।कुश्ती में शुभम राय 29 किलो, विनीत यादव 26 किलो ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । प्राथमिक वर्ग कुश्ती में शुभम मौर्य 34 किलो और रितेश कुमार ने 26 किलोग्राम में प्रथम स्थान प्राप्त किया । साहिल कुमार 42 किलोग्राम में तथा किशन कुमार 49 किलोग्राम में प्रथम स्थान प्राप्त किया । कबड्डी में प्राथमिक विद्यालय बछौली के बालक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा बालिका प्राथमिक विद्यालय रमौली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । पूर्व माध्यमिक विद्यालय बछौली ने कबड्डी प्रतियोगिता में बालक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा बालिका ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया । सकलडीहा क्षेत्राधिकारी राजेश राय एवं खंड शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार चतुर्वेदी ने विजेता छात्र-छात्राओं पुरस्कृत किया तथा उन्हें जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी । प्रतियोगिता में खेल अनुदेशक गौतम लाल, ममता रानी गुप्ता ,मंजू देवी, राजेश कुमार यादव, रोशन प्रकाश, अखिलेश त्रिपाठी बृजेश कुमार, प्रवीण सिंह, अमृतलाल, बसंत लाल विश्वकर्मा, ओमप्रकाश, प्रवीण कुमार त्रिपाठी ,मनोज कुमार सिंह, नीलम ,कुसुम ,अनिल, सुरेंद्रनाथ त्रिपाठी सहित विभिन्न विद्यालयों के खेल शिक्षक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कौशल्या देवी ने किया तथा संचालन खेल प्रशिक्षक गौतम लाल ने किया।

# पंचायत भवन के लिए भूमि की पक्की पैमाइश जारी





**सैयदराजा।** क्षेत्र के बरहनी ब्लाक अंतर्गत खेदाई नारायणपुर गांव में कई वर्षो से अधर मे लटके पंचायत भवन का निर्माण का मामला अब बनने की आस में दिख रहा है प्रशासन द्वारा पंचायत भवन के भूमि के लिए सरकारी जमीन की पक्की पैमाई शुरू की गई है जिसकी प्रक्रिया अभी जारी है इस बाबत प्रधान शैलेंद्र यादव ने ने बताया कि पंचायत भवन न बनने से गांव के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था इस मामले को लेकर हम लोगों ने तहसील दिवस पर व जिलाधिकारी कार्यालय पर आला अधिकारियों को अवगत कराया था जिस पर गांव में लोगों ने ग्राम प्रधान शैलेंद्र यादव के खूब सराहना की कुछ लोगों ने भूमि पैमाइश को लेकर आपत्ति जताई जिस पर कानूनगो अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि पंचायत भवन जमीन के लिए भूमि की पक्की पैमाइश के लिए ग्राम प्रधान शैलेन्द्र यादव व कुछ लोगों द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसने कहा गया था कि पंचायत भवन न बनने की वजह से हम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है पंचायत भवन अगर जल्द से जल्द बन जाएगा तो हम लोगों के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा जानकारी के अनुसार हम लोग सरकारी जमीन की पैमाइश कर रहे हैं क्योंकि प्रशासन द्वारा पंचायत भवन के लिए जमीन को आवंटित कर शीघ्र ही निर्माण कार्य कराया जाने का प्रावधान किया गया है जिसकी पैमाइश जारी है बहुत जल्द ही बरहनी ब्लॉक अंतर्गत खेदाई नारायणपुर गांव की पंचायत भवन जमीन की पक्की पैमाइश को सोमवार तक पूरी कर ली जाएगी इस दौरान मौके पर लेखपाल भावना सिंह दाढ़ी यादव आदि गांव के कई लोग मौजूद रहे?

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।